हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, शुक्रवार 24 अक्टूबर 2025

बैंक अकाउंट में अब 4 नॉमिनी की सुविधा, नया नियम 1 से



नई दिल्ली। बैंक कस्टमर अब अपने खाते में चार नॉमिनी जोड़ पाएंगे और ये भी तय कर पाएंगे कि किसे कितना हिस्सा मिलेगा और किसे पहले प्राथमिकता दी जाएगी। ग्राहक अपनी सुविधा के हिसाब से खाते में एक-एक करके या चारों नाम एक ही साथ जोड़ पाएंगे। सरकार ने बैंकिंग सिस्टम में क्लेम के एक समान और आसान निपटारे के लिए ये व्यवस्था शुरू की है। सेफ कस्टडी में रखी चीजों ▸▸ शेष पेज 4 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

फर्जी टीटीई बनकर की वसूली, गिरफ्तार



ग्वालियर। ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर एक सेना का जवान फर्जी टीटीई बनकर ट्रेन में यात्रियों से पैसे वसूलते पकड़ा गया। यह पूरा मामला झेलम एक्सप्रेस का है, जो झांसी से ग्वालियर की ओर जा रही थी। जवान का नाम कमल पांडे है। एक यात्री ने वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर डाल दिया। आरपीएफ की टीम ने ग्वालियर में उसे पकड़ लिया।

मुंबई के बहुमंजिला इमारत में लगी आग



मुंबई। मुंबई के जोगेश्वरी पश्चिम इलाके में जेएमएस बिजनेस सेंटर में गुरुवार को भीषण आग लग गई। दमकल विभाग ने आग पर काबू पा लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इमारत में आग सुबह करीब 11 बजे का आसपास लगी थी। आग लगने के बाद इमारत के अंदर कई लोग फंस गए थे। इमारत के दूसरे हिस्से में 10-15 लोग फंसे हुए थे। जिन्हें सुरक्षित बचा लिया गया।

अगले सीजेआई की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू



नई दिल्ली। सीजेआई बीआर गवई के बाद देश का अगला चीफ जस्टिस कौन होगा, इसकी प्रक्रिया केंद्र सरकार ने शुरू कर दी है। सीजेआई गवई 23 नवंबर को रिटायर हो रहे हैं। इससे पहले तक नए सीजेआई के नाम का चयन हो जाना है। जस्टिस सूर्यकांत अगले सीजेआई के रेस में हैं और उनका बनना लगभग तय है। गवई के बाद जस्टिस सूर्यकांत रेस में आगे हैं।


किसानों ने अर्धनग्न हो ट्रैक्टर रैली निकाली



बुरहानपुर। किसानों ने केले की फसल का बीमा और एमएसपी की मांग को लेकर अर्धनग्न होकर जमकर प्रदर्शन किया। किसानों ने खकनार क्षेत्र से अर्धनग्न होकर ट्रैक्टरों की एक विशाल रैली निकाली। इस दौरान जिला प्रशासन के खिलाफ भी जमकर नारेबाजी की गई। आरोप था कि केले की फसल बीमा योजना में भारी अनियमितता हो रही है।



प्रभुराम चौधरी
उपाध्यक्ष



राहुल कोठारी
महामंत्री



शैलेंद्र बरुआ
उपाध्यक्ष



अखिलेश जैन
कोषाध्यक्ष



आशीष अग्रवाल
मीडिया प्रभारी



लता वानखेड़े
महामंत्री



मनीषा सिंह
उपाध्यक्ष



संगीता सोनी
मंत्री


प्रदेश भाजपा अध्यक्ष का कार्यभार संभालने के पूरे 112 दिन बाद हेमंत खंडेलवाल ने घोषित की अपनी कार्यकारिणी

नई टीम में 4 महामंत्री, 9-9 उपाध्यक्ष-मंत्री, पिछली कार्यकारिणी में थे 14-14 उपाध्यक्ष, 5 महामंत्री

हेमंत की 'स्मार्ट टीम'

- कार्यालय मंत्री बदले गए, राघवेंद्र शर्मा की जगह श्याम महाजन
- कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन और मीडिया प्रभारी आशीष ऊषा अग्रवाल बरकरार
- लता वानखेड़े, सुमेर सोलंकी, राहुल कोठारी और गौरव रणदिवे बने महामंत्री

- कार्यकारिणी के साथ की गई भाजपा के चार मोर्चा अध्यक्षों की भी घोषणा
- नई कार्यकारिणी में 13 पदाधिकारी पिछली टीम से दोबारा शामिल किए गए
- नई टीम में 7 महिलाओं को भी प्रतिनिधित्व दिया गया



16
नए कार्यकर्ताओं को स्थान मिला



हेमंत की टीम इसलिए है छोटी...

विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष का कार्यभार संभालने के पूरे 112 दिन बाद हेमंत खंडेलवाल ने पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के अनुमोदन के बाद गुरुवार को अपनी टीम घोषित कर दी। पहले की तुलना में यह टीम काफी छोटी है। इसमें 4 महामंत्री और 9-9 उपाध्यक्ष एवं मंत्री बनाए गए हैं।

महामंत्रियों में दो सांसदों लता वानखेड़े और सुमेर सिंह सोलंकी को जगह मिली है। ये दोनों प्रदेश अध्यक्ष के भी दावेदार रहे हैं। इनके साथ इंदौर में जिलाध्यक्ष रहे गौरव रणदिवे और राहुल कोठारी को भी महामंत्री बनाया गया है। उन्हें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नजदीक होने का लाभ मिला है। वानखेड़े और कोठारी पुरानी टीम में मंत्री रहे हैं। खंडेलवाल ने पहले उपाध्यक्ष रहे श्याम महाजन को कार्यालय मंत्री का दायित्व सौंपा है। इस पद पर राघवेंद्र शर्मा थे। उनकी छुट्टी कर दी गई है। कोषाध्यक्ष और मीडिया प्रभारी के पद पर अखिलेश जैन और आशीष ऊषा अग्रवाल को बरकरार रख कर इन पर फिर भरोसा जताया गया ▸▸ शेष पेज 4 पर

संभवतः उपाध्यक्ष और मंत्री के कुछ पद खाली रखे गए हैं

हेमंत खंडेलवाल की टीम इसलिए छोटी है क्योंकि पिछली कार्यकारिणी में 14-14 उपाध्यक्ष और 5 महामंत्री थे जबकि इस बार 9-9 उपाध्यक्ष और 4 महामंत्री बनाए गए हैं। हालांकि, बताया जा रहा है कि प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने उपाध्यक्ष और मंत्री के कुछ पद खाली रखे हैं, ताकि भविष्य में संगठनात्मक जरूरत और संतुलन के अनुसार नए चेहरों को अवसर दिया जा सके। नई कार्यकारिणी में 13 पदाधिकारी पिछली टीम से दोबारा शामिल किए गए हैं। 16 नए कार्यकर्ताओं को स्थान मिला है। नई टीम में 7 महिलाओं को भी कार्यकारिणी में प्रतिनिधित्व दिया गया है।

हेमंत ने सबसे कम वक्त में घोषित की कार्यकारिणी

कांग्रेस सहित विपक्ष इस बात के लिए हेमंत खंडेलवाल की आलोचना कर रहा था कि सौ दिन से ज्यादा का समय गुजर जाने के बावजूद वे अपनी कार्यकारिणी नहीं घोषित कर पा रहे हैं। इसके लिए भाजपा के अंदर गुटबाजी को वजह बताया जा रहा था। जबकि इससे पहले वीडी शर्मा को कार्यकारिणी बनाने में 10 माह 28 दिन, स्व.नंदकुमार सिंह चौहान को 7 माह 5 दिन, और स्व.प्रभात झा को 4 माह 6 दिन का समय लगा था। राकेश सिंह ने तो पूर्व कार्यकारिणी के साथ ही काम चलाया था। खंडेलवाल की कार्यकारिणी सबसे कम समय में घोषित हो गई।

उपाध्यक्ष पद पर एक यथावत, एक की पदोन्नति

कार्यकारिणी के 9 उपाध्यक्षों में कांतिदेव सिंह को यथावत रखा गया है जबकि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया खेमे के पूर्व विधायक रणवीर रावत पिछली कार्यकारिणी में महामंत्री थे, अब उपाध्यक्ष बनाए गए हैं। उपाध्यक्ष पद पर विधायक मनीषा सिंह की पदोन्नित हुई है, पुरानी टीम में वे मंत्री थीं। इनके अलावा 6 नए उपाध्यक्ष बनाए गए हैं। इनमें प्रभुराम चौधरी, शैलेंद्र बरुआ, नंदिता पाठक, सुरेंद्र शर्मा, निशांत खरे और प्रभुलाल जाटव शामिल हैं। प्रभुराम चौधरी सिंधिया खेमे से हैं। वे इस बार मंत्रिमंडल में जगह नहीं पा सके थे। नंदिता पाठक नाना देशमुख से जुड़े रहे भरत पाठक की पत्नी हैं और समाजसेवा का काम करती हैं। निशांत खरे मध्य प्रदेश युवा कल्याण आयोग में अध्यक्ष रहे हैं और प्रभुराम जाटव मुख्यमंत्री के कोटे से हैं। शैलेंद्र बरुआ ने लंबे समय तक संभागीय संगठन महामंत्री का दायित्व संभाला है।

चार मंत्रियों को फिर मिला मौका, 5 नए चेहरे

टीम में शामिल 9 मंत्रियों में 4 को फिर मौका मिला है। इनमें रजनीश अग्रवाल, लोकेंद्र पाराशर, जयदीप पटेल और क्षितिज भट्ट शामिल हैं। मंत्री बनाए गए नए चेहरों में संगीता सोनी, राजेंद्र सिंह, अर्चना सिंह, राजो मालवीय और बबीता पवार शामिल हैं। राजेंद्र सिंह लंबे समय तक कार्यालय मंत्री का काम देखते रहे हैं। अर्चना सिंह छतरपुर की महापौर रही हैं। विधानसभा चुनाव में वे छतरपुर से दावेदार थीं। राजो मालवीय पार्टी की प्रवक्ता और महिला मोर्चा में पदाधिकारी रह चुकी हैं।

महिला वनडे वर्ल्ड कप 2025 | सेमीफाइनल में पहुंची भारतीय टीम न्यूजीलैंड को 53 रनों से दी मात

एजेंसी ▸▸ नवी मुंबई

आईसीसी महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 के मैच नंबर-24 में गुरुवार को भारतीय टीम का सामना न्यूजीलैंड से हुआ। नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स एकेडमी में हुए इस मुकाबले में भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड को 53 रनों से हरा दिया। इस जीत के साथ ही भारत ने सेमीफाइनल में जगह बना ली। बारिश के चलते न्यूजीलैंड की इनिंग्स को 44 ओवर्स का कर दिया गया था, जहां उसे 325 रन बनाने थे। लेकिन कीवी टीम 8 विकेट पर 271 रन ही बना सकी। ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका और इंग्लैंड पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुका है।



स्मृति मंधाना-प्रतीका रावल ने जड़े शतक



प्रतिका ने 134 गेंदों में 13 चौके और 2 छक्कों की मदद से 122 रन स्कोर किए। वहीं मंधाना ने 95 गेंदों में 10 चौके और 4 छक्के लगाकर 109 रन बनाए। दोनों ने पहले विकेट के लिए 212 (201 गेंद) रनों की साझेदारी की, जिसकी बदौलत टीम 340 के बड़े टोटल तक पहुंच सकी। ▸▸ पढ़ें पेज 11 भी

ऋषिकेश में लगातार चल रही थी सर्चिंग

पुल से 15 किमी दूर बांध से शव बरामद किया गया | निवाड़ी के सॉफ्टवेयर इंजीनियर का सात दिन बाद मिला शव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ निवाड़ी



निवाड़ी के पृथ्वीपुर निवासी सॉफ्टवेयर इंजीनियर हेमंत सोनी का शव ऋषिकेश से करीब 15 किलोमीटर दूर एक बांध से बरामद किया गया है। हेमंत 16 अक्टूबर 2025 की रात मोबाइल पर बात करते हुए निर्माणाधीन बजरंग सेतु पुल से गंगा में गिर गए थे। सात दिनों की तलाश के बाद गुरुवार को उनका शव मिला है। घटना 16 अक्टूबर 2025 की रात की है। दरअसल, हेमंत अपने दोस्तों के साथ ऋषिकेश घूमने गए थे। हादसे के बाद लगातार रेस्क्यू अभियान चलाया गया, लेकिन हेमंत का कोई सुराग नहीं मिल पाया था। हेमंत के परिजनों ने हादसे के बाद ▸▸ शेष पेज 4 पर

प्लेटफॉर्म पर गैरकानूनी कंटेंट मिलने पर इंटरमीडियरी को इसे 36 घंटे में हटाना होगा

केंद्र सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम (आईटी एक्ट) 2000 में संशोधन किया

ऑनलाइन कंटेंट पर 'नियंत्रण' के लिए 15 नवंबर से लागू होगी नई गाइडलाइन

इंटरमीडियरी गाइडलाइंस और डिजिटल मीडिया एथिक्स कोड 2021 में बड़े बदलाव | आईटी रूल्स 2021 के रूल 3(1)(डी) को पूरी तरह से बदल दिया गया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम (आईटी एक्ट) 2000 में संशोधन करते हुए इंटरमीडियरी गाइडलाइंस और डिजिटल मीडिया एथिक्स कोड 2021 में बड़े बदलावों की घोषणा की है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा जारी नई अधिसूचना के तहत यह संशोधन 15 नवंबर 2025 से प्रभावी होगा। अधिसूचना के अनुसार आईटी रूल्स 2021 के रूल 3(1)(डी) को पूरी तरह से बदल दिया गया है। सरकार ने यह कदम देश की संप्रभुता, अखंडता, राज्य की ▸▸ शेष पेज 4 पर



कार्रवाई में कानूनी आधार व अधिनियम भी बताया जाएगा

किसी भी लिखित सूचना में यह विवरण साफ-साफ बताया जाएगा कि किस कानूनी आधार और अधिनियम की धारा के तहत कार्रवाई की जा रही है, किस प्रकार का अवैध कार्य हुआ है और किस यूआरएल या डिजिटल लिंक को हटाना या ब्लॉक करना है। यह समीक्षा संबंधित विभाग के सचिव स्तर के अधिकारी द्वारा की जाएगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी आदेश आवश्यक, संतुलित और कानून की भावना के अनुरूप हैं। किसी भी लिखित सूचना में यह विवरण ▸▸ शेष पेज 4 पर



दीपावली की कार्तिक यम द्वितीया पर श्रद्धालुओं ने लिया आशीर्वाद

भगवान चित्रगुप्त की पूजा के बाद प्रसाद के साथ बांटी कलम, छप्पन भोग लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दीपावली की कार्तिक यम द्वितीया (दूज) पर गुरुवार को चित्रगुप्त मंदिर में भगवान चित्रगुप्त जी महाराज का जन्मोत्सव भक्ति भाव के साथ मनाया गया। कायस्थ समाज के लोगों द्वारा मंदिर में छप्पन भोग लगाकर कलम दवात की पूजा अर्चना की गई।

गुरुवार की सुबह से राजधानी के जवाहर चौक, साकेत नगर, लालघाटी नेवरी स्थित चित्रगुप्त धाम मंदिर, कोटरा राम-जानकी व चित्रगुप्त मंदिर 1100 क्वार्टर, भवानी धाम फेस 2 सहित अन्य चित्रगुप्त मंदिरों में सुबह से ही समाज बंधुओं का आना प्रारंभ हो गया था। चित्रगुप्त जयंती के अवसर पर मंदिर में हवन यज्ञ एवं आरती के साथ चित्रगुप्त महाराज एवं कलम दवात की पूजा की गई।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं, बालक-बालिकाएं और पुरुष वर्ग के लोगों ने पूजा अर्चना कार्यक्रम में अपनी सहभागिता निभाई। सभी ने समृद्धि के साथ शिक्षा, ज्ञान व संस्कारों में वृद्धि के लिए प्रार्थना की। मंदिरों में प्रसाद के साथ कलम का वितरण भी किया। मां चामुंडा दरबार भोपाल पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि दीपावली का पांच दिवसीय त्योहार भगवान चित्रगुप्त पूजन व भाई दूज के साथ समापन हो गया। गुरुवार को भाई दूज का त्योहार व भगवान चित्रगुप्त जी की पूजा का विधान रहता है। इस दौरान कलम दवात भगवान चित्रगुप्त जी की पूजा की गई।


भवानी धाम चित्रगुप्त मंदिर

कलम दवात की पूजा हुई

राजा किशन राम पार्वती बाई ट्रस्ट नेवरी एवं अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की ओर से नेवरी मनकामेश्वर महादेव मंदिर में भगवान चित्रगुप्त का अभिषेक, आरती और कलम दवात की पूजा की गई। इस मौके पर भगवान को छप्पन भोग लगाया गया।

ज्ञान, कर्म का प्रतीक है यह पर्व

श्री राम जानकी चित्रगुप्त मंदिर (चित्रगुप्त नगर, कोटरा) में दोपहर 12 बजे आयोजित हुआ। इस अवसर पर ओपी श्रीवास्तव, राजेश वर्मा, दीप श्रीवास्तव, पंकज कुलश्रेष्ठ, डॉ. शैलेन्द्र निगम सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे। समाज के प्रचार सचिव दीप श्रीवास्तव ने बताया कि भगवान चित्रगुप्त का यह पर्व समाज में ज्ञान, कर्म और एकता का प्रतीक है। उन्होंने आयोजन में शामिल सभी कायस्थ बंधुओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में हवन-पूजन के साथ कलम-दवात वितरण किया गया। उपस्थित समस्त बंधुओं को प्रसाद के साथ कलम वितरित की गई।

बहनों ने लगाया तिलक

चित्रगुप्त मंदिर में भगवान चित्रगुप्त की पूजा कर सैकड़ों दीप प्रज्ज्वलित किए गए। दूसरी ओर भाई दूज पर्व पर बहनों ने भाइयों को तिलक कर उनकी आरती उतारी और भगवान से उनके दीर्घायु होने की प्रार्थना की।

रामजानकी चित्रगुप्त मंदिर में 75 प्लस वरिष्ठ जनों का सम्मान



भोपाल। रामजानकी चित्रगुप्त मंदिर में भगवान चित्रगुप्त की विशेष पूजा-अर्चना एवं हवन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम ईरावती चित्रगुप्त संस्कृति एवं सामाजिक न्यास के द्वारा आयोजित किया गया। साथ ही कार्यक्रम में 75 से अधिक वरिष्ठ जनों का सम्मान भी किया गया।

कायस्थ समाज ने कलम-दवात के साथ भगवान चित्रगुप्त की विशेष पूजा-अर्चना कर किया दीपदान



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

चित्रगुप्त समाज भोपाल के तत्वावधान में दीपावली के शुभ अवसर पर होने वाली दूज के पावन पर्व पर श्री चित्रगुप्त भगवान की विशेष पूजा अर्चना का आयोजन गुरुवार को जवाहर चौक स्थित चित्रगुप्त मंदिर में किया गया।

पंडित कृष्ण गोपाल शर्मा के निर्देशन में वरिष्ठ समाजसेवी किशोर कुमार सक्सेना, श्याम श्रीवास्तव ने भगवान चित्रगुप्त का विशेष श्रार श्रंगार कर उनका पूजन किया गया। तत्पश्चात हवन कर मंदिर में प्राण प्रतिष्ठित सभी देवी-देवताओं की महाआरती आरती की गई। पूजा उपरांत बहनों ने भाइयों को तिलक लगाकर उनकी कलाई पर कलावा बांध कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पूजन उपरांत प्रसाद के रूप में कन्याओं के कर कमलों से पूजाकृत कलावा वंधन से युक्त कलम का वितरण प्रसादी के साथ किया गया। 201 दीपों को प्रज्जवलित कर भक्तों ने दीपदान किया। इस आन्नदोत्सव में अनेकों धर्म प्रेमी बंधु परिवार, ईष्ट मित्रों सहित उपस्थित रहे। जिनमें कृष्ण कांत सक्सेना, महेश सक्सेना, रामस्वरूप खरे, पीसी शर्मा, राजेश नारायण श्रीवास्तव, जीएम जौहरी, डीपी श्रीवास्तव, सुशील श्रीवास्तव, उमेश निगम, पी डी खरे, केके सक्सेना, संजीव श्रीवास्तव, राजीव सक्सेना, नितिन श्रीवास्तव, विष्णु श्रीवास्तव, संदीप श्रीवास्तव, दिनेश निगम, अभय प्रधान, अशोक जौहरी, ब्रजेश श्रीवास्तव, सुधा जौहरी, विभा श्रीवास्तव, कल्पना श्रीवास्तव, प्रीति श्रीवास्तव, आकांक्षा श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, सहर्ष श्रीवास्तव, स्वप्निल श्रीवास्तव,अशोक श्रीवास्तव, शामिल थे।



भगवान चित्रगुप्त की आराधना

कायस्थम मध्यप्रदेश ने प्रोफेसर कॉलोनी स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर में भगवान चित्रगुप्त एवं कलम-दवात की पूजा की। कायस्थम के पदाधिकारियों और सदस्यों ने इस अवसर पर समाज सेवा का संकल्प लिया और समाज हित में कार्य करने की घोषणा की। विधिवत पूजन-अर्चन कर हवन एवं आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में कायस्थम के उपाध्यक्षद्वय आरपी श्रीवास्तव एवं सुरेश श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष मुकुल अस्थाना, डॉ. रेखा श्रीवास्तव, संजय खरे, कमांडेड दीपक अस्थाना, डॉ. इंदिरा श्रीवास्तव, रत्ना खरे, कमोद सक्सेना, कविता सक्सेना, अजय श्रीवास्तव (एनएचडीसी), विष्णुकांत सहाय, उमंग खरे, टीपी श्रीवास्तव, समर्थ श्रीवास्तव के अलावा सदस्य मौजूद रहे।

भाई दूज के मौके पर बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर की लंबी उम्र की कामना


कोटरा चित्रगुप्त मंदिर


पटेल नगर

भोपाल। भाई बहन के पवित्र स्नेह का पर्व भाई दूज गुरुवार को धूमधाम से मनाया। इस दौरान बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाया और लंबी उम्र की कामना की। भाइयों ने भी अपनी बहनों को उपहार आदि भेंट किए। राजधानी में भाई दूज का उत्साह सुबह से ही नजर आया। घरों में भी उत्साह का नजारा था। शाम को बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाया और उनके आयुष्य और आरोग्य की कामना की। इस मौके पर भाइयों ने भी बहनों को उपहार दिए और उनकी रक्षा का संकल्प लिया।

120 एकड़ में पंडाल लगाने सहित अन्य तैयारी आरंभ

इज्तिमागाह के आसपास 350 एकड़ पार्किंग की जा रही तैयार

पंद्रह हजार वॉलेंटियर्स संभालेंगे ट्रैफिक व्यवस्था, 10 हजार देखेंगे भीड़ मैनेजमेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आलमी तब्लीगी इज्तिमा का आगाज 14 नवंबर से शुरु होने जा रहा है, जिसके लिए 15 हजार वॉलेंटियर्स को ट्रेफिक संभालने की जिम्मेदारी दी जाएगी।

इन वॉलेंटियर्स को ट्रेफिक पुलिस के जवान ट्रेनिंग देंगे। इधर भीड़ मैनेजमेंट के लिए भी 10 हजार वॉलेंटियर्स तैनात रहेंगे। जिन्हें अलग अलग जगहों पर तैनात किया जाएगा। इसमें पार्किंग का काम देखने वाले वॉलेंटियर्स भी शामिल हैं। इज्तिमागाह पर करीब 120 एकड़ में पंडाल लगाया जा रहा है। इसके अलावा पार्किंग के जोन तैयार करने पर भी मेहनत करना शुरू दिया है। इज्तिमागाह के आसपास करीब 350 एकड़ में पार्किंग तैयार की जा रही है। इंतजामिया कमेटी के प्रवक्ता उमर हफीज खान ने बताया कि पंडाल का स्ट्रक्चर तैयार कर लिया गया है। इज्तिमागाह की सफाई का काम भी तेजी से चल रहा है।



बैन रहेगा सिंगल यूज प्लास्टिक

इज्तिमा के दौरान स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का खास ख्याल रखने की कोशिश की जाती है। इसके चलते हर साल एक नया प्रयोग किया जाता है। इस कड़ी में इस बार इज्तिमागाह पर सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल पर पाबंदी रहेगी। महज पानी की बॉटल के लिए रियायत दी जाएगी। गीला और सूखा कचरा अलग अलग रखने, बचे खाने से खाद बनाने, वाटर ट्रीटमेंट भी किया जाएगा।

14 से समागम 17 को दुआ

आलमी तबलीगी इज्तिमा का आगाज 14 नवंबर से होगा। इस 4 दिन के आयोजन का समापन 17 नवंबर को दुआ के साथ होगा। इस बार भी इज्तिमा में 10 लाख से ज्यादा लोग जुटने की उम्मीद जताई जा रही है। इज्तिमा में शामिल होने के लिए जमातों की आमद का सिलसिला अगले हफ्ते से शुरु हो जाएगा।



भोपाल
शुक्रवार, 24 अक्टूबर 2025
कार्तिक मास शुक्ल पक्ष -03
वर्ष : 12, अंक : 203
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 31
न्यून. 22

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

11 लिवरपूल ने फ्रेंकफर्ट को हराया, चेल्सी...



विचार पेज
06 गर्व से कहो, प्रदूषण के बादशाह..

haribhoomi.com



बहनों ने तिलक किया और मुख्यमंत्री ने दिए उपहार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास पर बहनों के साथ मनाया भाईदूज पर्व

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार ने महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा, शिक्षा और स्वावलंबन को अपनी नीति के केंद्र में रखा है। लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना योजना, महिला स्व-सहायता समूहों के सशक्तिकरण, मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना जैसी योजनाओं से महिलाओं के जीवन स्तर में व्यापक सुधार हुआ है।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि प्रदेश की हर बहन आत्मनिर्भर बने और समाज में सम्मानपूर्वक जीवन ▶▶ शेष पेज 4 पर

अब तक 29 किस्तों में सरकार ने लाड़ली बहनों को दिए करीब 45 हजार करोड़ रुपए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा

- प्रदेश की सभी लाड़ली बहनों को अब हर माह 1500 रुपए मिलेंगे
- भाईदूज हमारी संस्कृति की आत्मा भाई-बहन के स्नेह-अपनत्व का प्रतीक
- बहनों के सम्मान, सुरक्षा, सशक्तिकरण के लिए निरंतर हो रहा काम



लाड़ली बहनों पर पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भाईदूज के पावन पर्व पर सभी लाड़ली बहनों पर पुष्पवर्षा कर भाईदूज की बधाई देकर मुख्यमंत्री निवास में आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित बहनों ने मुख्यमंत्री को तिलक लगाया, साफा ▶▶ शेष पेज 4 पर

मुख्यमंत्री निवास बहनों का अपना 'मायका'

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री निवास लाड़ली बहनों के लिए सदैव खुला है। मुख्यमंत्री निवास बहनों का अपना मायका है। सैकड़ों बहनों ने अपनी चरण रज से फिर मेरे आंगन को धन्य कर दिया है। ईश्वर हमारी सभी बहनों का घर खुशियों से भर दे। आप हमारी लाड़ली और ▶▶ शेष पेज 4 पर

खबर संक्षेप

श्रद्धालुओं से भरी बस होटल में घुसी, 25 घायल

ओंकारेश्वर। मोरटक्का सड़क मार्ग पर गुरुवार दोपहर एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। श्रद्धालुओं से भरी एक बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित एक निजी होटल में जा घुसी। हादसे में 25 से अधिक लोग घायल हो गए हैं, जिनमें कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। यह हादसा ऋतंभराजी के आश्रम के सामने हुआ, जब बस ओंकारेश्वर से इंदौर की ओर जा रही थी। बस में लगभग 40 यात्री सवार थे।



इंदौर आईआईटी बिजली स्टोर करेगी डिवाइस

इंदौर। आईआईटी इंदौर के शोधकर्ताओं ने भौतिकी विभाग की मैटेरियल्स एंड डिवाइस (एमएडी) लैब ने एक ऐसा अनोखा 'कलर-मॉड्यूलेटिंग सुपरकैपेसिटर' बनाया है, जो न केवल ऊर्जा स्टोर करता है, बल्कि रंग बदलकर अपनी चार्जिंग स्थिति भी बताता है और साथ ही इंफ्रारेड हीट को भी रोकता है। प्रो. राजेश कुमार के नेतृत्व में विकसित यह इलेक्ट्रोक्रोमिक सुपरकैपेसिटर चार्ज लेवल खुद दिखाता है।



बेटे को बचाने गई मां की हत्या, बेटा गंभीर घायल

रीवा। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के तरहटी मोहल्ले में जमीनी विवाद को लेकर चली आ रही रंजिश ने खूनी रूप ले लिया। बुधवार की रात पड़ोसियों ने युवक मोहम्मद शमशाद के साथ मारपीट की। बचाने पहुंची उसकी मां शहरून निशा पर भी आरोपियों ने हमला कर दिया। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल मां-बेटे को अस्पताल ले जाया गया, सुबह महिला की मौत हो गई, जबकि बेटा अब भी घायल है।



कटनी और पन्ना में टीआई सहित 4 पुलिसकर्मियों को पीटकर सिर फोड़ने का मामला

2 जिलों में 300 से अधिक जवान '55 आरोपियों' की तलाश में जुटे

कटनी के बाकल थाने पर बुधवार देर रात कुछ लोगों ने हमला कर दिया। इसमें दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। एक की हालत गंभीर है। पुलिस ने 5 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल - कटनी और पन्ना में पुलिसकर्मियों से मारपीट के बाद आरोपियों की तलाश तेज हो गई है। दोनों जिलों में 300 से जवान आरोपियों की खोजबीन में इलाकों में दबिश दे रहे हैं। कटनी और पन्ना की घटना में 55 लोगों को आरोपी बनाया गया है। जानलेवा हमला, मारपीट, सरकारी कार्य में बाधा की धाराओं ▶▶ शेष पेज 4 पर

नागौद एसडीओपी के भाई से ढाबे पर मारपीट, ढाबा संचालक सहित चार आरोपी गिरफ्तार

एसपी का दावा - कई अज्ञात लोगों को हिरासत में लेकर हो रही पूछताछ



पन्ना में पुलिस को हथियार छोड़कर भागना पड़ा था

पन्ना जिले के बृजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गजना धरमपुर में पुलिस टीम पर जानलेवा हमला हुआ। हमले में बृजपुर थाना प्रभारी महेंद्र सिंह भदौरिया और आरक्षक राम निरंजन कुशवाहा गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को सतना के बिड़ला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना प्रभारी भदौरिया अपनी टीम के साथ गैर इरादतन हत्या के आरोपी पंचम यादव पिता शिव सिंह यादव ▶▶ शेष पेज 4 पर

कटनी थाना हमले में 5 नामजद

पुलिस ने इस मामले में 5 लोगों को नामजद आरोपी बनाया है, जबकि अन्य अज्ञात लोगों की तलाश जारी है। आरोपियों पर शासकीय कार्य में बाधा, मारपीट, बलवा और अन्य गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। हमले में शामिल हर व्यक्ति की जल्द पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी।

अभिनव विश्वकर्मा, एसपी कटनी

घायल पुलिसकर्मियों की हालत गंभीर

ढाबे वाली वारदात में रात को ही फोर्स इलाके में तैनात कर दिया था। सुबह से अज्ञात आरोपियों की तलाश की जा रही है। फिलहाल, पुलिसकर्मियों की हालत गंभीर है। वीडियो के आधार पर कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया गया है। इलाके में स्थिति काबू में है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

निवेदिता नायडू, एसपी, सतना

केदारनाथ मंदिर के कपाट हुए बंद

अब अगले 6 महीने तक उखीमठ में ही होगी पूजा

एजेंसी ▶▶ रुद्रप्रयाग

चारधाम तीर्थों में से एक बाबा केदारनाथ के कपाट भाई दूज के दिन गुरुवार को बंद कर दिए गए। अब 6 महीने तक बाबा भक्तों को दर्शन नहीं देंगे। सुबह 8:30 बजे वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक परंपराओं के साथ शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। हजारों श्रद्धालुओं ने भी बाबा के दर्शन किए। इस दौरान पूरी केदारघाटी हर हर महादेव और जय बाबा केदार के जयघोष से गूंज उठी। इस मौके पर सीएम पुष्कर सिंह धामी भी धाम पहुंचे। अब छह माह तक बाबा केदार की पूजा शीतकालीन गद्दीस्थल ▶▶ शेष पेज 4 पर



यमुनोत्री धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद

बड़कोट। विश्वप्रसिद्ध यमुनोत्री धाम के कपाट भी गुरुवार को विशेष पूजाओं व वैदिक मंत्रोच्चार के बीच दोपहर 12:30 बजे शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। इससे पूर्व सुबह सवेरे मां यमुना के शीतकालीन प्रवास स्थल खरसाली से शनि समेश्वर देवता की डोली अपनी बहन को गाजे-बाजों के साथ धाम ▶▶ शेष पेज 4 पर

पचमढ़ी में पारा सामान्य से 8 डिग्री अधिक

15 जिलों में बादल बौछारों का चलेगा सिलसिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित अधिकांश जिलों में अभी बादलों का असर बना हुआ है। इससे रात के तापमान में

लेकिन, बादल बढ़ा रहे रात में गर्मी

5 सबसे ठंडे शहरों में पारा 16 से 19 डिग्री के 'बीच'



चेतक ब्रिज से लिया गया दृश्य, समय 5:49 बजे

बढ़त होने से गर्मी और उमस बढ़ रही है। गुरुवार को रात के तापमान में बढ़त के बाद प्रदेश के सबसे कम न्यूनतम पारे वाले पांच शहरों का पारा 16 से 19 डिग्री के बीच रहा। भोपाल में 2.4 डिग्री बढ़कर 20.6 डिग्री रहा, जो नॉर्मल से 3.2 डिग्री अधिक है। दिन का पारा आधा डिग्री बढ़कर 31.9 डिग्री रहा। यह सामान्य के करीब है। मौसम ▶▶ शेष पेज 4 पर

यूपीआई ने बनाया रिकॉर्ड: एक दिन में लेन-देन का अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा

लेन-देन की संख्या 75.4 करोड़ रही


अब तक की 'सबसे बड़ी धनतेरस' 1.02 लाख करोड़ रु. का लेन-देन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इस साल खुदरा विक्रेताओं के लिए दीपावली धमाकेदार रही

बड़ी खबर

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को कहा कि यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) प्लेटफॉर्म से 18 अक्टूबर यानी धनतेरस के दिन 1.02 लाख करोड़ रुपए के लेन-देन हुए हैं और इस दौरान लेन-देन की संख्या 75.4 करोड़ रही है, जो कि एक दिन में लेन-देन का अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। वित्त मंत्री ने कहा कि धनतेरस से दीपावली के तीन दिनों के दौरान यूपीआई पर औसत लेनदेन की संख्या 73.69 करोड़ रही है, जो कि पिछले साल समान अवधि में 64.74 करोड़ थी। उन्होंने आगे कहा कि इस साल खुदरा ▶▶ शेष पेज 4 पर






आग-धुएं के कारण डिजिटल लॉक नहीं खुला, अखंड ज्योत से लगी आग



सौम्या अग्रवाल (बेटी)

प्रवेश अग्रवाल (मृतक)





पेंटहाउस जलकर खाक, कांग्रेस नेता की दम घुटने से मौत

इंदौर। इंदौर में पेंटहाउस में आग लगने से नर्मदा सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रवेश अग्रवाल की मौत हो गई। उनकी बड़ी बेटी सौम्या झुलस गई है, उसकी हालत गंभीर है। हादसा गुरुवार सुबह करीब 5 बजे हुआ। लसूड़िया इलाके में कांग्रेस नेता प्रवेश अग्रवाल का सौम्या महिंद्रा कार शोरूम है। शोरूम के ऊपर ▶▶ शेष पेज 4 पर

समाधान करने वाले सर्वश्रेष्ठ जिलों में रायसेन और दतिया के साथ ही ऊर्जा विभाग अव्वल

मुख्यमंत्री ने समाधान ऑनलाइन में लंबित प्रकरणों का समाधान करवाया, 3 निलंबित, 19 कर्मियों के विरुद्ध हुई दंडात्मक कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि कार्य पद्धति को बेहतर बनाकर नए प्रयोगों और नवाचारों के माध्यम से नागरिकों के कार्य समय पर और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरे करने के प्रयास किए जाएं। सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत जिन जिलों अथवा क्षेत्रों में न्यूनतम शिकायतें होंगी, उन्हें प्रोत्साहित किया जाएगा। जिन क्षेत्रों में शिकायतें शून्य स्थिति में हैं, उन्हें पुरस्कृत भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अपने कार्यों से अधिकारी-कर्मचारी सुशासन स्थापित करें। समाधान ऑनलाइन समीक्षा में प्रकरणों में कार्य के प्रति लापरवाही बरतने वाले 3 कर्मियों को निलंबित करने के साथ ही 19 अधिकारियों-कर्मचारियों के विरूद्ध दण्डात्मक कार्रवाई की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 5 शासकीय सेवकों की वेतन वृद्धि रोकने, 6 को कारण बताओ नोटिस देने, 7 प्रकरण में अनुशासनात्मक कार्रवाई और एक प्रकरण में दोषी कर्मचारी के विरुद्ध विभागीय जांच की कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास से वीसी द्वारा समाधान ऑनलाइन के अंतर्गत प्रदेश के विभिन्न जिलों में नागरिकों के लंबित प्रकरणों के समाधान की कार्रवाई करवाई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि आम लोगों के हित में प्रशासनिक अमला दक्षता से कार्य करे। बीते महीनों में हुए श्रेष्ठ कार्यों के लिए जिला स्तर पर रायसेन एवं दतिया जिले और विभाग स्तर पर ऊर्जा विभाग प्रथम स्थान पर रहा।

बैठक में सीएम बोले- जिस क्षेत्र में कोई शिकायत नहीं, उन्हें करेंगे पुरस्कृत, कलेक्टर्स शैक्षणिक परिसर और छात्रावासों का करें निरीक्षण



बैठक में इन अफसरों की हुई तारीफ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चार अधिकारियों केके दुबे उपनिरीक्षक थाना रावतपुरा जिला भिंड, वेंकटेश नेरकर कनिष्ठ अभियंता ऊर्जा मंडला, डॉ. नंदिता निगम, विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी धार और कमलेश शुक्ला, सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग सतना को सितम्बर माह में सीएम हेल्पलाइन में मिली शिकायतों के शत-प्रतिशत निराकरण के लिए उच्च प्रदर्शन के लिए बधाई दी। समाधान ऑनलाइन बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, मुख्यमंत्री कार्यालय के अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

समीक्षा के साथ तत्काल एक्शन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के समक्ष समाधान ऑनलाइन समीक्षा बैठक में छात्रवृत्ति, आहार अनुदान, भू-अर्जन, सार्वजनिक वितरण प्रणाली और शिक्षकों की उपस्थिति से संबंधित प्रकरणों पर कार्रवाई हुई। अनूपपुर जिले के आवेदक सीता बैगा ने आहार अनुदान की राशि प्राप्त न होने की शिकायत की थी। आवेदक को राशि का भुगतान करवाते हुए विलंब के लिए दोषी ग्राम पंचायत सचिव के निलंबन और सहायक आयुक्त कार्यालय के दोषी शासकीय सेवक की वेतन वृद्धि रोकी गई। रीवा जिले के आशीष बहेलिया की लैपटॉप की राशि का भुगतान करवाया गया। लंबित प्रकरणों में तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

अधिकारी की वेतन वृद्धि रोकी गई

शिवपुरी जिले के सौरभ किरार को कृषि यंत्रीकरण की राशि वापस दिलवाई गई। इस प्रकरण में कृषि विभाग के एक अधिकारी और तीन यंत्रियों की वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए गए। एक अन्य प्रकरण में मैहर जिले के प्रवीण तिवारी ने शासकीय उचित मूल्य की दुकान निर्धारित स्थान से संचालित न करने और उपभोक्ताओं को राशन सामग्री का वितरण न करने के प्रकरण में तत्कालीन ग्राम पंचायत सचिव को निलंबित किया गया और सहायक आपूर्ति अधिकारी की वेतन वृद्धि रोकी गई।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रमुख निर्देश

- नागरिकों के कार्यों में विलंब नहीं होना चाहिए। तत्परता से कार्य पूर्ण करें।
- शैक्षणिक परिसर में विद्यार्थियों को आवश्यक सुविधाएं मिलें, समय- समय पर कलेक्टर्स कैंपस में भ्रमण कर सुविधाओं का जायजा लें।
- प्रकरण में विलंब के लिए दोषी कर्मियों का दायित्व निर्धारित कर कार्रवाई करें।
- शासकीय विभागों के साथ बैंक के अधिकारी- कर्मचारी भी जनता के प्रति जवाबदेह हैं। इनकी लापरवाही पर भी दण्डित करने की कार्रवाई की जाए।
- कार्यालयों में शिकायतें लंबित नहीं होना चाहिए।
- जनकल्याण के सभी प्रकल्पों को सही तरीके से क्रियान्वित किया जाए।

सीएम की वजह से मिले 97 हजार

डिण्डोरी जिले के आवेदक उज्जवल साहू की पिछड़ा वर्ग छात्रवृत्ति का भुगतान करवाया गया। पोर्टल की समस्या के कारण इस कार्य में विलंब होना पाया गया, जिसके फलस्वरूप दोषियों को दण्डित करने के निर्देश दिए गए हैं। मंदसौर जिले के आवेदक योगेश द्वारा प्रतिभा प्रोत्साहन योजना की राशि में विलंब के लिए भी अधिकारियों-कर्मचारियों का दायित्व निर्धारित कर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए। डिण्डोरी जिले के आवेदक अरूण यादव के सब्सिडी राशि न प्राप्त होने के प्रकरण में बैंक के स्टॉफ की त्रुटि पाई गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आवेदक के हक की राशि 97 हजार 500 दिलवाते हुए विलंब के जिम्मेदार बैंक कर्मचारियों के विरूद्ध कार्रवाई करने के निर्देश गए। इस प्रकरण में कुटीर एवं ग्रामोद्योग के एक अधिकारी और एक कर्मचारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

छात्रावास में सुविधाएं देने में लापरवाही पर कार्रवाई होगी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने धार जिले की छात्रा शिवानी मौर्य की छात्रावास में बिस्तर सामग्री के लिए राशि न दिए जाने की शिकायत पर अप्रसन्नता व्यक्त की और जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारियों को इस तरह की शिकायतों को तत्परता से निराकृत करने के निर्देश दिए। छात्रावासों में विद्यार्थियों को समय पर आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने के कार्य में लापरवाही बरतने वालों को दण्डित किया जाएगा। मैहर जिले की संजना पटेल की समग्र आईडी को अन्य व्यक्ति के आधार से लिंक हो जाने की लापरवाही के लिए चार शासकीय सेवकों के विरूद्ध वेतन वृद्धि रोकने, कारण बताओ नोटिस देने, अन्य कार्यालय में संबद्ध करने और 15 दिन का वेतन काटने की कार्रवाई की गई।

17 लाख 25 हजार का भुगतान हुआ

जबलपुर जिले की श्रामदेवी वर्मन के आवेदन पर जननी सुरक्षा योजना की राशि का भुगतान समाधान ऑनलाइन के माध्यम से हुआ। इस प्रकरण में तीन शासकीय सेवकों के विरूद्ध कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में दायित्व से पृथक करने और कारण बताओ नोटिस की कार्रवाई शामिल है। अशोक नगर के शिवप्रताप बुंदेला के प्रकरण में भू-अर्जन की मुआवजा राशि 17 लाख 25 हजार का भुगतान करवाया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भुगतान में पांच वर्ष के विलंब के लिए दोषी व्यक्ति पर दण्डात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए।

खबर संक्षेप



डॉ. दीपिका को गणित में मिली पीएचडी की उपाधि

भोपाल। डॉ. दीपिका बसेड़िया पत्नी डॉ. दीपक बसेड़िया ने गणित विषय में पीएचडी की उपाधि बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल से प्राप्त की है। उन्होंने यह शोधकार्य डॉ. राजेश श्रीवास्तव, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, गणित विभाग, शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज के मार्गदर्शन में पूर्ण किया है। डॉ. बसेड़िया के शोध का विषय मैथमेटिकल मॉडलिंग ऑन ब्रेस्ट कैंसर रहा।

सम्मेलन को बनाया जीरो वेस्ट कार्यक्रम

भोपाल। नगर निगम ने गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित भाई दूज सम्मेलन को जीरो वेस्ट कार्यक्रम बनाया। कार्यक्रम स्थल पर निकले सूखे-गीले कचरे को अलग-अलग कर सूखे कचरे को एमआरएफ व 50 किलो गीले कचरे को खाद बनाने के लिए भेजा गया। सूखे कचरे को एमआरएफ भेजने की कार्रवाई की गई। निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने शहर में होने वाले कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी ढंग से जीरो वेस्ट आयोजन बनाने प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

निवर्तन के लिए भूखंड का आरक्षित मूल्य कलेक्टर गाइडलाइन के 100 प्रतिशत क्षेत्रफल पर तय किए जाने का निर्णय

जीरो प्रतिशत पर किसानों को लोन देने की योजना रहेगी जारी

मोहन कैबिनेट ने लिए महत्वपूर्ण फैसले



शासन को अधिक राजस्व प्राप्त होगा

मंत्रि-परिषद द्वारा निवर्तन के लिए भूखण्ड का आरक्षित मूल्य कलेक्टर गाइडलाइन अनुसार शत-प्रतिशत क्षेत्रफल पर तय किए जाने का निर्णय लिया गया है। इससे राज्य शासन को अधिक राजस्व प्राप्त होगा। निर्णय अनुसार पुनर्घनत्वीकरण नीति 2022 की कंडिका 10.11 में संशोधन कर ऑफसेट मूल्य के निर्धारण में बदलाव की स्वीकृति दी गई। पहले 60% क्षेत्रफल और 100% कलेक्टर गाइडलाइन रेट पर ऑफसेट मूल्य का निर्धारण होता था, अब 100% क्षेत्रफल और 100% कलेक्टर गाइडलाइन रेट पर ऑफसेट मूल्य का निर्धारण होगा। इससे विकास कार्यों के लिए अधिक राशि उपलब्ध होगी।

प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले जिले को मिलेंगे 1 करोड़

प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले जिले को 1 करोड़ रुपए और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले जिले को 75 लाख रुपए की वित्तीय सहायता का वार्षिक प्रावधान किया जाएगा। चयनित जिला अपनी विशिष्ट आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए 17 सतत विकास लक्ष्यों में से किसी भी लक्ष्य में सुधार के लिए पुरस्कार राशि का उपयोग कर सकता है। प्रदेश के ऐसे जिले जिनका रैंकिंग में प्रदर्शन कमजोर स्तर का होगा, उन्हें प्रदेश में चल रही कल्याणकारी योजनाओं की सहायता से विकास की मुख्य धारा में सम्मिलित किया जाएगा, जो प्रदेश के समग्र विकास में सहायक होगा। योजना पर 19 करोड़ 10 लाख रुपए (3 करोड़ 82 लाख प्रतिवर्ष) का अनुमानित व्यय होगा।

5 जिलों में स्वास्थ्य सुविधा में होगा खर्च

मंत्रि-परिषद द्वारा जिला चिकित्सालय टीकमगढ़, नीमच, सिंगरौली, श्योपुर एवं डिण्डौरी में 800 बिस्तरों का उन्नयन और चिकित्सालयों के संचालन के लिए 810 नए पद की स्वीकृति प्रदान की गई। इसमें 543 नियमित, 4 संविदा एवं आउटसोर्सिंग एजेन्सी के माध्यम से 263 पदों की स्वीकृति दी गई हैं। पदों के सृजन पर वार्षिक व्यय 39 करोड़ 50 लाख रुपए की भी स्वीकृति दी गई। स्वीकृति अनुसार जिला चिकित्सालय टीकमगढ़ में बिस्तर की संख्या 300 से बढ़ाकर 500, नीमच में 200 से बढ़ाकर 400, सिंगरौली में 200 से बढ़ाकर 400, श्योपुर में 200 से बढ़ाकर 300 और जिला चिकित्सालय डिंडौरी में बिस्तरों की संख्या 100 से बढ़ाकर 200 की गई है।

5 जिला अस्पतालों में बढ़े 800 बेड और 810 पद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक गुरुवार को मंत्रालय में हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए सहकारी बैंकों के माध्यम से शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर कृषकों को अल्पावधि फसल ऋण दिए जाने की योजना को निरंतर रखे जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। खरीफ 2025 सीजन की ड्यू डेट 28 मार्च, 2026 और रबी 2025-26 सीजन की ड्यू डेट 15 जून 2026 नियत की गई है।

योजनान्तर्गत खरीफ एवं रबी सीजन की निर्धारित तिथि (ड्यू डेट) तक ऋण की अदायगी करने वाले किसानों से प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (पैक्स) द्वारा 3 लाख रुपए तक के दिए गए अल्पावधि फसल ऋण पर कोई ब्याज नहीं लिया जाएगा। राज्य शासन द्वारा सभी किसानों के लिए 1.5 प्रतिशत सामान्य ब्याज अनुदान और निर्धारित ड्यू डेट तक ऋण की अदायगी करने वाले किसानों को 4 प्रतिशत प्रोत्साहन स्वरूप अतिरिक्त ब्याज अनुदान दिया जाएगा। वर्तमान वर्ष में 23 हजार करोड़ रुपए वितरण का लक्ष्य रखा गया हैं। परिषद द्वारा प्रदेश में सतत विकास लक्ष्यों के क्रियान्वयन के लिए एसडीजी (सतत विकास लक्ष्य) मूल्यांकन योजना को आगामी 5 वर्षों (वर्ष 2025-30 तक) के लिए स्वीकृत किए जाने का निर्णय लिया गया है। योजना अंतर्गत सतत विकास के लक्ष्यों का राज्य, जिला एवं विकासखंड स्तर पर स्थानीयकरण, क्रियान्वयन, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन सुनिश्चित किया जाएगा। प्रदेश के सभी जिलों के सतत विकास लक्ष्यों और उनके संकेतक के आधार पर डैशबोर्ड के माध्यम से रैंकिंग तय की जाएगी। डैशबोर्ड आधारित रैंकिंग अनुसार दो शीर्ष प्रदर्शन किए जाने वाले जिलों को पुरस्कार राशि का वितरण किया जाएगा।

बाघों की गणना के लिए जंगल में लगेंगे कैमरे

भोपाल। मध्य प्रदेश के टाइगर रिजर्व और नेशनल पार्क के बाहर स्थित वन क्षेत्रों में बाघों की गणना की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसके लिए टाइगर रिजर्व में सर्वे करने वाली टीम को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे इनकी गणना

एप से होगी डिजिटल निगरानी

वैज्ञानिक ढंग से की जा सके। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि मध्य प्रदेश के जंगल बाघों के लिए अनुकूल हैं। इस बार प्रदेश में इनकी संख्या एक हजार से अधिक दर्ज की जा सकती है। हालांकि, इसकी रिपोर्ट साल 2027 में आएगी। अधिकारियों ने बताया कि इस बार बाघों की वैज्ञानिक तरीके से गणना के लिए डिजिटल माध्यम का इस्तेमाल किया जाएगा। मोबाइल एप के माध्यम से इनकी डिजिटल निगरानी की जाएगी। जंगल में बाघों को ट्रैप करने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसके साथ ही अखिल भारतीय बाघ गणना- 2026 की राज्य स्तरीय कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला में टाइगर एस्टीमेशन की वैज्ञानिक कार्य- प्रणालियों, एप आधारित डिजिटल मॉनिटरिंग और फील्ड अभ्यास पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इन संसाधनों के जरिए टीमों को जंगलों में बाघों की गणना में काफी सुविधा होगी।

कर्मचारियों के साथ अपनाया जा रहा दोहरा मापदंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश के कर्मचारियों को महंगाई भत्ता देने के मामले में सरकार दोहरे मापदंड अपना रही है। जहां एक तरफ सरकार ने प्रदेश के विधि विभाग के न्यायिक सेवा के अधिकारियों को तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता देने के आदेश जारी कर दिए हैं, लेकिन प्रदेश के साढ़े सात लाख कर्मचारी एवं 42 हजार स्थाई कर्मचारियों को महंगाई भत्ते का लाभ देने का आदेश अभी भी जारी नहीं किया है। मप्र कर्मचारी मंच ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर न्यायिक अधिकारियों के समान ही प्रदेश के कर्मचारियों को भी एक जुलाई 2025 से तीन प्रतिशत महंगाई भत्ते का लाभ एरियर सहित देने की मांग की है। मंच के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि राज्य सरकार ने विधि विभाग के न्यायिक अधिकारियों को तीन प्रतिशत महंगाई भत्ते का लाभ एक जुलाई 2025 से नगद एरियर सहित भुगतान करने के आदेश जारी करें है। प्रदेश के कर्मचारियों एवं स्थाई कर्मियों को महंगाई भत्ते का लाभ देने का निर्णय दीपावली त्यौहार निकल जाने के बावजूद भी नहीं लिया है।

भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अग्रवाल को दी बधाई



भोपाल। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल को भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी में पुनः प्रदेश मीडिया प्रभारी बनाए जाने पर भोपाल जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्र गुप्ता ने सर्वप्रथम कार्यालय पहुंचकर पुष्पगुच्छ भेंटकर शुभकामनाएं दी। इस दौरान झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक महेंद्र दवे ने भी बधाई दी।

जीतू पर एफआईआर पर भड़के पूर्व मंत्री नायक

पटवारी की तरह 50 किलो की बोरी ले चलें भाजपा नेता मैं राजनीति से लूंगा संन्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जीतू पटवारी पर एफआईआर के मामले में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पर पूर्व केंद्रीय मंत्री मुकेश नायक ने आरोप लगाए हैं। नायक ने कहा कि पटवारी की तरह भाजपा का कोई भी नेता 20 किलोमीटर 50 किलो की बोरी लेकर चले। मैं राजनीति से सन्यास ले लूंगा।



शिवराज सिंह चौहान के उस दावे पर सवाल उठाया, जिसमें उन्होंने कृषि को लाभकारी धंधा बनाने का वादा किया था। नायक ने कहा, यह वादा खोखला साबित हुआ। कृषि उपकरणों और डीजल की बढ़ती कीमतों, फसलों के उचित मूल्य न मिलने और खाद की कालाबाजारी ने किसानों की कमर तोड़ दी है। डीएपी, जिसकी आधिकारिक कीमत 1,350 प्रति बोरी है, कालाबाजारी में 2,000 से 2,500 में बिक रही है। इसी तरह, 267 प्रति बोरी वाली यूरिया निजी बाजार में 450 से 500 में बिक रही है।

उपहास करना संवेदनहीनता को दर्शाता है: नायक

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर निशाना साधते हुए नायक ने उनके बेटे की शादी में हुए भारी-भरकम खर्च और हेलीकॉप्टर से कुदाल लेकर उतरने को दिखावा बताया। उन्होंने जीतू पटवारी का उदाहरण देते हुए कहा कि वे किसानों की पीड़ा को समझते हैं, और 50 किलो की बोरी कंधे पर लेकर 2 किलोमीटर पैदल चलकर गए, जिसका उपहास करना शिवराज सिंह की संवेदनहीनता को दर्शाता है। नायक ने सरकार से मांग की कि किसानों को उनकी फसलों का उचित दाम, सस्ते उर्वरक, और समय पर राहत प्रदान की जाए।

प्रदेश अध्यक्ष का रिजल्ट हो सकता है होल्ड, तीन दावेदारों के दिल्ली में होंगे इंटरव्यू

विवादों के बाद युवा कांग्रेस के चुनाव परिणाम 30 अक्टूबर तक आने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के संगठनात्मक चुनावों की प्रक्रिया अंतिम दौर में पहुंच गई है। प्रदेश महा सचिव, जिला अध्यक्ष, जिला महामंत्री, विधानसभा अध्यक्ष और ब्लॉक अध्यक्ष पदों के परिणाम 30 अक्टूबर तक घोषित किए जाने की संभावना है। हालांकि, प्रदेश अध्यक्ष पद का परिणाम तत्काल घोषित नहीं किया जाएगा और इसे होल्ड पर रखा जा सकता है।

सूत्रों के अनुसार, प्रदेश अध्यक्ष पद पर सबसे अधिक, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाले तीन उम्मीदवारों का दिल्ली में इंटरव्यू होगा। इंटरव्यू के बाद युवा कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा इन तीन में से किसी एक उम्मीदवार को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया जाएगा। इस प्रक्रिया के जरिए न केवल संगठन की कार्यशैली को पारदर्शी बनाने की कोशिश की जा रही है, बल्कि नेतृत्व चयन में मेरिट और संवाद की भूमिका भी सुनिश्चित की जा रही है। सदस्यता के साथ ही प्रदेश से लेकर ब्लॉक स्तर तक 6 पदों के लिए वोट डाले गए थे। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश महासचिव, जिला अध्यक्ष, जिला महासचिव, विधानसभा अध्यक्ष और ब्लॉक अध्यक्ष का चुना जाना है।



वोट जुलाई में डाले गए थे

प्रदेश अध्यक्ष पद पर कड़ा मुकाबला प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए इस बार मुकाबला काफी दिलचस्प माना जा रहा है। संगठन सूत्रों के अनुसार, तीन प्रमुख उम्मीदवारों के बीच कांटे की टक्कर है। इसमें यश घनघोरिया, अभिषेक परमार और शिवराज यादव मजबूत दावेदार माने जा रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष के लिए 19 उम्मीदवार मैदान में हैं। लाखों सदस्यों की सदस्यता निरस्त होने और होल्ड पर लाखों सदस्यों को रखे जाने से कई के चुनावी समीकरण बिगड़ गए हैं। युवा कांग्रेस के इन चुनावों से कई जिलों और ब्लॉकों में नए चेहरे सामने आने की उम्मीद है। इस बार संगठन ने सदस्यता प्रक्रिया को डिजिटल माध्यम से जोड़ा, जिससे बड़े पैमाने पर युवाओं ने भागीदारी की।

सदस्यता आंकड़े बने चर्चा का विषय

युवा कांग्रेस की सदस्यता प्रक्रिया इस बार सबसे बड़ी चर्चा का विषय बनी रही। कुल 14 लाख 74 हजार 374 सदस्यता आवेदन आए, जिनमें से 5 लाख 16 हजार 155 सदस्यता को रिजेक्ट कर दिया गया है। वहीं 3 लाख 56 हजार 302 सदस्यता फिलहाल होल्ड पर रखी गई हैं। इन होल्ड किए गए सदस्यों का अंतिम निर्णय चुनाव परिणाम आने के साथ ही स्पष्ट होगा कि इनमें से कितने सदस्यों की सदस्यता स्वीकार की गई है। फिलहाल 6 लाख 01 हजार 917 सदस्यता को स्वीकार कर लिया गया है।

हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 24 अक्टूबर 2025

07 करोड़ों के लॉजिस्टिक पार्क का ठेका कंपनी...



08 पहले जाना रावण का सच, फिर एक साल से अधिक...



बेहाल मॉडल अस्पताल जेपी: डॉक्टर ने पर्चे पर लिखी पांच दवाएं, मिली दो या तीन, बाकी बाजार से खरीदो

दवा स्टोर में सामान्य दर्द की दवाएं तक नहीं

सर्जरी का सामान भी बाहर से खरीद कर ला रहे मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के मॉडल कहे जाने वाले जिला अस्पताल जेपी को खुद इलाज की जरूरत है। जेपी अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को डॉक्टर्स द्वारा ओपीडी के पर्चे पर लिखी पांच दवाओं में से दो या तीन दवाएं मिल पा रही हैं। बाकी दवाएं मरीजों को महंगे रेट में बाहर से खरीदनी पड़ रही हैं। यहां घाव ठीक करने वाला मरहम और सामान्य दर्द की दवाएं तक नहीं हैं। स्थिति यह है कि बीपी, शुगर, मल्टीविटामिन, थायराइड, अस्थमा, पेनकिलर और मौसमी बीमारियों से जुड़ी दवाएं भी अस्पताल में मौजूद नहीं है। बता दें कि हमीदिया, सुल्तानिया और जेपी अस्पताल में 850 से अधिक बीपीएल कार्डधारी मरीज भर्ती रहते हैं। उन्हें एक्सीडेंट, डिलिवरी या अन्य किसी समस्या के लिए लगने वाली दवाइयों और अन्य सर्जरी सामग्री का 80 फीसदी सामान खुद के पैसों से खरीदना पड़ रहा है। अस्पताल प्रबंधन भी इस मामले में खुद को असहाय पा रहा है। इससे आप खुद ही अंदाजा लगा सकते है जब राजधानी के मॉडल अस्पताल जेपी के यह हाल तो स्वास्थ्य केंद्रों के क्या हाल होंगे।



नहीं मिला मरहम

पैर में चोट लगने पर जेपी अस्पताल में इलाज कराने आई मीना यादव ने बताया कि डॉक्टर ने ओपीडी में दवाएं लिखी थी, जिनमें से तीन दवाएं उन्हें बाहर से खरीदने के लिए कहा गया, क्योंकि बाकी दवाओं का स्टॉक खत्म हो गया है। मीना ने बताया कि उन्हें डॉक्टर ने जो मरहम लिखा वह भी अस्पताल में नहीं मिल पाया है।

पांच में सिर्फ दो दवाएं मिली

पेट में दर्द होने के बाद उपचार के लिए ओपीडी में आए उमाकांत ने बताया कि डॉक्टर ने पांच दवाएं लिखी थी, पर मुझे दो ही दवाएं मिलीं। मैं तो सक्षम हूं बाहर से खरीद लूंगा, लेकिन कई लोग ऐसे हैं, जिनके पास अस्पताल तक आने का किराया भी नहीं होता, वे कहां से दवा खरीदेंगे।

सामान्य की जगह दी जा रही कॉन्बिनेशन वाली दवाएं

सरकारी अस्पतालों में विभाग के आदेशानुसार करीब 270 प्रकार की दवाएं होनी चाहिए, लेकिन जेपी अस्पताल में सौ से ज्यादा दवाएं उपलब्ध नहीं हैं। अब अस्पताल प्रबंधन इन दवाओं की कमी पूर्ण करने के लिए सामान्य की जगह कॉन्बिनेशन वाली दवाएं देने के लिए कहा है। जिन मरीजों को सामान्य दर्द होता है उनको भी कॉन्बिनेशन वाली दवाएं दी जा रही हैं। वहीं घाव में लगाने वाले मरहम वेटाडीन की जगह जेल दिया जा रहा है।

इनका कहना

अगर अस्पताल में दवाओं की कमी है, तो फार्मासिस्टों को तुरंत रिक्वायरमेंट स्टोर को भेजना चाहिए। हमने नई व्यवस्था बनाई है। मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। मैंने एक सप्ताह पहले ही पदभार ग्रहण किया है। अस्पताल की स्थिति को सुधारने में थोड़ा समय लगेगा, लेकिन दवाओं की समस्या को प्राथमिकता दी जा रही है।

डॉ. संजय जैन, *अधीक्षक, जेपी अस्पताल*

नहीं मिल रही यह दवाएं

- मल्टी विटामिन
- विटामिन बी काम्प्लेक्स
- रेनिटीडाइन
- एंटासिड
- डिक्लोपारा
- मरहम बीटाडीन
- कफ की सिरप
- पैरासिटामॉल
- मेट्रानिडाजोल
- एसप्रिन
- डायक्लोफेनिक
- आईबूफिन
- सिट्राजिन
- अमोक्सीलीन

अस्पताल प्रबंधन को दी सूचना

अस्पताल में एक सप्ताह से कई आवश्यक दवाएं उपलब्ध नहीं हैं। मरीजों को देने के लिए स्टॉक खत्म भी हो चुका है। दवाओं की कमी जानकारी अस्पताल प्रबंधन को मेल पर दी गई है। मल्टीविटामिन, बीपी, शुगर, थायराइड, पेनकिलर और मौसमी संक्रमण से जुड़ी दवाओं की सबसे ज्यादा कमी है।

महेंद्र टांडेकर, प्रभारी, फार्मेसी विभाग

जल्द होगी आपूर्ति

दवाओं की आपूर्ति जल्द की जाएगी। हमने संबंधित विभाग को ऑर्डर भेज दिया है, अगले दो तीन दिन में दवाएं आ जाएंगी।

गुलाब सिंह, दवा स्टोर प्रभारी, जेपी अस्पताल

बच्चों के जीवन में अंधकार पहुंचाने वाली खतरनाक गन, हादसों के बाद जागा प्रशासन

80 कैल्शियम कार्बाइड गन जब्त, बेचने वालों की धरपकड़, बनाने वालों का अब तक पता नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दीवाली में पटाखों के साथ बिक रही कैल्शियम कार्बाइड गन बेचने वालों पर अब पुलिस प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। गुरुवार को अलग-अलग क्षेत्रों से 80 कैल्शियम काबाईड गन जब्त की गई। पुलिस ने कैल्शियम कार्बाइड गन बेचने वाले व्यापारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

कार्बाइड गन बेचने वाले व्यापारियों के खिलाफ एफआईआर

हालांकि, देसी जुगाड़ से बनाई गई इस कार्बाइड गन के निर्माता तक पुलिस नहीं पहुंच सकी है। बागसेवनिया पुलिस ने बुधवार को सड़क किनारे कार्बाइड गन बेचने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 42 कार्बाइड गन, 29 लाइटर और 1.5 किलो कैल्शियम जब्त किया गया है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी युवक के खिलाफ प्रकरण भी दर्ज कर लिया है। इस गन के कारण लगातार राजधानी और प्रदेश में हादसे हो रहे हैं और लोग गंभीर रूप से झुलस रहे हैं। पुलिस कमिशनर हरिनारायण चारी मिश्र ने शहर के सभी थानों के प्रभारियों को कार्बाइड गन बेचने वालों पर सख्त कार्रवाई करने निर्देश दिए हैं। एएसआई मनोज शर्मा ने बताया कि पुलिस टीम पटाखे बेचने वालों की चैकिंग कर रही थी। तभी प्रधान मंडप गार्डन के सामने से एक युवक पटाखा बेचते हुए दिखाई दिया। वह पुलिस को देखकर बचने का प्रयास करने लगा। संदेह के आधार पर पुलिस ने बोरे को चेक किया तो उसमें 42 कार्बाइड गन मिली। इसके अलावा गन को जलाने वाले 29 लाइटर और डेढ़ किलो कैल्शियम मिला। जिसे गन में भरकर उसे जलाया जाता है।

पकड़े गए युवक ने अपना नाम 25 वर्षीय भय्यू चौहान बताया, जो कोलार क्षेत्र में रहता है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि कोलार क्षेत्र की झुग्गियों में कार्बाइड गन बनाने का काम चलता है, लेकिन वह पुलिस को उन झुग्गियों का पता नहीं बता सका। साथ ही वह लगातार पुलिस को गुमराह कर रहा है। उसने बताया कि उसने रास्ते में पटाखा बेचने वाले लोगों से यह गन खरीदी थी। जिसे वह महंगे दामों पर बेच रहा था।

परिवार में पसरा सन्नाटा

दीवाली की खुशियों के बीच इस बार कई घरों में सन्नाटा पसरा है। वजह है सोशल मीडिया पर वायरल एक फन ट्रेंड, जो कई बच्चों के जीवन में अंधेरे ला चुकी है। देसी जुगाड़ से बनी कार्बाइड गन अब पूरे प्रदेश में कहर बरपा रही है। भोपाल, विदिशा, ग्वालियर और इंदौर में 200 से अधिक बच्चे घायल होकर अस्पताल पहुंच चुके हैं। कई की आंखों की रोशनी स्थायी रूप से जा चुकी है, कुछ के चेहरे झुलस गए। दीपावली से 15-20 दिन पहले जब देश पटाखा जलाने और उससे होने वाले प्रदूषण के नुकसान के बीच बहस में उलझा था, इंस्टाग्राम और यूट्यूब की रील में पीवीसी पाइप से बनी एक पटाखा गन को कूल अंदाज में प्रोत्साहित किया जा रहा था। कंटेंट बनाने वाले इसे ग्रीन पटाखा बता रहे थे। उसी बीच शहर के अलग-अलग हिस्सों में कुछ लोगों ने सड़क किनारे चादर बिछाकर इसकी दुकानें लगाईं। वे पानी से भरे पाइप में कार्बाइड डालते, पत्थर के टुकड़े डालते, हिलाते और पत्थर निकाल लेते। उसके बाद लाइटर का बटन दबाते उसमें धमाका होता।

हमीदिया में 40 और एम्स में 13 मरीजों का चल रहा इलाज

कलेक्टर कौशलेंद्र पहुंचे हमीदिया, भर्ती घायलों से मिलकर कहा-इलाज में नहीं रहेगी कोई कमी, दिए 5-5 हजार रुपए



गुरुवार को एम्स भोपाल में चार मरीज अपना इलाज कराने पहुंचे। इनमें से एक 14 वर्षीय बालक की आंख और चेहरा इतना ज्यादा खराब हो चुका था कि मरीज को दिल्ली एम्स रेफर करना पड़ा। इस बीच कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह हमीदिया अस्पताल पहुंचे और घायलों के हाल जाने। इस दौरान उन्होंने घायलों को भरोसा दिलाया कि उनके इलाज में कोई कमी नहीं रखी जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने घायलों को पांच पांच हजार रुपए की भी सहायता दी। इधर, एम्स की नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. भावना शर्मा ने बताया गुरुवार को ओपीडी में कुल चार मरीज पहुंचे जो पटाखा गन से घायल हुए हैं। हमीदिया अस्पताल में कुल 40 मरीज भर्ती हैं, जबकि एम्स भोपाल में 13 मरीज भर्ती हैं। इसके लिए 70 से ज्यादा मरीज शहर के अन्य अस्पतालों में भर्ती हैं।

तीन दिन में 15 ऑपरेशन

अब तक इस खतरनाक पटाखे से शहर और आस पास के क्षेत्र में 150 से ज्यादा लोग घायल हो चुके हैं। हमीदिया अस्पताल व अन्य बड़े अस्पतालों में बीते तीन दिन में 15 से ज्यादा मरीजों की आंख की सर्जरी की जा चुकी है।

आंख के साथ चेहरा भी खराब

बीएमएचआरसी की नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. हेमलता ने बताया कि पटाखा गन से सिर्फ आंखें खराब नहीं हो रही हैं, बल्कि चेहरा भी जल रहा है। चेहरे पर ऐसा प्रतीत होता है जैसे किसी ने ऐसिड का अटैक कर दिया हो।

दिवाली बाद लगाई कार्बाइड गन बेचने पर रोक, होगी एफआईआर

भोपाल। राजधानी के दिवाली पर डेढ़ सौ से अधिक लोगों की आंखों को नुकसान पहुंचाने वाली कार्बाइड गन पर दिवाली के बाद रोक लगाई गई है। गुरुवार को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने धारा-163 के तहत प्रतिबंधित आदेश जारी किया है। ऐसे में कार्बाइड गन बेचना, खरीदना और स्टॉक करने पर थाने में एफआईआर दर्ज की जाएगी। राजधानी में दिवाली के मौके पर कार्बाइड गन के नाम से बिकने वाली इस पटाखा गन की जमकर खरीद-फरोख्त की गई है, जिससे डेढ़ सौ से ज्यादा लोगों की आंखों को नुकसान पहुंचा है। कलेक्टर की सभी एसडीएम को हिदायत के बाद कोलार, बैरागढ़, हुजूर, टीटी नगर, एमपी नगर और शहर एसडीएम पटाखा दुकानों पर कार्बाइड गन की जांच करने पहुंचे, लेकिन उन्हें गन नहीं मिली। वहीं दिवाली के एक दिन पहले गोविंदपुरा और बैरसिया एसडीएम ने पचास से अधिक गन जब्त की थीं। जबकि बैरागढ़ क्षेत्र में थोक दुकानों पर खानापूर्ति की गई, जिससे थोक दुकानदारों ने फुटकर कारोबारियों को जमकर कार्बाइड गन की बिक्री कर दी। इसी का नतीजा है कि डेढ़ सौ से ज्यादा लोगों को गन की वजह से अस्पताल पहुंचना पड़ा है।

मथुरा मालगाड़ी बेपटरी होने का असर

श्रीधाम एक्सप्रेस पौने सात घंटे, भोपाल एक्सप्रेस तीन घंटे की देरी से आई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मथुरा से दिल्ली जा रही डाउन रेलवे लाइन पर मालगाड़ी बेपटरी होने से यात्रियों को गुरुवार को परेशानी का सामना करना पड़ा। दरअसल, रेलवे की ओर से इस हादसे के चलते जहां कई ट्रेनों को रि-शेड्यूल की गई थी। इसके चलते भोपाल आने वाले कई ट्रेनें आधा घंटे से 6:41 मिनट तक की देरी से पहुंची। इसके कारण यात्रियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ गया।

भोपाल स्टेशन से आगे सफर करने वाले यात्रियों को मजबूरी में भोपाल स्टेशन पर ट्रेनों के इंतजार में घंटों परेशान होना पड़ा। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि अब रेलवे ट्रैक ठीक हो गया है। रेल यातायात भी मथुरा से सामान्य हो गया। अब सभी ट्रेनें नियमित व समय से आएगी। यात्रियों को किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं होगी। तो वहीं 60 से अधिक यात्रियों ने अपने टिकट निरस्त करा लिए।

यह ट्रेन आई देरी से

- 12920 मालवा एक्सप्रेस 4.14 मिनट लेट आई
- 12191 श्रीधाम एक्सप्रेस-6:-41 घंटे
- 12716 अमृतसर-नांदेड़ सचखंड एक्सप्रेस 4.18 घंटे की देरी से
- 11058 अमृतसर एक्सप्रेस 1:17 घंटे की देरी से
- 12724 तेलंगाना एक्सप्रेस 3.07 घंटे की देरी से
- 12616 जीटी एक्सप्रेस 5.04 घंटे की देरी से
- 12622 तमिलनाडु एक्सप्रेस-2:41 घंटे की देरी से
- 12722 दक्कन एक्सप्रेस 0:51 मिनट लेट आई
- 12626 केरला एक्सप्रेस 5:30 घंटे की देरी से
- 12156 भोपाल एक्सप्रेस 3:06 घंटे की देरी से
- 18238 छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस 0:51 मिनट लेट आई

भाई दूज पर देरी से पहुंचे घर

मथुरा रेल हादसे के बाद जहां ट्रेनों की देरी से ट्रेन के इंतजार में भोपाल स्टेशन पर यात्रियों की काफी भीड़ देखने को मिली। स्टेशन के सभी प्लेटफार्म पर यात्रियों बड़ी संख्या भीड़ देखने को मिली। तो वहीं भोपाल से इटारसी सहित अन्य जगहों पर जाने वाले यात्रियों ने जो भी ट्रेन आई,उसमें ही सवार होना उचित समझा। इसके चलते सीट पाने के लिए यात्री अपनी जान तक को जोखम में डाल कर ट्रेन के आने से पहले ही यात्री पटरी पार दूसरी ओर खड़े होते नजर आ रहे है। ट्रेनों की देरी की वजह से कई लोग भाई दूज पर घर देरी से पहुंच सके। इसके चलते बहनों से टीका भी देरी से लगा सके। बिना से भोपाल आने वाले शैलेन्द्र पवार ने बताया कि वह बीना स्टेशन पर इंतजार कर रहे थे। लेकिन दिल्ली से आने वाली कई ट्रेनें घंटो की देरी से आई। इसके चलते वह भी भोपाल देरी से पहुंचे।

नगर निगम की वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने का आखिरी दिन आज

भोपाल। एक जनवरी 26 को 18 साल उम्र पूरी करने वाले मतदाता, नया नाम जुड़वाना, मृतकों के नाम कटवाना, पता बदलावाना, विधानसभा चेंज कराना सहित वोटर कार्ड से जुड़े सभी कामों के लिए 24 अक्टूबर तक वार्ड दफ्तरों पर बीएलओ मौजूद रहेंगे। मतदाता सुबह 10 से शाम 6 बजे तक इन मतदान केंद्रों पर पहुंचकर दस्तावेज पेश कर सकते हैं। जहां बीएलओ मौके पर ही ऑनलाइन फीडिंग कर कार्रवाई शुरू करेंगे। आम लोग भी वार्ड दफ्तर जाकर नगर निगम की वोटर लिस्ट में अपना नाम चेक करा सकते हैं। भोपाल नगर निगम के 85 वार्डों में 17 लाख 90 हजार 905 वोटर हैं, जिसमें 9 लाख 18 हजार 527 पुरुष और 8 लाख 72 हजार 914 महिला सहित 164 अन्य मतदाता शामिल हैं। ऐसे मतदाता जिनकी उम्र 1 जनवरी 2026 को 18 साल पूरी हो रही है, वह नए वोटर कार्ड के लिए आवेदन कर सकेंगे। बीएलओ को सभी वार्ड दफ्तरों में बैठने की हिदायत दी गई है, जहां जाकर आम लोग अपना नाम 24 अक्टूबर तक देख सकते हैं। इस प्रक्रिया में एसआईआर को लागू नहीं किया गया है। उपजिला निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता का कहना है कि शुक्रवार को नगर निगम, नगर पालिका और पंचायत क्षेत्र के नाम जुड़वाने का काम खत्म होने के बाद दावे-आपत्ति लेने का काम शुरू कर दिया जाएगा।

सीएमएचओ ने देखी लक्ष्य और एनकॉस मूल्यांकन की तैयारियां

बैरागढ़ अस्पताल पहुंचे सीएमएचओ: लेबर रूम में इंफेक्शन कंट्रोल, मरीजों के अधिकार, इमरजेंसी दवाएं और स्वच्छता का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी भोपाल की स्वास्थ्य संस्थाओं में अक्टूबर माह में होने जा रहे लक्ष्य कार्यक्रम और नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड सर्टिफिकेशन की तैयारियों का जायजा लेने के लिए सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा द्वारा जिले की विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं का निरीक्षण किया गया। जिसमें ओपीडी, लेबर रूम,आईपीडी, पैथोलॉजी लैब, फॉर्मेसी इत्यादि विभागों की सेवाओं को परखा गया था।

27 से 29 अक्टूबर तक स्वास्थ्य संस्थाओं का नेशनल लेवल एसेसमेंट किया जा रहा है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर भौंरी और इमलिया में नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड के तहत असेसमेंट किया जाएगा। जबकि सिविल हॉस्पिटल बैरागढ़ में लक्ष्य कार्यक्रम के तहत मैटरनिटी ओटी की सेवाओं का मूल्यांकन किया जाएगा। डॉ. मनीष शर्मा ने बैरागढ़ में लेबर रूम में इंफेक्शन कंट्रोल, स्टाफ की उपलब्धता, प्रशिक्षण, रिकॉर्ड संधारण, मरीजों के अधिकार, दस्तावेजों की गोपनीयता, उपकरण एवं संसाधनों की उपलब्धता, इमरजेंसी दवाएं, स्वच्छता का निरीक्षण किया गया। साथ ही उपकरणों, इमरजेंसी प्रोटोकॉल, स्टाफ की क्लिनिकल जानकारी, हाउसकीपिंग, लॉन्ड्री, मशीनों की स्थिति, मरीजों की काउंसलिंग, रेफरल सिस्टम, दवाइयों, एएनसी प्रोटोकॉल, पोस्ट नेटल केयर, स्तनपान, कंगारू मदर केयर सेवाओं का मूल्यांकन किया गया।



38 स्वास्थ्य संस्थाओं का मिला नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड

अब तक भोपाल की 38 स्वास्थ्य संस्थाओं का प्रमाणीकरण नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड में हो चुका है। जिनमें जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, शहरी स्वास्थ्य संस्थाएं एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर शामिल हैं। चार स्वास्थ्य संस्थाओं को लक्ष्य प्रमाणीकरण मिला है। यह प्रमाणीकरण स्वास्थ्य संस्थाओं की गुणवत्ता के लिए दिए जाते हैं।

डॉ. मनीष शर्मा, *सीएमएचओ*

ठोस प्रगति नहीं होने पर तय हो सकती है जवाबदेही

एनजीटी: तालाब में मिल रहे सीवेज और अतिक्रमण की रिपोर्ट 31 को होगी पेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी स्थित बड़े तालाब में मिल रहे सीवेज और ग्रीन बेल्ट में किए गए अतिक्रमण मामले पर 31 अक्टूबर 2025 को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) में रिपोर्ट पेश की जाएगी। एनजीटीग्रे पिछली सुनवाई में सरकार और स्थानीय प्रशासन को इसके लिए तारीख तय कर दी है।

ट्रिब्यूनल ने दो हफ्तों में पूरी रिपोर्ट मांगी है, जिसमें अतिक्रमण हटाने, सीवेज रोकने और वेटलैंड्स की बहाली के लिए अब तक क्या कार्रवाई हुई, इस पर पूरी रिपोर्ट पेश की जाएगी। इस मामले में अब 31 अक्टूबर को सुनवाई होगी। इससे पहले 7 अक्टूबर को हुई सुनवाई में सरकारी वकील ने बेंच को बताया था कि बड़े तालाब से सभी अतिक्रमण हटा दिए गए हैं, इसलिए याचिका अब निरर्थक है। इस पर याचिकाकर्ता राशिद नूर खान की ओर से अधिवक्ता हर्षवर्धन तिवारी ने दलील दी थी कि सरकार कोर्ट को सही जवाब नहीं दे रही है।

अब तक 227 अतिक्रमणों की पहचान हुई

सुनवाई के दौरान बेंच को बताया गया था कि अपर झील में 41 नालों से बिना शोधन वाला सीवेज अब भी पहुंच रहा है। अब तक 227 अतिक्रमणों की पहचान हो चुकी है, लेकिन ज्यादातर अभी हटाए नहीं गए हैं। पिछली सुनवाई में बेंच ने सुनवाई करते हुए कहा था कि अब राज्य सरकार को यह तय करना होगा कि वह वेटलैंड्स को बचाना चाहती है या केवल औपचारिकता निभाना। एनजीटी ने यह भी कहा कि अगर अगली सुनवाई तक कोई ठोस प्रगति नहीं दिखाई गई, तो ट्रिब्यूनल स्वयं उच्च अधिकारियों की जवाबदेही तय करेगा।

शहरभर से रोजाना 900 टन कचरा पहुंचता है आदमपुर, होता है ट्रीटमेंट

मशीनों का संचालन नहीं रुके इसलिए रोज मिलता है डीजल, फिर भी अक्सर कई घंटों तक मशीनें हो रहीं बंद

आदमपुर लैंडफिल साइट पर कई पोकलेन मशीनें बंद, कचरे के निष्पादन में आ सकती है दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रायसेन रोड पर आदमपुर छावनी में लैंडफिल साइट पर शहरभर से पहुंचने वाले कचरे के निष्पादन के काम में लगीं कई पोकलेन मशीनें बंद हैं। इसके कारण निष्पादन का काम प्रभावित हो सकता है। गत दिवस हरिभूमि की टीम ने आदमपुर में उक्त स्थल का निरीक्षण किया तो करीब 10 पोकलेन मशीनें नजर आईं, जिनमें से केवल दो ही संचालित हो रही थीं।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मशीनें अक्सर कई घंटे बंद रहती हैं, जबकि मशीनों के संचालन के लिए रोज डीजल दिया जाता है।



निगरानी के लिए कैमरे लगे हैं

आदमपुर में सभी मशीनें चल रही हैं। लंच समय में जरूर मशीनें बंद होती हैं। जीपीएस सिस्मट और निगरानी के लिए कैमरे लगे हैं।

विजय गोयल, *उपयंत्री, प्रभारी, डीजल टैंक*

त्यौहारों पर बढ़ जाती है कचरे की मात्रा

शहरभर से पहुंचने वाले कचरे को मशीनों के माध्यम से एकत्र करने का काम किया जाता है। यह काम पोकलेन मशीनों से होता है। जो इन दिनों अक्सर बंद देखी जा रही हैं जबकि त्यौहारी सीजन में कचरे की मात्रा अधिक बढ़ जाती है। जबकि जिम्मेदारों का कहना है कि सभी मशीनें चल रही हैं। लंच का समय होने के कारण हो सकता हो कि मशीनें बंद हों।

यहां लगी हैं यह मशीनें, जिनसे होता है ट्रीटमेंट

आदमपुर में गीला-सूखा कचरा अलग-अलग करने के बाद प्रोसेस के लिए प्रोसेसिंग यूनिट है। मवेशियों के लिए इंसीनेटर लगा हुआ है। इसके संचालन में भी तकनीकी कमियां बताई जा रही हैं। जबकि लीचेट ट्रीटमेंट प्लांट में भी पूरी तरह से काम नहीं कर रहा है। इन कमियों को दूर करने की ओर जिम्मेदारों का ध्यान नहीं है।



जैकेट का शेष....

बैंक अकाउंट में...

और सेफ्टी लॉकर्स के लिए सिर्फ एक्सेसिव नॉमिनेशन यानी एक के बाद एक नाम नॉमिनेट करने की इजाजत होगी।

गुरुवार को वित्त मंत्रालय ने बताया कि बैंकिंग लॉज (अमेंडमेंट) एक्ट, 2025 के नॉमिनेशन से जुड़े मुख्य नियम 1 नवंबर से लागू होंगे। ये एक्ट 15 अप्रैल 2025 को नोटिफाई हुआ था।

हेमंत की 'स्मार्ट...

है। आशीष को विधानसभा चुनाव से पहले लोकेंद्र पाराशर के स्थान पर मीडिया प्रभारी बनाया गया था। भाजपा के चार मोर्चों के प्रदेश अध्यक्षों की नामों की घोषणा भी कार्यकारिणी के साथ की गई है। इनमें जयपाल सिंह चावड़ा को किसान मोर्चा, भगवान सिंह परमार को एससी मोर्चा, पंकज टेकाम को एसटी मोर्चा और पवन पाटीदार को पिछड़ा वर्ग मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

निवाड़ी के सॉफ्टवेयर...

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मदद की अपील की थी। उनके चाचा ने सरकार से हेलिकॉप्टर या एनडीआरएफ की मदद से सर्चिंग तेज करने का अनुरोध किया था। पृथ्वीपुर विधायक नितेंद्र सिंह राठौड़ ने भी मुख्यमंत्री से पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता करने की अपील की थी। इसके बाद सीएम डॉ. यादव ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से फोन पर बात कर रेस्क्यू ऑपरेशन में तेजी लाने की अपील की थी। उत्तराखंड पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। रिपोर्ट आने के बाद पार्थिव शरीर परिवार को सौंपा जाएगा।

ऑनलाइन कंटेंट पर...

सुरक्षा, सार्वजनिक व्यवस्था और शालीनता से जुड़ी ऑनलाइन कंटेंट पर नियंत्रण को ज्यादा सख्त करने के उद्देश्य से उठाया है। नई गाइडलाइंस के तहत, प्लेटफॉर्म पर गैरकानूनी कंटेंट मिलने पर इंटरमीडियरी को इसे 36 घंटे में हटाना होगा। अब किसी भी इंटरमीडियरी प्लेटफॉर्म (जैसे सोशल मीडिया, वेबसाइट, ऑनलाइन सर्विस प्रोवाइडर आदि) पर यदि ऐसी कोई जानकारी, फोटो, वीडियो या कंटेंट मौजूद है जो किसी भी कानून के तहत निषिद्ध है। नई गाइडलाइंस के मुताबिक अगर किसी इंटरमीडियरी को ऐसी वास्तविक जानकारी मिलती है कि उसके प्लेटफॉर्म पर कोई गैरकानूनी या प्रतिबंधित कंटेंट है, तो उसे 36 घंटे के भीतर उसे हटाना होगा। 'वास्तविक जानकारी' केवल दो मामलों में मानी जाएगी- न्यायालय के आदेश से या सरकार/अधिकृत एजेंसी के वरिष्ठ अधिकारी की लिखित सूचना से। यह सूचना केवल ऐसा अधिकारी दे सकेगा जो संयुक्त सचिव या उसके समकक्ष पद पर हो। अगर राज्य सरकार की ओर से जारी की जा रही है, तो वह अधिकारी डायरेक्टर या समकक्ष पद का होना चाहिए। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि सभी ऐसी लिखित सूचनाओं की हर महीने समीक्षा की जाएगी। अगर यह सूचना पुलिस प्रशासन की ओर से दी जा रही है, तो अधिकारी का पद उप पुलिस महानिरीक्षक से नीचे नहीं होना चाहिए और उसे राज्य सरकार द्वारा विशेष रूप से इस उद्देश्य के लिए अधिकृत किया गया होना चाहिए।

कार्रवाई में कानूनी ...

साफ-साफ बताया जाएगा कि किस कानूनी आधार और अधिनियम की धारा के तहत कार्रवाई की जा रही है, किस प्रकार का अवैध कार्य हुआ है और किस यूआरएल या डिजिटल लिंक को हटाना या ब्लॉक करना है।

पेज एक का शेष....

अब तक 29 ....

व्यतीत करे। डॉ. यादव मुख्यमंत्री निवास में आयोजित भाईदूज कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाईदूज पर्व हमारी संस्कृति की आत्मा, भाई-बहन के स्नेह और अपनत्व का प्रतीक है। डॉ. यादव ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे लाड़ली बहनों के रूप में 1 करोड़ 26 लाख से अधिक बहनें मिली हैं। हम बहनों के जीवन में नई रोशनी, नई खुशी जोड़ रहे हैं। प्रदेश की सभी लाड़ली बहनों को अब हर माह 1500 रुपए मिलेंगे। बहनों के लिए सरकार के खजाने में कोई कमी नहीं है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की शुरुआत जून 2023 में हुई थी, तब से अक्टूबर 2025 तक 29 किस्तों में सरकार ने बहनों को करीब 45 हजार करोड़ रुपए की राशि बहनों के खातों में भेजी है। मुझे यह जानकर बेहद खुशी होती है कि किसी बहन ने इस पैसे से सिलाई मशीन खरीदी, तो किसी ने फोटोकॉपी मशीन, किसी बहन ने अचार-पापड़ का बिजनेस शुरू किया, तो किसी बहन ने बकरी और गाय खरीदकर डेयरी शुरू की। अब उसकी कमाई से बच्चों को अच्छी शिक्षा, परिवार को अच्छा जीवन देने में सफल हो रही हैं।

लाड़ली बहनों पर ...

पहनाया, नारियल भेंट कर अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने बहनों को उपहार भेंट दी और मिठाई खिलाकर आभार जताया। कार्यक्रम में मौजूद लाड़ली बहनों ने भाई-बहन के प्रेम और स्नेह पर केंद्रित निमाड़ी लोकगीत गाए, नृत्य किया और परम्परागत स्वर लहरियों की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम स्थल को अपनत्व से भाव-विभोर कर दिया। लाड़ली बहनों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का तिलक कर उनकी दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं प्रदेश की खुशहाली की कामना की।

मुख्यमंत्री निवास बहनों ...

हम आपके लाड़ले बने रहें। यह ऐतिहासिक भाईदूज मध्यप्रदेश की लाड़ली बहनों को समर्पित है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने रोजगारपरक नीति तैयार कर बहनों को उद्योग में काम करने पर 5 हजार रुपए की राशि अतिरिक्त सहायता के रूप में देने का निर्णय लिया है। अगर बहनें अपना उद्योग स्थापित करें, तो उन्हें 2 प्रतिशत की छूट अलग से दी जा रही है। बहनों के नाम पर मकान, दुकान और जमीन की रजिस्ट्री कराने पर अलग से छूट दिए जाने का प्रावधान है।

2 जिलों में ....

के तहत केस दर्ज किया गया है। कटनी के बाकल थाने पर बुधवार देर रात कुछ लोगों ने हमला कर दिया। इसमें दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। एक की हालत गंभीर है। पुलिस ने 5 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने बताया कि 19 अक्टूबर को कुणाल सिंह राजपूत ने एफआईआर दर्ज कराई थी। उसने कहा था कि असीम खान और आमिल खान उसे जबरन अज्ञात स्थान पर ले गए। वहां बेरहमी से पीटा। सिगरेट से दागा। मोबाइल छीनने की कोशिश की। वह किसी तरह बचकर भाग आया। मामले में हल्की धाराएं लगाने का आरोप लगाते हुए करणी सेना ने विरोध जताया है। संगठन पदाधिकारियों का कहना था कि पुलिस ने जानबूझकर मारपीट का कमजोर केस दर्ज किया है। आरोपियों के खिलाफ अपहरण और हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया जाए।

नागौद एसडीओपी के भाई से मारपीट: सतना के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में नागौद एसडीओपी रघु केशरी के भाई रवि केशरी से एक ढाबे पर मारपीट हो गई। बुधवार देर रात हुई इस घटना में रवि केशरी के सिर में चोट आई है। रवि केशरी अपनी पत्नी के साथ कार में थे और रैगांव मोड़ के पास स्थित ढाबे के सामने उनकी आपस में कहा-सुनी हो रही थी। घटना की सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ढाबा संचालक रवि सिंह सहित चार लोगों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पन्ना में पुलिस ....

को पकड़ने के लिए धरमपुर गांव गए थे। पुलिस टीम के गांव पहुंचते ही आरोपियों ने विवाद शुरू कर दिया। गांव के 40 से 50 लोगों ने पुलिस को घेरकर कुल्हाड़ियों से हमला कर दिया। हमले के दौरान आरोपियों ने थाना प्रभारी और कॉन्स्टेबल को बंधक बना लिया। 8 पुलिसकर्मी अपनी जान बचाकर हथियार छोड़कर गांव से भाग निकले।

अब अगले 6 ....

ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में होगी। शीतकाल में बाबा केदार के द्वार बर्फबारी की वजह से बंद हो जाते हैं क्योंकि वहां इतनी बर्फबारी पड़ती है कि मंदिर तक पहुंच जाना और आध्यात्मिक गतिविधियों को कर पाना मुश्किल हो जाता है। सर्दियों में सिर्फ बाबा केदार ही अपना स्थल नहीं बदलते, बल्कि गंगोत्री, यमुनोत्री और बद्रीनाथ भगवान भी अपना स्थल बदलते हैं। गंगोत्री धाम को मुखवा में रखा जाता है, यमुनोत्री धाम को खरसाली में स्थापित किया जाता है, जबकि बाबा बद्रीनाथ को पांडुकेश्वर और ज्योर्तिमठ में स्थापित किया जाता है।

यमुनोत्री धाम के ....

रवाना हुई थी, जहां शनि देव की डोली कपाटबंदी की विशेष पूजाओं में शामिल हुई और कपाटबंदी के बाद मां यमना की डोली अपने भाई शनि समेश्वर देवता की डोली के साथ शीतकालीन प्रवास खरसाली के लिए रवाना हो गई।

पांच सबसे ठंडे ....

केंद्र के अनुसार शुक्रवार तक प्रदेश के 15 जिलों में बादल, बौछारों और बारिश का सिलसिला चल सकता है। इनमें रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन, बड़वानी, अलीराजपुर, धार, इंदौर, देवास, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा जिला शामिल है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी प्रदेश के आसपास सिस्टम होने और नमी आने से मौसम ऐसा ही रहेगा। नवंबर की शुरूआत में सर्दी असर करेगी। अनूपपुर 16.3, नौगांव 17.6, खंडवा 18, मलाजखंड (बालाघाट) 18.6 और शिवपुरी में रात का पारा 19 डिग्री रहा। शेष प्रदेश में औसत न्यूनतम पारा 21 डिग्री के करीब रहा है। लगातार दो दिन से प्रदेश की प्रसिद्ध हिल स्टेशन पचमढ़ी में रात का पारा भोपाल से अधिक दर्ज हो रहा है। तीसरे दिन गुरुवार को भी बादल और मौसम में बदलाव से यह सिलसिला जारी रहा है। पचमढ़ी में पारा 1.2 डिग्री बढ़कर 20.4 डिग्री रहा, जो सामान्य से 8 डिग्री अधिक है। वहीं, भोपाल में यह 20.6 डिग्री रहा। सबसे अधिक बढ़त भोपाल, शिवपुरी, उज्जैन और टीकमगढ़ में 2 से 3 डिग्री तक रही है।

अब तक की ...

विक्रेताओं के लिए दीपावली धमाकेदार रही है और जीएसटी दरों में कटौती से खपत में बढ़ोतरी हुई है, जिससे मध्यम वर्ग को इस त्योहारी सीजन में अपने बजट में ही अधिक शॉपिंग करने का मौका मिला है। वित्त मंत्री ने आगे कहा कि लैब में तैयार हीरों से लेकर कैजुअल वियर और घरों को सजाने वाले उत्पादों तक, बाजार के बड़े और प्रीमियम दोनों सेगमेंट में तेजी आई।

पिछले साल से 25 प्रतिशत अधिक खरीदी: अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ (कैट) के अनुसार नवरात्रि से लेकर दीपावली तक चलने वाले फेस्टिव सीजन में गुड्स की बिक्री रिकॉर्ड 5.40 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गई है। इस दौरान करीब 65,000 करोड़ रुपए की सर्विसेज भी ग्राहकों की ओर से खरीदी गई हैं। कैट की रिसर्च विंग, कैट रिसर्च एंड ट्रेड डेवलपमेंट सोसाइटी के अनुसार, यह पिछले साल नवरात्रि से दीपावली की अवधि में हुई 4.25 लाख करोड़ रुपए की फेस्टिव सेल्स की तुलना में 25 प्रतिशत अधिक है।

रिटेल की हिस्सेदारी 85 प्रतिशत: सर्वेक्षण में बताया गया कि इसमें रिटेल की हिस्सेदारी 85 प्रतिशत रही है। ऑफलाइन मार्केट में भी मांग अच्छी रही है। कन्फेक्शनरी, होम डेकोर, जूते-चप्पल, रेडीमेड कपड़े, टिकाऊ उपभोक्ता सामान और दैनिक उपयोग की वस्तुओं जैसी प्रमुख उपभोक्ता और खुदरा श्रेणियों में जीएसटी दरों में कमी से मूल्य प्रतिस्पर्धा में काफी सुधार हुआ, जिससे खरीदारी में इजाफा हुआ है।

पेंटहाउस जलकर खाक...

पेंटहाउस में प्रवेश का परिवार रहता है। आग लगने के दौरान घर में प्रवेश, उनकी पत्नी श्वेता और दोनों बेटियां सौम्या (15) और मायरा (10) मौजूद थे। दम घुटने से प्रवेश अग्रवाल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी बड़ी बेटी सौम्या को गंभीर हालत में बॉम्बे हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि गार्ड्स ने कांग्रेस नेता की पत्नी श्वेता और छोटी बेटी मायरा को सुरक्षित बाहर निकाल लिया था। घटना का कारण हाई सिक्योरिटी बताया जा रहा है। अंदर एसी और डिजिटल लॉक लगे थे, जो रिमोट या फिंगर टच से ही खुलते थे। सुबह धुंए के कारण लॉक नहीं खुल पाया। टीआई तारेश सोनी के मुताबिक पेंटहाउस में मंदिर में अखंड दीपक जल रहे थे। वहीं, पास में ही एक स्टोर रूम भी था। कांग्रेस नेता प्रवेश अग्रवाल पूर्व सीएम कमलनाथ के करीबी थे। वे कमलनाथ की कोर टीम में शामिल रहे हैं।

हजरत पहलवान शाह दरगाह पर चादर चढ़ाई

मुस्लिमों ने संत प्रेमानंद महाराज के स्वास्थ्य लाभ की मांगी दुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭बैतूल

चर्चित संत प्रेमानंद महाराज के जल्द स्वस्थ होने की कामना को लेकर गुरुवार को बैतूल के प्रसिद्ध सूफी संत हजरत पहलवान शाह रहमतुल्लाह अलैह की दरगाह पर मुस्लिम समाजजनों ने चादर पेश की और विशेष दुआ मांगी। इस अवसर पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष सारिक खान, जौहर पटेल, असलम काजी, नूर पाशा



खान सहित कई मुस्लिम समाज के लोग मौजूद रहे। सभी ने एकत्रित होकर दरगाह पर चादर चढ़ाई और प्रेमानंद महाराज के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की अरदास की।

प्रेमानंद महाराज ने फिर शुरू की यात्रा



वृंदावन। प्रेमानंद महाराज के खराब सेहत की वजह से रोजाना होने वाला पदयात्रा कार्यक्रम रोक दिया गया था। गुरुवार को स्वास्थ्य कारणों से रुकी हुई संत प्रेमानंद महाराज की नियमित पदयात्रा फिर से शुरू हो गई है।

M.P. POWER GENERATING COMPANY LIMITED
Office of Addl. Chief Engineer (THC), Sirmour, Distt. - Rewa (M.P.)
E-mail : eehqthc@gmail.com

NOTICE INVITING TENDER (THROUGH E-TENDERING PROCESS ONLY)

M.P. Power Generating Co. Ltd. invites e-tenders from reputed contractor/firm on Percentage rate basis for the works as detailed below.

Sr. No.	Tender No.	Name of Work	Estimated Cost/Tender Cost (in Rs.)	EMD in Rs.	Date & Time for Closing of Online Submission	Date & Time e-opening of Tender
01.	2025_MPPGC_434834_1	Repair and strengthening of damaged bituminous road from Sirmour-Semariya to Beehar Barrage & Tail Regulator. (1.8015 Km)	34.86 Lakh/1,000	69800/-	11.11.2025 Up to 15.30 Hrs.	13.11.2025 Up to 15.30 Hrs.
02.	2025_MPPGC_434827_1	Proposal for earthwork for raising/Back filling of top bund and outer side slope embankment filling of L/S settled bank of PC-II from Km. 4.48 to Km. 5.90.	11.69 Lakh/1,000	23400/-	11.11.2025 Up to 15.30 Hrs.	13.11.2025 Up to 15.30 Hrs.

For detailed NIT, eligibility criteria, other terms & conditions of tender document & for any extension of due date/corrigendum/addendum etc. shall be available only on e-tendering Website : **www.mptenders.gov.in** and shall not be issued in print media.
M.P. Madhyam/122654/2025
ADDL. CHIEF ENGINEER (THC), SIRMOUR

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | विकित्सा | ज्योतिष | डिसले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644 9977912473

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

Hindblaze®
SMART WAY TO KITCHEN
Dealership & Trade Enquirie
8889422295
Auth. Dist:
Sundram Sales and Services
9589642295
MAGIC AUTO + CROWN 3B
COMBO OFFER PRICE 9990/-
3G HEAT AUTO CLEAN

GUPTA DECOR & FURNISHING
Kurl-on | Sleepwell | Springwel | bond
Foam & Mattress
Product Range Available
Sofa Cloth | Curtains | Wallpapers | Blinds
Pu Foam | Mattress | Carpets | Bed Sheet
WPC Doors | Door | Louvers | Glass Work
Wall Art | Wooden Flooring | Aluminium Work
Festive Offers Get Upto 20%* Off on All Product Range
CONTACT US
90009303994 | 8226043994 | 9981047959 | 9074270227
Shop No.222, Behind Sargam Talkies, Zone-II, M.P. Nagar, Bhopal
SUNDAY OPEN

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

प्लाट मात्र
3,55,000
हजार में
आसान किश्तों पर
साईट:-
220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

राशिफल

मेष मन अशान्त रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों के साथ वाद-विवाद से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

वृष मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी।

मिथुन मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

कर्क मन अशान्त रहेगा। मन में निराशा एवं असन्तोष भी हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

सिंह आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित रहें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है।

कन्या नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। सहयोग मिलेगा।

तुला आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु मन अशान्त हो सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

वृश्चिक मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

धनु व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। विदेशी कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

मकर आत्म संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे।

कुंभ आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेगा। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। पिता का साथ मिल सकता है।

मीन अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

शब्द पहेली - 6026



बाएँ से दाए-
1. सफल, उत्तीर्ण-4
5. ओस, रजनीजल-4
7. फरार होना, चंपत होना, पलायन करना-5
9. महीना, मास-2
10. साल का बारहवां भाग-2
13. पुचकारना-4
15. विष्णु, चक्रधारी-4
17. निरुत्तर होना-5
18. अपनत्व-5
20. असम के इस शहर को बादलों का घर कहा जाता हैं-4
23. निकृष्ट, अल्पतर-4
26. अंधकार-2
27. बुरा आदत-2
29. रसायन संबंधी-5
31. ब्राम्हण, सम्राट-4
32. गजानन, गणपति-4

ऊपर से नीचे
2. मां, आई, मदर-2
3. बारिश का गिरना-4
4. निर्माता, रचयिता-5
5. लज्जाना -4
6. मुलायम-2
8. उम्मीद-2
9. हार, जयमाल-2
11. हरे रंग का-2
12. वचन, प्रतिज्ञा-2
14. हैंडलूम, इस यंत्र पर धागों से बुनाई होती है-5
16. जनेऊ, उपनयन संस्कार-5
19. विलेन, नायक का विलोम-5
20. बादल-2
21. बुरी आदत-2
22. यम, मृत्यु का देवता-4
23. पानी के बहने की आवाज-2,2
24. वोट, अभिमत-2
28. इस जगह-2
30. कारावास, बंधन-2

शब्द पहेली -6025 का हल

क	ल	ह		म		प	र	दा	न	शी
पू		क	ल	श		छ	बी	ल		त
त	ल			व		ता			सा	ल
	ल		धा	रा	प्र	वा	ह		व	
म	क	ब	रा		था		म	हा	न	ता
			वा	दा		मा	स			
ह	म	रा	ही		पा		फ	र	मा	न
	पू		क	हा	नी	का	र		य	
ख	र			धी		र			का	न
प		ब	र	खा		ना	र	द		य
त	र	स	खा	ना		मा		म	न	न

सूडोकु नवताल- 6036

मध्यम

8		4	3	9	7	5		6
3					2			
		7	6	5				4
9	6		5			1		7
5		1	4		9	8		2
4		8					5	3
2				6	1	4		
			7					8
7		9	8	3	5	6		1

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल- 6035 का हल

7	8	4	9	5	2	6	1	3
9	6	2	4	3	1	8	5	7
1	3	5	7	8	6	2	4	9
4	2	3	6	1	5	9	7	8
8	5	9	2	4	7	1	3	6
6	7	1	3	9	8	4	2	5
3	1	7	8	6	4	5	9	2
5	9	6	1	2	3	7	8	4
2	4	8	5	7	9	3	6	1

MANGAL SENACHA, BANGALORE

करोंद गल्ला मंडी में अनाज व्यापारियों ने किया कांटा पूजन और मुहूर्त सौदे

सोयाबीन 800 रुपए नीचे 4501 और मक्का 1651 रु. क्विंटल हुआ नीलाम





वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

करोंद स्थित भोपाल कृषि उपज अनाज मंडी में गुरूवार की सुबह लाइसेंसी व्यापारियों ने 11.40 बजे से कांटा पूजन किया। तत्पश्चात नए कारोबारी साल में मंडी प्रांगण में सोयाबीन, मक्का, गेहूं और चना के मुहूर्त सौदे किए। नीलामी के दौरान सोयाबीन के मुहूर्त सौदे पिछले साथ से 800 रुपए नीचे भाव पर हुआ। पिछले साल सोयाबीन के मुहूर्त सौदे 5301 रुपए था, जो आज मंडी में सबसे ऊंचा सौदा 4501 रुपए क्विंटल के भाव हुआ।

मंडी में करीब 100 ट्रॉली कृषि उपज की आवक



अनाज मंडी के व्यापारियों की शीर्ष संस्था भोपाल ग्रेन मर्चेंट एंड ऑयल सीड्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश ज्ञानचंदानी और प्रवक्ता संजीव जैन ने बताया कि मंडी में विभिन्न कृषि उपज की करीब 100 ट्राली कृषि उपज की आवक हुई। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि आज मंडी प्रांगण में 70 ट्राली सोयाबीन , 15 ट्राली मक्का , 10 ट्राली गेहूं, और 8-10 ट्राली चने की आवक हुई। मुहूर्त सौदे गेहूं 3001 रुपए क्विंटल, मक्का 1651 रुपए क्विंटल और चना मे 5401 से 5501 रुपए के मुहूर्त सौदे हुए। एसोसिएशन अध्यक्ष हरीश ज्ञानंचदानी और प्रवक्ता संजीव जैन ने बताया कि मुहूर्त सौदे में 5 ट्रॉली सोयाबीन 4501 रुपए के भाव की ऊंची नीलामी बोली दीपक ट्रेडर्स ने और 40 क्विंटल सोयाबीन की 4361 रुपए के भाव के ऊंची बोली नमन ट्रेडर्स ने लगाकर खरीदी की, तो 30 क्विंटल मक्का का मुहूर्त सौदा 1651 रुपए क्विंटल के भाव की ऊंची बोली पूजा इंटरप्राइजेज ने लगाकर खरीदा, जबकि 3001 रुपए के भाव गेहूं का मूहूर्त सौदा राजीव जैन ने लगाकर 10 से 12 क्विंटल गेहूं खरीदा।

मुहूर्त सौदों की अपेक्षा काफी नीचे

अनाज कारोबारी संजीव जैन ने बताया कि मंडी के व्यापारियों ने पांच दिन बाद आज सुबह गल्ला व्यापारियों ने अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर कांटा पूजन के पश्चात मुहूर्त सौदे किए। उन्होंने बताया कि कृषि उपजों के भाव गत वर्ष मुहूर्त सौदों की अपेक्षा काफी नीचे रहे हैं। सोयाबीन के मूहूर्त सौदे 800 रुपए, गेहूं 200 से 250 रुपए, चना 500 रुपए, मक्का 300 रुपए प्रति क्विंटल नीचे भाव पर खुले । इसके अलावा मंडी में कृषि उपज की आवक भी कमजोर रही।

एसोसिएशन परिसर में एक-दूजे के गले मिले व्यापारी, दी दिवाली की बधाई

उल्लेखनीय है कि आज अनाज व्यापारियों की एसोसिएशन द्वारा नीलामी पश्चात एसोसिएशन परिसर में स्नेह सम्मेलन भी आयोजित किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रुप में यायातात एसीपी श्री यादव और निशातपुरा थाना प्रभारी प्रतिनिधि श्री चौहान उपस्थित हुए। इस मौके पर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सभी आंगतुक मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों को शॉल से सम्मानित किया। भोपाल ग्रेन एंड आईल सीड्स मर्चेन्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश ज्ञानचंदानी, कैट मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, भोपाल दाल चावल व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष ईश्वरदास संगतानी, सुंगधीलाल जैन, महेन्द्र कुमार डागा, दिलीप कुमार भूरानी, मनोहरलाल वासवानी, सुधीर कुमार मोता, राजेश जैन, निहालचन्द्र मोटवानी, नंदलाल सचदेव, राजेश गुप्ता, स्वदेश मंगल, चन्द्रप्रकाश अग्रवाल, संजीव कुमार जैन और संदीप कुमार जैन, राजीव जैन, रोहित जैन, विनोद मंगल, सुधीर माहेश्वरी, ईश्वरदास संगतानी सहित अन्य शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी और होलसेल अनाज व्यापारी, तुलावटी उपस्थित रहें। सभी लोगों ने एक-दूसरे के गले मिलकर दीपावली की शुभकामनाएं दी।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा-देश की ग्रोथ स्टोरी में अहम भूमिका

एसबीआई को न्यूयॉर्क बेस्ड ग्लोबल फाइनेंस से दो प्रतिष्ठित अवॉर्ड मिले

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



देश के सबसे बड़े बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने गुरुवार को कहा कि उसे न्यूयॉर्क बेस्ड ग्लोबल फाइनेंस से दो प्रतिष्ठित अवॉर्ड मिले हैं, जिसमें वर्ल्ड बेस्ट कंज्यूमर बैंक 2025 और बेस्ट बैंक इन इंडिया 2025 शामिल हैं। बैंक की इस उपलब्धि की सराहना करते हुए केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि हमारे अपने भारतीय स्टेट बैंक को ग्लोबल फाइनेंस, न्यूयॉर्क द्वारा 2025 के सर्वश्रेष्ठ बैंक अवॉर्ड समारोह में इसकी उत्कृष्ट सेवा और विश्वव्यापी ग्राहक विश्वास के लिए दो प्रतिष्ठित उपाधियों से सम्मानित किया गया है।

केंद्रीय मंत्री ने कहाकि इस बहुप्रतीक्षित सम्मान के लिए समस्त एसबीआई परिवार को हार्दिक बधाई। वित्तीय समावेशन के प्रति एसबीआई की दृढ़ प्रतिबद्धता और समाज के हर वर्ग की सेवा के लिए उसके निरंतर प्रयास, भारत की ग्रोथ स्टोरी को आगे बढ़ाने में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका का प्रमाण हैं। विश्व बैंक और आईएमएफ की वार्षिक बैठक 2025 के दौरान आयोजित ग्लोबल फाइनेंस अवार्ड समारोह में न्यूयॉर्क स्थित ग्लोबल फाइनेंस द्वारा यह अवॉर्ड प्रदान किया गया। एसबीआई के समूह अध्यक्ष चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी ने कहा कि ग्लोबल फाइनेंस द्वारा एसबीआई की उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को मान्यता दिए जाने से हम बेहद सम्मानित महसूस कर रहे हैं। 52 करोड़ ग्राहकों की सेवा करने और प्रतिदिन 65,000 नए ग्राहक जोड़ने के लिए टेक्नोलॉजी और डिजिटलीकरण में निवेश की आवश्यकता है। उन्होंने आगे कहा कि एक 'डिजिटल फर्स्ट, उपभोक्ता फर्स्ट' बैंक के रूप में, हमारा प्रमुख मोबाइल एप्लिकेशन 10 करोड़ से अधिक ग्राहकों को सेवा प्रदान करता है, जिसके 1 करोड़ दैनिक सक्रिय उपयोगकर्ता हैं। यह दोहरी मान्यता इनोवेशन, वित्तीय समावेशन और ग्राहक उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध एक वैश्विक बैंकिंग अग्रणी के रूप में एसबीआई की स्थिति को मजबूत करती है। एसबीआई ने एक बयान में कहाकि ये पुरस्कार तकनीकी नेतृत्व बनाए रखते हुए और भारत के विविध भौगोलिक परिदृश्य में सेवाओं का विस्तार करते हुए विश्व स्तरीय बैंकिंग अनुभव प्रदान करने में बैंक की सफलता को मान्यता देते हैं। एसबीआई ने बताया कि उसने वित्त वर्ष 2024 में 'एसएमई डिजिटल बिजनेस लोन' योजना शुरू होने के बाद से अगस्त 2025 तक 2.25 लाख एसएमई डिजिटल लोन प्रोसेस किए हैं, जिनकी कुल क्रेडिट सीमा 74,434 करोड़ रुपए है। इसमें 3,242 करोड़ रुपए के 67,299 एमएसएमई मुद्रा लोन की प्रोसेसिंग शामिल है।

विजय वल्लभ किसान सेवा केंद्र ने पारंपरिक ढंग से मनाए सभी त्यौहार

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



करोंद स्थित पंडित लक्ष्मीनारायण कृषि उपज मंडी के नरेंद्र मोदी प्रवेश द्वार यानी अनाज मंडी गेट के सामने संचालित विजय वल्लभ किसान सेवा केंद्र (भारत पेट्रोलियम का पेट्रोल पंप) पर पंप संचालक राजेश जैन के दिशा निर्देश और मार्ग दर्शन में पंप स्टॉप और कर्मचारियों द्वारा नवरात्रि से लेकर भाई दूज तक सभी त्यौहार पारंपरिक और धूम धाम से मनाए गए।

विजय वल्लभ किसान सेवा केंद्र के नाम से संचालक बीपीसीएल के इस पेट्रोल पंप पर पंप संचालक राजेश जैन द्वारा आकर्षक साज-सज्जा की गई। तथा यहां के सभी कर्मचारियों ने पारंपरिक परिधान धोती-कुर्ता, साड़ी, कुर्ता-पाजामा पहनकर त्यौहारों की खुशियों में चार चांद लगाए। इसके अलावा पंप पर ग्राहकों के लिए आकर्षक उपहार योजना चलाई गई और ग्राहकों उपहारों का वितरण किया।

भारतीय अर्थव्यवस्था को लगा भाई दूज पर बूस्टर डोज का टीका

भोपाल में 30 करोड़ तो देशभर में हुआ 22 हजार करोड़ रुपए का रिकॉर्ड कारोबार



वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत को मिली मजबूती

कैट के राष्ट्रीय महासचिव प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि भाई दूज केवल एक पारिवारिक त्योहार नहीं है, बल्कि यह भारत की अर्थव्यवस्था में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष के समारोहों ने सरकार के 'वोकल फॉर लोकल' और 'आत्मनिर्भर भारत' अभियानों को भी मजबूती दी। कैट ने रिपोर्ट दी कि स्वदेशी वस्तुओं की बिक्री में पिछले साल की तुलना में लगभग 50 फीसदी की वृद्धि हुई है। पारंपरिक मिठाई, हाथ से बने उपहार, ड्राई फ्रूट्स और हथकरघा कपड़ों की जोरदार मांग रही। खंडेलवाल ने इस बात पर जोर दिया कि यह त्योहार भारत के गैर-कॉर्पोरेट और गैर-कृषि क्षेत्र की लचीलापन को दर्शाता है, जो देश के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कैट का मानना है कि भाई दूज जैसे अवसर न केवल सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देते हैं।

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल सहित मध्यप्रदेश और देशभर में भाई दूज का पर्व धूमधाम से मनाया गया। यह पर्व भोपाल सहित देशभर के बाजारों में लिए खुशियों की सौगात लेकर आया। व्यापारिक संस्था कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने बताया कि भाई दूज के अवसर पर पूरे देश में अनुमानित 22,000 करोड़ रुपए का बड़ा कारोबार हुआ। यह आंकड़ा भारतीय अर्थव्यवस्था में पर्व के महत्व को दर्शाता है।

जितना बड़ा त्यौहार उतना बड़ा व्यापार : नवनीत



अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री नवनीत अग्रवाल ने बताया कि इस बड़े कारोबार में मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल का 30 करोड़ रुपए से अधिक का योगदान दिया। उन्होंने कहकि भारतीय संस्कृति और सनातन के अनुसार अब स्थित ऐसी निर्मित हो गई है कि जितना बड़ा त्यौहार उतना बड़ा व्यापार होता है। जो भारतीय अर्थव्यवस्था को बूस्टर डोज देता है और आर्थिक स्थित को मजबूती प्रदान करता है।

लोगों ने जमकर उपहार, मिठाई और अन्य पारंपरिक वस्तुएं खरीदीः सुनील



कैट मध्यप्रदेश इकाई के प्रदेश अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने बताया कि कि भाई दूज का पर्व भाई-बहन के इस विशेष बंधन का है अतः इसे मनाने के लिए लोगों ने जमकर उपहार, मिठाई और अन्य पारंपरिक वस्तुएं खरीदीं, जिससे बाजारों में भारी उत्साह देखने को मिला। उन्होंने बताया कि कि गुरुवार को भाई दूज का त्योहार शहरों, कस्बों और गांवों में बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। तिलक लगाने और उपहारों के आदान-प्रदान से लेकर पारिवारिक समारोहों और दावतों तक यह दिन खुशी और एकजुटता से भरा रहा। उन्होंने कहा कि मिठाई और ड्राई फ्रूट्स, कपड़े और साड़ियां, ज्वेलरी, इलेक्ट्रॉनिक्स, घरेलू उपकरण और गिफ्ट हैंपर्स जैसी श्रेणियों में जबरदस्त मांग रही। इसके अलावा ट्रैवल, कैब सेवाएं, रेस्टोरेंट और होटलों के कारोबार में भी भारी उछाल दर्ज किया गया।

डीसीबी बैंक ने की दूसरी तिमाही के परिणाम की घोषणा

मुंबई। डीसीबी बैंक लिमिटेड के निदेशक मंडल ने मुंबई में हुई अपनी बैठक में 30 सितंबर, 2025 को समाप्त दूसरी तिमाही और वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों को मंजूरी दी। इस बैठक में वैधानिक लेखा परीक्षकों 'वर्मा एंड वर्मा, चार्टर्ड अकाउंटेंट' और 'बीएसआर एंड कंपनी एलएलपी, चार्टर्ड अकाउंटेंट' की सीमित समीक्षा रिपोर्ट को भी स्वीकृति प्रदान की गई। बैंक ने बताया कि वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में उसका कर-पश्चात मुनाफा 18 प्रतिशत बढ़कर 184 करोड़ रुपए हो गया, जो वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में 155 करोड़ रुपए था। अग्रिम में साल-दर-साल 19 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जिसमें मॉर्गेज में 13 प्रतिशत, सह-ऋण में 140 प्रतिशत, निर्माण वित्त में 29 प्रतिशत और कृषि एवं समावेशी बैंकिंग में 13 प्रतिशत की वृद्धि शामिल है। वहीं, जमा वृद्धि दर भी साल-दर-साल 19 प्रतिशत रही। 30 सितंबर, 2025 तक बैंक का सकल एनपीए 2.91 प्रतिशत और शुद्ध एनपीए 1.21 प्रतिशत रहा। इसी अवधि में प्रावधान कवरेज अनुपात 74.15 प्रतिशत और स्वर्ण ऋण एनपीए को छोड़कर पीसीआर 74.81 प्रतिशत दर्ज किया गया। बैंक की पूंजी पर्याप्तता स्थिति मजबूत बनी हुई है।

बिजनेस न्यूज

1 नवंबर से लागू होंगे बैंकिंग कानून (संशोधन) अधिनियम 2025 के तहत नामांकन से जुड़े प्रावधान

नई दिल्ली। वित्त मंत्रालय द्वारा गुरुवार को दी गई आधिकारिक जानकारी के अनुसार बैंकिंग सिस्टम में क्लेम सेटलमेंट में एकरूपता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बैंकिंग कानून (संशोधन) अधिनियम, 2025 के तहत नामांकन से जुड़े प्रमुख प्रावधान 1 नवंबर से लागू होंगे।मंत्रालय के अनुसार, बैंकिंग कानून (संशोधन) अधिनियम, 2025 को 15 अप्रैल 2025 को अधिसूचित किया गया था। इसमें भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 , बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 , भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 और बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970 और 1980 में कुल 19 संशोधन शामिल हैं । नोटिफिकेशन में कहा गया है कि बैंकिंग कानून (संशोधन) अधिनियम, 2025 के प्रावधान उस तारीख से लागू होंगे, जिसे केंद्र सरकार आधिकारिक राजपत्र में नोटिफिकेशन द्वारा निर्धारित करेगी। इसके अलावा, अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के लिए अलग-अलग तारीखें निर्धारित की जा सकती हैं।केंद्र सरकार ने जानकारी दी है कि बैंकिंग कानून (संशोधन) अधिनियम, 2025 की धारा 10, 11, 12 और 13 में निहित प्रावधान 1 नवंबर 2025 से लागू होंगे । धारा 10, 11, 12 और 13 के माध्यम से 1 नवंबर 2025 से लागू किए जा रहे प्रावधान जमा खातों, बैंक में सेफ कस्टडी और सेफ्टी लॉकरों में रखे सामान के संबंध में नामांकन सुविधाओं से जुड़े हैं।

एमआईसी इलेक्ट्रॉनिक्स को रेलवे मंत्रालय से माइक्रो प्रोसेसर कंट्रोलर के लिए स्वीकृति प्राप्त हुई

नई दिल्ली। एमआईसी इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने घोषणा की है कि एलएचबी कोचेस और डबल डेकर कोचेस के लिए रूफ-माउंटेड एसी पैकेज यूनिट के लिए माइक्रो प्रोसेसर कंट्रोलर" को रेलवे मंत्रालय के रिसर्च डिजाइन्स एंड स्टैंडर्ड्स ऑर्गनाइजेशन से स्वीकृति प्राप्त हुई है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही और अर्धवार्षिक वित्तीय परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन दर्ज किया है। 30 सितंबर 2025 को समाप्त तिमाही में एमआईसी इलेक्ट्रॉनिक्स की कुल आय 3,841.89 लाख रही, जो वर्ष-दर-वर्ष 38.77 फीसदी की वृद्धि दर्शाती है। इसी अवधि में कर पश्चात लाभ 216.80 लाख रहा। वहीं, 30 सितंबर 2025 तक की छमाही अवधि में कंपनी की कुल आय 5,016.97 लाख रही, जिसमें 29.92 फीसदी की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई। अर्धवार्षिक कर पश्चात लाभ 383.50 लाख रहा।

एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में नासा अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष एप्स चैलेंज 2025 का आयोजन



भोपाल। एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में नासा अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष ऐप्स चैलेंज 2025 का आयोजन सफलतापूर्वक हुआ, यह 48 घंटे का वैश्विक हैकाथॉन एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में आयोजित किया गया। जहां छात्रों और नवोन्मेषकों ने भाग लेकर नासा और उसकी साझेदार अंतरिक्ष एजेंसियों के ओपन डेटा का उपयोग करते हुए पृथ्वी और अंतरिक्ष से संबंधित चुनौतियों के समाधान विकसित किए।स्थानीय लीड सिद्धार्थ चौरे ने प्रतिभागियों की रचनात्मकता और उत्साह की सराहना की, जिससे मध्यप्रदेश में भोपाल को प्रौद्योगिकी और नवाचार का एक उभरता हुआ केंद्र बनाने में मजबूती मिली।विजेता टीमें अब वैश्विक मूल्यांकन चरण में प्रवेश करेंगी, जहां वे नासा से अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त करने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी।

डाक विभाग का रोजगार मेला आज से

भोपाल। भारतीय डाक विभाग द्वारा 24 अक्टूबर 2025 शुक्रवार को समन्वय भवन, भोपाल में 17वें ॠरोजगार मेलाॠ का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला विभिन्न केंद्रीय कार्यालयों जैसे डाक विभाग, रेल मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग, वित्तीय सेवा विभाग के अलावा केंद्र सरकार के विभिन्न सार्वजनिक उपक्रमों के लिए चयनित 51 हजार से अधिक अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। रोजगार मेले का शुभारंभ प्रातः 11 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सजीव प्रसारण के माध्यम से किया जाएगा। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

फैबइंडिया मना रहा है छठ उत्सव का जश्न स्वर्णिम 2025 के साथ



नई दिल्ली। फैब इंडिया ने स्वर्णिम छठ पूजा कलेक्शन पेश किया है, जो लाल, मैजेंटा और गोल्ड जैसे चमकदार रंगों से प्रेरित है। इस कलेक्शन में हस्तनिर्मित कपड़ों और बारीक हस्तकला शामिल हैं साथ ही त्यौहार की सांस्कृतिक गहराई और उत्साह को दर्शाया गया है। इस कलेक्शन का हर प्रोडक्ट, भारतीय कारीगरी के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसमें पारंपरिक कलाओं से प्रेरित कलात्मक बुनाई शामिल हैं, जो परंपरा और डिज़ाइन के बीच के अटूट संबंध को खूबसूरती से उजागर करते हैं। खूबसूरत रंगो का सुन्दर मेल इस कलेक्शन को और भी शानदार बनाता है, जो पारिवारिक समारोहों, त्यौहारी अनुष्ठानों और उपहार के रूप में आदर्श विकल्प है। ये कलेक्शन पूरे परिवार के लिए एक शानदार फेस्टिव रेंज प्रस्तुत करती है महिलाओं के लिए इसमें सुंदर साडी, कुर्ता और दुप्पटा शामिल हैं, जिन्हें नाजुक कढ़ाईदार और गोल्ड से सजाया गया है। पुरुषों के लिए इस कलेक्शन में गहरे लाल और गहरे मैजेंटा शेड्स में क्लासिक कुर्ता और जैकेट उपलब्ध हैं। वही बच्चों के कलेक्शन को कम्फर्ट और सुंदरता को ध्यान में रख के तैयार किया गया है जिसमें हलके और हवादार फैब्रिक्स का इस्तेमाल किया गया है जिससे उनका हर उत्सव और भी आनंदमय बन सके। स्वर्णिम 2025 छठ पूजा कलेक्शन अब देशभर के सभी फैबइंडिया स्टोरेज और ऑनलाइन पर उपलब्ध है।

इंगरसोल रैंड ने 170 करोड़ के निवेश से साणंद में खोली नई फैक्ट्री



गुजरात। इंगरसोल रैंड (इंडिया) लिमिटेड ने गुजरात के साणंद में अपनी अत्याधुनिक फैक्ट्री का उद्घाटन किया। यह भारत में कंपनी की नवीनतम सुविधा है, जो नवाचार, स्थायित्व और क्षेत्रीय विकास के प्रति उसकी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इंगरसोल रैंड इंक. एक विश्व स्तर की कंपनी है जो महत्वपूर्ण तरल पदार्थ बनाने (मिशन-क्रिटिकल फ्लो क्रिएशन), जीवन विज्ञान (लाइफ साइंस) और औद्योगिक समाधानों में अग्रणी उत्पाद प्रदान करती है। पहले चरण में इस फैक्ट्री की उत्पादन क्षमता प्रति वर्ष 24,000 यूनिट्स से अधिक होगी, और भविष्य में विस्तार के लिए चरणबद्ध निवेश की योजना बनाई गई है। नई फैक्ट्री भारत में इंगरसोल रैंड के सबसे महत्वपूर्ण निवेशों में से एक है और इससे वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही तक उत्पादन शुरू होने की उम्मीद है। कंपनी का मौजूदा संयंत्र पहले से ही 60,000 इकाइयों प्रति वर्ष की पूर्ण क्षमता पर काम कर रहा है, ऐसे में साणंद संयंत्र अतिरिक्त उत्पादन क्षमता को सामने लाएगी। इस अवसर पर सुनील खंडूजा, मैनेजिंग डायरेक्टर, इंगरसोल रैंड इंडिया, ने इस निवेश के सुचारू क्रियान्वयन पर गुजरात सरकार के सक्रिय सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहाकि भारत में सौ साल से ज्यादा समय से हमारी मौजूदगी के आधार पर यह निवेश हमारे क्षेत्रीय लक्ष्यों को और मजबूत करता है। यह स्थानीय जरूरतों के हिसाब से उन्नत वैश्विक तकनीकों को लाने में मदद करेगा और टिकाऊ उत्पादन, उच्च स्तर की प्रतिभा और वैश्विक नवाचार में भारत की बढ़ती भूमिका को और मजबूत करेगा।

कार्यालय प्राचार्य, प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस जयवंती हॉक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैतूल, (म.प्र.)

e-mail: hegjhpgcbet@mp.gov.in नेक द्वारा प्रदत्त ग्रेड - A+
क्रमांक 1887/निविदा प्रकाशन /2025 बैतूल दिनांक -10.10.2025

// निविदा सूचना //

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, ज. हा. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैतूल के परिसर एवं भवन / छात्रावास की सुरक्षा व्यवस्था, साफ सफाई तथा अन्य कार्य हेतु श्रमिकों को उपलब्ध कराने हेतु संबंधित क्षेत्र में पंजीकृत एवं अनुभवी फर्म / एजेंसियों से निम्नानुसार निविदा आमंत्रित की जाती है :

Tender reference	:	1887
Date of Commencement of Sale Tender Document	:	16.10.2025
Last Date Online Sale of Tender Document	:	07.11.2025
Last Date Online Tender	:	07.11.2025
Receipt Date and Time		5.00 बजे अपरान्ह तक
Opening of Technical Bid	:	10.11.2025
Opening of Price Bid	:	10.11.2025
Cost of the Tender Document	:	No Fee required

निविदा से संबंधित शर्तें, प्रपत्र आदि जानकारी दिनांक 16-10-2025 से एम.पी. ई-टेंडर की आधिकारिक वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध रहेगी। इच्छुक फर्म/एजेंसी निर्धारित समय सीमा में ऑनलाइन निविदा कर सकते है।

प्राचार्य
जयवंती हॉक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैतूल (म.प्र.)

G-20511/25 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल

आम सूचना

अयोध्या नगर फेस-5 पार्ट-2 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल भूखण्ड/भवन क्रमांक एल.आई.जी. 647 मण्डल द्वारा 1) श्रीमती सरला व्यास पत्नी श्री मनमोहन लाल व्यास 2) श्री मनमोहन लाल व्यास आत्मज स्व. श्री लक्ष्मी नारायण जी व्यास एवं 3) श्री साकेत व्यास आत्मज श्री मनमोहन लाल व्यास के संयुक्त नाम आदेश क्र. 3758-60 दिनांक 23/6/2015 द्वारा आवंटित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 30/11/2015 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। श्री मनमोहन लाल व्यास की दिनांक 22/11/2016 को मृत्यु होने के उपरांत उनकी पत्नी / पुत्र 1) श्रीमती सरला व्यास पत्नी स्व. श्री मनमोहन लाल व्यास एवं श्री साकेत व्यास आत्मज स्व. श्री मनमोहन लाल व्यास के संयुक्त नाम नामान्तरण आदेश क्र. 3106-06 दिनांक 26/12/2018 को नामान्तरित किया गया है। श्रीमती सरला व्यास पत्नी स्व. श्री मनमोहन लाल व्यास (माता जी) की दिनांक 20/11/2020 को मृत्यु होने के उपरांत उनके पुत्र श्री साकेत व्यास आत्मज स्व. श्री मनमोहन लाल व्यास के नाम पर नामान्तरण आदेश क्र. 722 दिनांक 30/04/2025 को नामान्तरित किया गया है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्रीमती अनीता जोशी पत्नी श्री वीरेन्द्र जोशी के नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 27/06/2025 को क्रेता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपत्ति श्रीमती अनीता जोशी पत्नी श्री वीरेन्द्र जोशी के नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2, भोपाल

न्यायालय नायब तहसीलदार, तहसील-कोलार, जिला भोपाल

प्रकरण क्रमांक 2480/अ-6/2024-25
:: उद्घोषणा पत्र ::

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्री राजेन्द्र प्रसाद तिवारी पत्नी / आत्मज जे.पी. तिवारी निवासी भोपाल म.प्र.भू.रा. सहिंता 1959 की धारा 109,110 अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विक्रय के आधार पर नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। ग्राम रतनपुर सडक प.ह.न..... स्थित भूमि खसरा नंबर 242/1/12 व अन्य रकबा 6563 वर्गफिट भूमि का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवदेक के नाम पर किये जाने का अनुरोध किया है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 3/11/2025 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 09/10/2025 को जारी किया गया।

तहसीलदार
तहसील-कोलार भोपाल

IN THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, JABALPUR
(Jurisdiction Madhya Pradesh & Chhattisgarh)
2nd & 3rd Floor, Sanchar Vikas Bhawan (BSNL Building), Near Head Post Office, Residency Road, South Civil Lines Jabalpur (M.P.)- 482001
(Summons under Sub-Section (4) of Section 19 of the Act read with Sub-rule 2A of Rule 5 of the Debts Recovery Tribunal (Procedure) Rules 1993.
ORIGINAL APPLICATION NO.467 OF 2024

INDIAN BANK (ERSTWHILE ALLAHABAD BANK ..... APPLICANT
VERSUS
M/S GOLDEN WINES (PARTNERSHIP FIRM) ... RESPONDENTS

1.M/s Golden Wines through its Partner Shri Ashok Himtani, Shri Raj Kumar Batra & Shri Ajay Kumar Dubey R/o Shop No. 1, Manisha Market, Shahpura, Bhopal (M.P.)
2.Shri Ashok Himtani S/o Shri Govardhan Das Himtani R/o A-New- 17/165 near Thaddaram community Hall Bairagarh, Bhopal (M.P.) 462001
3.Shri Raj Kumar Batra S/o Shri Kripal Das Batra R/o 20, Akanksha Enclave, Bawadia kalan, Bhopal (M.P.).
4.Shri Ajay Kumar Dubey S/o Shri S.N. Dubey R/o 36, Vaishali Nagar, Kamla Nager thana Bhopal, Bhopal (M.P.) 462016
5.Sonika Engineering & Construction Ltd through its Director, Add: 46, Malviye Ram Laxmi Parisar, 2nd Floor, Flat No. F-3 Bhopal (M.P.) 462016

Whereas **Original Application No. 467 of 2024** was listed before the Hon'ble Presiding Officer on **18/04/2024**

Whereas the Hon'ble Tribunal is pleased to issue Summons/ Notice on the said Application under Section 19(4) of the Act. OA filed against you for recovery of debts of **Rs. 61,35,352.98/- Rupees SIXTY-ONE LAKHS, THIRTY-FIVE THOUSAND, THREE HUNDRED FIFTY-TWO AND NINETY-EIGHT PAISE),** Plus Interest at Contra actual rates, penal interest & charges.

In accordance with the Sub-Section 4 of Section 19 of the Act, you Defendants are directed as under: -

i) **To show cause within 30 days (thirty) of service of summons as to why relief prayed for should not be granted.**
ii) **To disclose particulars of properties or Assets other than the Properties and Assets specified by the Applicant under serial No. 3A of Original Application.**
iii) You are restrained from dealing with or disposing of Secured Assets or such other Assets and properties under Serial No. 3A of the original application, pending hearing and disposal of the Application for attachment of Properties.
iv) You shall not transfer by way of Sale, Lease or otherwise, except in the ordinary Course of business any of the Assets under which Security Interest is created and/or other Assets and Properties specified or disclosed under Serial No. 3A of the Original Application Without the prior approval of the Tribunal.
v) You shall be liable to account for sale Proceeds realised by Sale of Secured Assets or OTHER ASSETS AND PROPERTIES in the ordinary course of business and deposit such sale proceeds in the account maintained with Bank holding Security interest over such assets.
vi) You are also directed to file the Written Statement with the copy thereof furnished to the Applicant and to appear before the Hon'ble Tribunal at Jabalpur on **27/10/2025 at 10.30 AM,** failing which the Application Shall be heard and decided in your absence..

Given under my hand and Seal of this Tribunal on this **25th day of Sept 2025.**
Date: **Authorised Officer**
Seal **DRT Jabalpur**

चिंतन

एक बार फिर बेनकाब हो गया पाक का झूठ

पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच हाल ही में सैन्य संघर्ष देखने को मिला था। इसके बाद पाकिस्तान ने बड़ी-बड़ी डींगें हांकते हुए ऐलान किया कि उसने टीटीपी की कमर तोड़ दी है। संघर्ष विराम से पहले ही टीटीपी की चूलें हिला दी गई थी। आपरेशन सिंदूर के बाद भी पाकिस्तान ने ऐसे ही दावे किए थे। अमेरिका के सामने युद्ध विराम के लिए गिड़गिड़ाने वाले पाक हुक्मरान युद्ध खत्म होते ही जीत के दावे करने लगे थे। आनन-फानन में पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर को फील्ड मार्शल के पद पर पदोन्नत कर दिया गया ताकि आवाम को लगे कि पाक ने जीत दर्ज की है, लेकिन कुछ ही दिनों के बाद जब भारत के हमलों के बाद हुए पाक सैन्य ठिकानों की तस्वीरें सामने आने लगी तो पाकिस्तानी नेताओं के झूठ की पोल खुल गई। ऐसा ही टीटीपी को लेकर भी हो रहा है। टीटीपी की कमर तोड़ने का दावा करने वाले पाकिस्तान के एक बड़े हिस्से पर इस आतंकी संगठन ने अपना शिकंजा कस दिया है। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वां प्रांत की राजधानी पेशावर में न सिर्फ टीटीपी के लोग खुलकर घूम रहे हैं बल्कि सड़कों पर चेकपोस्ट भी बना लिए हैं। पेशावर के पास से ऐसे कथित वीडियो सामने आए हैं, जिसमें टीटीपी लड़ाके सड़कों पर चौकियां बना रहे हैं। इससे पता चलता है कि इस इलाके में पाकिस्तान की सरकार और सेना का पूर्ण नियंत्रण नहीं है। पेशावर के आसपास के इलाकों में न पाकिस्तानी सेना है और न ही पुलिस। यहां टीटीपी के लड़ाके ही सब कंट्रोल कर रहे हैं। यहां पाक सरकार नकारा साबित हो चुकी है। टीटीपी तो क्या आम नागरिक भी सरकार के निर्देशों की अवहेलना कर रहे हैं। उनका समर्थन भी टीटीपी के साथ नजर आ रहा है। असल में पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिम में एक इलाका पड़ता है। नाम है फेडरली एडमिनिस्ट्रेटेड ट्राइबल एरियाज़ जिससे पता चलता है यहां ट्राइबल ज्यादा रहते हैं। पश्तून कबीलों की संख्या यहां ज्यादा है। बाजौर, मोहम्मद, खैबर, ओरकजई, कुर्रम जैसे जिले यहां पड़ते हैं। अफगानिस्तान से यह इलाका सटा हुआ है। अब पाकिस्तान का हिस्सा है लेकिन 2018 के पहले ऐसा नहीं था। यह सेमी-ऑटोनोमस हुआ करता था। यानी पूरी तरह पाकिस्तान के कानून यहां नहीं चलते थे। कबीलाई राज था यहां। वे अपने कानूनों के मुताबिक़ फैसले लेते थे। यहीं से टीटीपी की शुरुआत हुई। यह इलाका अफगानिस्तान से सटा हुआ है। इसलिए वहां हुई किसी भी हलचल का असर यहां पड़ता है। अमेरिका के नेतृत्व में जब नाटो सेना अफगानिस्तान में घुसी तब, अफगान तालिबान, अलक़ायदा और दूसरे चरमपंथी संगठन वहां से भागे। ये सब बॉर्डर क्रॉस करके यहां घुसे थे। उस समय पाकिस्तान में परवेज मुशर्रफ की सरकार थी। अमेरिका ने मुशर्रफ पर दबाव बनाया, पैसे भी दिए तो मजबूरन मुशर्रफ को पाक सेना भेजनी पड़ी। इससे इन कबीलों में नाराज़गी हुई। वहां की जनता भी सरकार से नाराज़ हुई। चरमपंथी संगठनों ने इस नाराज़गी को हवा दी। उन्होंने आम लोगों को लड़ने के लिए उकसाया। जो उनके साथ नहीं आए, उन्हें रास्ते से हटा दिया गया। इसके बाद इन गुटों ने आपस में मिलकर पाक आर्मी के ख़िलाफ़ मिलकर लड़ना शुरू किया। अब ये संगठन इतना ताकतवर हो गया है कि पाकिस्तान आर्मी से मुकाबला करने लगा है। ये अपना कानून चला रहे हैं। कहने को तो पाक पुलिस भी वहां है, लेकिन केवल दिखावे मात्र के लिए। आदेश टीटीपी के ही चलते हैं। हालात ऐसे ही कि ये हिस्सा कभी भी पाक से अलग हो सकता है। दूसरे के लिए कुआं खोदने वाले का ऐसा ही अंजाम होता है।



अनदेखी

ज्ञानेन्द्र रावत

गर्व से कहो, प्रदूषण के बादशाह हैं हम

> राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली को जहरीली हवा से बचाने के दावे पहले की तरह इस बार भी फिर फेल साबित हुए हैं। वायु गुणवत्ता सूचकांक में हमारी दिल्ली दुनियाभर में शीर्ष पर है। यह हमारे लिए गर्व की बात है। भला हो तेज हवाओं का जिन्होंने प्रदूषण को एक जगह ठहरने नहीं दिया वर्ना हालात और खराब होते। यह हालात तब रहे जबकि सुप्रीम कोर्ट ने ग्रीन पटाखों के चलाये जाने की अनुमति दी थी लेकिन ग्रीन पटाखों के नाम पर जो पटाखे बेचे गए और चलाये गए, उनसे यह प्रदूषण हुआ। जाहिर है सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देशों-आदेशों का खुलेआम उल्लंघन हुआ। इस बार पिछले पांच सालों के मुकाबले दिवाली पर पीएम 2.5 की मात्रा सबसे ज्यादा रिकार्ड की गई।

अभी दो दिन ही बीते हैं दिवाली को कि दुनिया में हमारे देश की राजधानी दिल्ली ने प्रदूषण के मामले में कीर्तिमान बनाकर यह साबित कर दिया है कि भले हमारी सर्वोच्च अदालत कुछ भी कहे, वह लाख निर्देश दे लेकिन हम नहीं सुधरेंगे। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली को जहरीली हवा से बचाने के दावे पहले की तरह इस बार भी फिर फेल साबित हुए हैं। वायु गुणवत्ता सूचकांक में हमारी दिल्ली दुनियाभर में शीर्ष पर है। यह हमारे लिए गर्व की बात है। भला हो तेज हवाओं का जिन्होंने प्रदूषण को एक जगह ठहरने नहीं दिया वर्ना हालात और खराब होते। यह हालात तब रहे जबकि सुप्रीम कोर्ट ने ग्रीन पटाखों के चलाये जाने की अनुमति दी थी लेकिन ग्रीन पटाखों के नाम पर जो पटाखे बेचे गए और चलाये गए, उनसे यह प्रदूषण हुआ।

जाहिर है सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देशों-आदेशों का खुलेआम उल्लंघन हुआ। उसी का नतीजा रहा कि इस बार पिछले पांच सालों के मुकाबले दिवाली पर पीएम 2.5 की मात्रा सबसे ज्यादा रिकार्ड की गई। यह हालात अकेले देश की राजधानी दिल्ली के ही नहीं रहे, कमोबेश पूरा देश इसका शिकार हुआ है। दुख तो इस बात का है कि जब वायु गुणवत्ता सूचकांक की बात की जाती है तो इस पर खेद व्यक्त करने की जगह हमारे देश के भावी कर्णधार कहें या पुरोधा गर्व से यह कहते हैं कि- 'पटाखे तो ऐसे ही चलेंगे। पटाखे चलाने से कुत्ते डर जाते हैं। ऐसे लोगों के पेट में दर्द होता है। वायु प्रदूषण पर कुत्ते तो भौंकते ही रहते हैं, ऐसे लोगों को आगे देखेंगे, उनको सबक सिखाना पड़ेगा। ये कुत्ते तब नहीं बोलते, जब ईद पर लाखों बकरे कुरबानी के नाम पर मौत के घाट उतार दिए जाते हैं। तब प्रकृति प्रेमी नहीं बोलते। जज साहब ने आज तक ज्ञान नहीं दिया कि कितने बकरे काटे जाने चाहिए। बकरों का काटा जाना और दावतें उड़ाना इनके लिए आनंद का विषय है। इन्हें दीपावली पर वायु प्रदूषण और होली पर जल प्रदूषण दिखाई देता है।' दरअसल यहां इस प्रकरण का हवाला देने का एकमात्र मकसद यह था कि ऐसा अलवर में एक प्रकृति प्रेमी द्वारा वायु गुणवत्ता सूचकांक के सीमा से अधिक बढ़ने पर खेद जताने पर उसे देश के पुरोधाओं द्वारा सोशल मीडिया पर ऐसी सम्मानजनक टिप्पणी और देख लेने की धमकियां तक दी गई। कहने का आशय मात्र यह है कि वायु प्रदूषण पर दुख व्यक्त करने पर लोगों की इस तरह की सोच है, उस हालत में वायु प्रदूषण से मुक्ति की आशा कैसे संभव है। ऐसे लोगों को न जनता के स्वास्थ्य की चिंता है,न पर्यावरण की और न देश की सुप्रीम कोर्ट की। ऐसे लोगों से देशहित की आशा करना ही बेमानी है। दरअसल ग्रीन पटाखों से वायु प्रदूषण कम करने का दावा तो फुस्स हो ही चुका है क्योकि यदि ग्रीन पटाखे चले होते तो प्रदूषण 50 फीसदी तक कम होता लेकिन हुआ उसके बिल्कुल उलट। स्थिति यह रही कि प्रतिबंधित पटाखे न केवल खूब बिके बल्कि खुलेआम चले भी और जिस पुलिस पर इनके रोकथाम की जिम्मेवारी थी, वह ऐसा होते देखती रही या यूं कहें कि उसने कमाई के चक्कर में अपनी आंखें मूंद लीं। नतीजतन पटाखे 40 फीसदी ज्यादा बिके और दिल्लीवासी जहरीली हवा में सांस लेने को विवश हुए। हालात गवाह हैं कि दिल्ली में इस बार पिछले सालो के मुकाबले प्रदूषण सबसे ज्यादा रहा। सीएसआईआर भी इसकी पुष्टि करता है। यह पटाखों की



गुणवत्ता तय मानक के अनुरूप रहे, इस पर अंकुश पर निर्भर करता है। ऐसी स्थिति में नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अमिताभ कांत का आशावाद बिल्कुल बेमानी है कि जब लास ऐंजिलिस,बीजिंग और लंदन प्रदूषण कम कर सकते हैं तो हम क्यों नहीं। उनका यह कहना कि दिल्ली की हवा बेहद खराब है। 38 में से 36 निगरानी केन्द्र रेड जोन में हैं और दिल्ली के प्रमुख इलाकों में एक्यूआई 400 के पार है। सुप्रीम कोर्ट ने समझदारी दिखाते हुए पटाखे जलाने के अधिकार को जीने और सांस लेने के अधिकार से ऊपर रखा है। इससे बचने के लिए और लगातार इस दिशा में काम करने और सख्ती से पहल करने की जरूरत है। इसके लिए एकीकृत कार्य योजना बेहद जरूरी है। उनकी राय है कि फसल और बायोमास जलाना बंद करना चाहिए। थर्मल पावर प्लांट और ईंट भट्टों को बंद करना चाहिए या फिर उनको क्लीन टेक से माडर्न बनाना चाहिए। 2030 तक सभी ट्रांसपोर्ट को इलेक्ट्रिक में बदलना,कंस्ट्रक्शन की धूल पर सख्ती बरतना,कचरे को पूरी तरह अलग करना और प्रोसेसिंग को जरूरी बनाना होगा। दिल्ली को ग्रीन, पैदल चलने लायक बनाना होगा। ट्रांजिट पर फोकस करने के हिसाब से कार्ययोजना बनाकर फिर से डिजाइन करनी होगी। तभी कुछ बदलाव की उम्मीद की जा सकती है। सीपीसीबी की मानें तो देश के 200 से ज्यादा शहरों में वायु प्रदूषण का स्तर बेहद खराब रहा है। इनमें नोएडा, लखनऊ, गाजियाबाद, मेरठ जैसे शहर सर्वाधिक प्रभावित रहे। प्रदूषण बढ़ने से अस्पतालों में आंखों में जलन, गले में खराश,गले में दर्द की समस्या,सांस लेने में परेशानी,ब्रेन स्ट्रोक के मरीजों का तांता लगा रहा। हार्ट अटैक का खतरा बढ़ा है। पीएम 10 व पीएम 2.5 के कण फेफड़े में प्रवेश करने से सूजन बढ़ने के मरीज बढ़े। पीएम 2.5 बढ़ने से धमनियों में ब्लाकेज का खतरा बढ़ जाता है जिससे ब्लड प्रेशर बढ़ने तथा सांस लेने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। प्रदूषण से 8 से 18 फीसदी हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है और कभी-कभार जानलेवा भी साबित हो जाता है। यह सब ग्रीन पटाखों की अनदेखी का परिणाम है। जबकि ग्रीन पटाखों से पीएम कण 30 फीसदी व हानिकारक गैसें दस फीसदी कम उत्सर्जित होती हैं। ऐसी स्थिति में घर के बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं, पुराने रोगी और बच्चे घर में ही रहें। पर्याप्त पानी पियें। खानपान में कोल्डड्रिंक, ठंडी,खट्टी चीजों का परहेज करें। आवश्यक हो तो मास्क पहनकर बाहर जायें। गले में खराश होने पर गरारे करें और नाक जाम होने पर सुबह शाम भाप लें। पौष्टिक आहार लें व आंवले का सेवन करें। इससे प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। घर में एयर प्यूरीफायर का इस्तेमाल करें। आने वाले समय में पराली हमारे जीवन की प्रत्याशा पर ग्रहण लगाने वाली है। इसीलिए यह याद रखें कि सतर्कता ही हमारे जीवन की सबसे बड़ी पूंजी और बचाव की प्रमुख विधि है। इसमें दो राय नहीं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं पर्यावरणविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

सियासत

डॉ. मोनिका शर्मा



जापान की पहली महिला पीएम सकारात्मक बदलाव की आशा

दुनियाभर में चल रही राजनीतिक उठापटक के बीच पहली बार जापान की सत्ता की कमान एक महिला प्रधानमंत्री को मिली है। ध्यातव्य है कि लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रमुख 64 वर्षीय साने ताकाइची जापान की प्रधानमंत्री के रूप में शिगेरु इशिबा की जगह लेने जा रही हैं। वैश्विक स्तर पर चल रही गठबंधन की राजनीति के इस दौर में एक नए सहयोगी जापान इनोवेशन पार्टी के साथ गठबंधन के बाद जापान में कुछ समय से चल रहा राजनीतिक संकट समाप्त हुआ है। माना जा रहा है कि यह सत्तारूढ़ गठबंधन दक्षिणपंथी विचारधारा की ओर झुकाव रखने वाला होगा। हालांकि जापान के लिए उनका सत्तासीन होना एक ऐतिहासिक घटना है। जापान को 104वीं प्रधानमंत्री के रूप में इतिहास में पहली बार एक महिला प्रधानमंत्री मिली हैं। असल में लंबे समय जापान के सियासी पटल पर सक्रिय रहीं साने ताकाइची आर्थिक सुरक्षा, आंतरिक मामलों और लैंगिक समानता जैसे क्षेत्रों में कार्य कर चुकी हैं। वे जापान की सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रमुख चेहरों में से एक हैं। हालिया चुनावों में उनकी पार्टी को बहुमत नहीं मिलने और गठबंधन टूटने के कारण वहां नई सरकार को लेकर एक अनिश्चितता बन गई थी। ऐसे में ताकाइची ने मजबूत नेतृत्व और शासकीय स्थिरता का भरोसा देते हुए प्रधानमंत्री का पद हासिल किया है। ज्ञात हो कि चार महीने पहले लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी की करारी हार के बाद से ही वहां राजनीतिक शून्यता और उलझाऊ स्थितियां बनी हुई थीं। निस्संदेह, एक महिला प्रधानमंत्री के रूप में वे जापान को नई दिशा देने का प्रयास करेंगी। देश के एक आम परिवार से आने वाली ताकाइची के परिवार की कोई राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं है। जापान के दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की शिष्या रहीं ताकाइची 10 बार सांसद चुनी गईं हैं। यही वजह है कि साने ताकाइची ने आर्थिक मोर्चे पर पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की एबेनोमिक्स नीति को बल देने की बात भी कही है। इस नीति के अंतर्गत वे कर-कटौती और सार्वजनिक निवेश बढ़ाकर विकास को गति देने वाला दृष्टिकोण रखती हैं। जापान जैसे विकसित देश में एक महिला का प्रधानमंत्री पद पर पहुंचना ऐसे कई मोर्चों पर बदलाव लाने वाला माना जा रहा है। ज्ञात हो कि ताकाइची राजनीतिक, सामाजिक और राष्ट्रीय मसलों पर स्पष्ट और मजबूत राय रखती आई हैं। विशेषकर जापान की सुरक्षा-नीति को सशक्त बनाने की हिमायती रही हैं। उनके विचारों को आमजन का समर्थन भी मिलता रहा है। जापान में ताकाइची को आयरन लेडी के नाम से भी जाना जाता है।

जापान की राजधानी टोक्यो की सड़कों पर उतरे नागरिकों ने ताकाइची प्रधानमंत्री बनने का स्वागत किया। वहां की स्त्रियों ने इसे नए युग की शुरुआत बताया है। जापान के राजनीतिक परिदृश्य में ताकाइची की पहचान एक दक्षिणपंथी नेता के रूप में बनी हुई है। वे राजनीतिक और राष्ट्रीय मुद्दों पर ही नहीं सामाजिक-पारिवारिक विषयों पर भी पारंपरिक विचार रखती है। समान-लिंग विवाह और विवाहित दंपतियों के अलग-अलग उपनाम रखने जैसे मुद्दों का विरोध करती हैं। आप्रवासन पर कड़ा रुख रखने वाली ताकाइची ने यह भी कहा है कि नियम तोड़ने वाले आगंतुकों और अप्रवासियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। विचारणीय है कि जापान में हुए सत्ता परिवर्तन से भारत पर भी असर पड़ेगा। भारत और जापान लोकतांत्रिक मूल्यों की साझेदारी, सशक्त आर्थिक सहयोग और सामाजिक-सांस्कृतिक विनिमय के धरातल पर जुड़े हुए हैं। जापान की कई बड़ी कम्पनियों की उत्पादन इकाइयां भारत में स्थापित हैं। दोनों देशों के बीच पुख्ता आर्थिक, सांस्कृतिक और सामरिक संबंध हैं।

इतना ही नहीं, दोनों देशों के बीच रक्षा और सुरक्षा सहयोग का भी मजबूत गठजोड़ है। बौद्ध धर्म के माध्यम से देखा जाए तो भारत और जापान के सभ्यतागत संबंध बरसों पुराने हैं। आपसी सामंजस्य और जुड़ाव के ये सभी पक्ष बहुत महत्वपूर्ण हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जापान की सत्ता संभालने वाली महिला प्रधानमंत्री साने ताकाइची को बधाई देते हुए दोनों देशों के बीच साझेदारी को और मजबूत करने की इच्छा जताई है। कुछ समय पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी जापान यात्रा के दौरान टोक्यो में 15वें भारत-जापान आर्थिक फोरम को संबोधित करते हुए कहा भी था कि 'भारत की विकास यात्रा में जापान एक अहम भागीदार है।' ऐसे में साने ताकाइची का सत्ता संभालना भारत और जापान केलिए बहुत से मोर्चों पर मजबूत साझेदारी का मार्ग प्रशस्त करेगा। तकनीक, व्यवसाय, सुरक्षा और संस्कृति हर स्तर पर यह जुड़ाव और बेहतर होने की आशा है।

(लेखिका प्रसिद्ध स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

ज्ञान के सच्चे अधिकारी जनक




संकलित

दर्शन

याज्ञवल्क्य ब्रह्मज्ञानी थे। उनके ज्ञान की चर्चा दूर-दूर तक फैली हुई थी। बड़े-बड़े राजा और संत-महात्मा उपदेश ग्रहण करने के लिए उनके पास आया करते थे। वे बिना किसी भेदभाव के सबको उपदेश देते थे। महाराज जनक भी उनका उपदेश सुनने के लिए उनके आश्रम में आते थे। जनक के प्रति याज्ञवल्क्य के अधिक झुकाव को देखकर ऋषियों-मुनियों के मन में विकार पैदा हो गया। वे मन-ही-मन सोचने लगे, 'याज्ञवल्क्य महान ज्ञानी हैं। वेदों-उपनिषदों पर उपदेश देते हैं, फिर भी छोटे-बड़े का भेद करते हैं। जब तक जनक नहीं आ जाते, वे उपदेश आरंभ नहीं करते। वे जनक का आदर भी हम सबसे अधिक करते हैं। याज्ञवल्क्य को जब ऋषि-मुनियों के मन की बात मालूम हुई, तो उन्होंने उनके भ्रम को दूर करने का निश्चय किया। उस भ्रम को दूर करने के लिए उन्होंने अपनी योग शक्ति से एक नाटक रचा। उपदेश सभा में ऋषि-मुनि बैठे थे। जनक भी अपने आसन पर विराजमान थे। सहसा कुछ लोग दौड़ते हुए आए और ऋषियों-मुनियों को पुकारकर बोले, 'ऋषियों-मुनियों, तुम्हारी कुटियों में आग लगी हुई है। तुम्हारा सारा सामान आग में जल रहा है। आग लगने की खबर सुनते ही समस्त ऋषि-मुनि उपदेश सुनना छोड़कर भाग खड़े हुए। वे सब दौड़कर अपनी कुटियों में गए, लेकिन वहां कुछ नहीं था, क्योंकि वह तो याज्ञवल्क्य की योग-शक्ति का नाटक था। ऋषि-मुनि पुनः उपदेश सभा में आकर बैठे और उपदेश सुनने लगे। उधर जनक के राजभवन से भी दौड़ता हुआ एक दूत पहुंचा और उसने जनक को पुकारकर कहा, महाराज, राजभवन में आग लगी हुई है। पर जनक अविचलित भाव से उपदेश सुनते रहे।

हर मुद्रा एक अलग भाव



संकलित

प्रेरणा

यदि आत्मा तक पहुंचना है, सूक्ष्म तत्व तक पहुंचना है, अस्तित्व तक पहुंचना है, तो इसी यात्रा पथ पर चलना होगा। इसी क्रम से चलना होगा। आप यह मान लें कि उस परम सत्ता को, परम अस्तित्व को, चैतन्य को, जो अमूर्त है, सूक्ष्म है, हमारे चर्म-चक्षुओं का विषय नहीं है, उसे हम देख लें- यह कहना और ऐसा समझना बहुत बड़ी भ्रांति होगी। इसका पहला अर्थ है- मन के द्वारा श्वास के स्पंदनों को देखें। इसका दूसरा अर्थ है-मन के द्वारा शरीर के प्रकंपनों को, संवेदनों को देखें। इसका तीसरा अर्थ है- विचारों को देखें। इस स्थिति तक पहुंच जाने पर आभामंडल स्पष्ट हो जाता है। अंतर्मन की इस यात्रा से हम सब प्रकार की आसक्ति से मुक्त हो जाते हैं। जब हम आसक्ति से मुक्त होते हैं, तब जीवन सुखमय होता है। श्वास का स्पर्श किए बिना, श्वास को देखे बिना शरीर को ठीक तरह से समझ नहीं सकते, देख नहीं सकते। शरीर को देखे बिना मन को नहीं देख सकते। मन को देखे बिना आभामंडल को नहीं देख सकते। आभामंडल को देखे बिना प्राण को नहीं देख सकते और प्राण को देखे बिना उस चैतन्य तक नहीं पहुंच सकते, जहां हमें पहुंचना है। यह पूरा-का-पूरा यात्रा पथ है।

सटाका



आज की पाती

सड़कों पर गिर रहे वाहन चालक

रायपुर से पुराना धमतरी के लिए नई सड़क का निर्माण किया गया है। कुछ साल में ही सड़क खराब हो गई है। सड़क का डामर पिछलकर कहीं अप, कही डाउन हो गया। ऐसे में सेजबहार से लेकर बोरिया तक वाहन चलाने वालों को काफी दिक्कतें हो रही हैं। दुपहिया सवार आए दिन हादसे के शिकार हो रहे हैं। सड़क और विभाग सड़क बनाकर भूल गया। इस रोड पर कई शिक्षण संस्थान भी है। ऐसे में रहवासियों के अलावा छात्र-छात्राओं का आना-जाना लगा रहता है। ऐसे में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

- शाहीन बेगम, रायपुर

ट्रेंड

आवासीय परिसर



गांधीनगर में विधायकों के लिए नवनिर्मित आवासीय परिसर का उद्घाटन किया। इस आवासीय परिसर में गुजरात विधानसभा के सदस्य एक ही परिसर में रह सकेंगे, जिससे जनप्रतिनिधियों और लोगों के बीच संवाद और भी सुगम होगा।

- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

अमृत रेलवे स्टेशन



10 वर्षों में रेलवे में एनडीए सरकार ने दस गुना ज्यादा बजट दिया है। 20 वंदे भारत ट्रेन और 26 अमृत भारत ट्रेन बिहार से गुजरती है। 98 नए अमृत रेलवे स्टेशन एयरपोर्ट की तरह चमचमा रहे है।

-जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

तैयारियों का जायजा



छठ महापर्व के पूर्व झुमरी छठ घाट का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और पर्व शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित तरीके से सम्पन्न हो, इस दिशा में हर संभव कदम उठाए जाएंगे।

- अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय मंत्री

चिटनिस के निधन से दुःख



दूरदर्शी वैज्ञानिक और संस्थान निर्माता प्रो. ई.वी. चिटनिस के निधन से अत्यंत दुःख हुआ, जिन्होंने भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके योगदान ने वैज्ञानिक नींव रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

- मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस

करंट अफेयर

मौजूदा समय में शांति अभियान जटिलताओं का सामना कर रहे



एकीकृत रक्षा स्टाफ प्रमुख एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने बृहस्पतिवार को कहा कि आधुनिक युद्ध तेजी से बहुआयामी और सीमाहीन होते जा रहे हैं और आजकल संघर्षों में संयुक्त रूप से देशों की सेनाएं, मिलिशिया और आतंकवादी समूह शामिल होते हैं, जिससे शांति अभियान अभूतपूर्व स्तर पर जटिल हो जाते हैं। नयी दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में व्याख्यान देते हुए एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने कहा कि इस बात पर मंथन करने की जरूरत है कि शांति स्थापना और अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून को आधुनिक वास्तविकताओं के अनुरूप कैसे ढाला जाए। उन्होंने कहा, हम वैश्विक भू-राजनीति में एक निर्णायक मोड़ पर खड़े हैं। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की व्यवस्था, जो सामूहिक उत्तरदायित्व, साझा मानदंडों और मानवीय मूल्यों पर आधारित थी, अब अत्यधिक दबाव में है। सीआईएससी ने रेखांकित किया कि दुनिया का लगभग एक-चौथाई हिस्सा संघर्ष प्रभावित है और आज दुनिया भर में 61 संघर्ष चल रहे हैं, जो 1946 के बाद से सबसे अधिक संख्या है। संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना केंद्र और अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस समिति के सहयोग से 23 और 24 अक्टूबर को 'संघर्षरत विश्व में शांति स्थापना और मानवीय अनिवार्यता को आगे बढ़ाना' विषय पर 'यूएसआई संयुक्त राष्ट्र वार्षिक फोरम' का आयोजन किया जा रहा है।

ऑफ बीट

भारतीय कंपनियों का राजस्व तिमाही में मामूली बढ़ा



भारतीय कंपनियों का राजस्व जुलाई-सितंबर तिमाही में छह प्रतिशत तक बढ़ने का अनुमान है। रिपोर्ट में यह बात कही गई। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की एक इकाई की रिपोर्ट के अनुसार, जुलाई-सितंबर की अवधि के दौरान परिचालन लाभ मुनाफे में सालाना आधार पर 0.60 प्रतिशत तक की कमी आई है। एजेंसी ने कहा, बिजली, कोयला, सूचना प्रौद्योगिकी सेवा और इस्पात क्षेत्रों के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद जुलाई-सितंबर तिमाही में कॉरपोरेट राजस्व में सालाना आधार पर मामूली पांच से छह प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है। रिपोर्ट के लिए एजेंसी ने 600 कंपनियों के प्रदर्शन का विश्लेषण किया और कहा कि धीमी वृद्धि दर्ज करने वाली इन क्षेत्रों की कंपनियों का कुल राजस्व में एक-तिहाई योगदान है। इसमें कहा गया कि क्रमिक रूप से जुलाई-सितंबर अवधि के दौरान राजस्व वृद्धि पूर्ववर्ती अप्रैल-जून तिमाही की तुलना में एक प्रतिशत अधिक होगी। लाभप्रदता के दृष्टिकोण से इसमें कहा गया कि मोटर वाहन, औषधि और एल्युमीनियम क्षेत्रों में कंपनियों को बढ़ी हुई लागत का पूरा भार ग्राहकों पर डालने में कठिनाई हुई तथा परिचालन लाभ मुनाफा जुलाई-सितंबर तिमाही में 0.50-1 प्रतिशत कम होने का अनुमान है।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016

aapkepatra.haribhoomi@gmail.com

पर भेज सकते हैं।

इंडस्ट्री डेवलपमेट कॉर्पोरेशन ने लॉजिस्टिक पार्क का ठेका हर्ष लॉजिस्टिक को करीब दो लाख रुपए प्रति माह के हिसाब से दिया है

करोड़ों के लॉजिस्टिक पार्क का ठेका कंपनी नियम विरुद्ध कर रही संचालन बड़े वाहनों की पार्किंग की बजाए नामी कंपनी के खड़े हो रहे ट्रैक्टर

नितेश पटेल ⏭ मंडीदीप





मंडीदीप में बने लॉजिस्टिक पार्क इन दिनों प्राइवेट कंपनी का ट्रैक्टर गोदाम बन गया है। करोड़ों रुपए की लागत से बने इस हब में उद्योग के परिवहन को लेकर इस्तेमाल होने वाले वाहनों का स्थाई पार्किंग करने के लिए बनाया गया है, परन्तु यहां एक निजी कंपनी के ट्रैक्टर खड़े हो रहे है और बड़े वाहन सड़कों पर खड़े हो रहे हैं, जिससे आए दिन सड़क दुर्घटना में इजाफा हो रहा है।

मंडीदीप से सतलापुर जोड़ तक करीब प्रतिदिन 10 से 15 वाहन खड़े रहते हैं, जिसमें आयशर, पी एंड जी समेत कई कंपनी के बड़े ट्रॉले सड़कों पर ही पार्क होते हैं। एमपीआईडीसी ने इसका निर्माण 2019 में करीब 50 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से निर्माण कराया था, जिसमें करीब 1000 से अधिक ट्रक और बड़े वाहन पार्क हो सकते हैं, परन्तु ऐसा नहीं हो रहा। इंडस्ट्री डेवलपमेट कॉर्पोरेशन ने इसका ठेका हर्ष लॉजिस्टिक को प्रति माह करीब दो लाख रुपए के हिसाब से दिया है, लेकिन ठेकेदार द्वारा इस पार्किंग स्थल का आयशर कंपनी को ठेके पर दे दिया है, वहां पर कंपनी के ट्रैक्टर खड़े हो रहे हैं और बड़े वाहन रोड पर खड़े हो रहे हैं। आयशर के प्रबंधक से इस विषय में जानकारी लेने की हरिभूमि ने कई बार कोशिश की, लेकिन उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया।

आए दिन हो रहे हादसे

पार्किंग स्थल पर वाहन खड़े नहीं होने से बड़े वाहन चालक अपनी गाड़िया सड़क पर खड़ी करते हैं, जिससे दो पहिया वाहन चालक रात में टकराकर हादसे का शिकार हो रहे हैं और कई वाहन चालक की मौत भी हो चुकी है।

जम कर चल रही अवैध वसूली

जिस काम के लिए शासन ने लॉजिस्टिक पार्क का निर्माण किया, उसके नियम विरुद्ध ठेकेदार हर्ष लॉजिस्टिक के कर्मचारियों द्वारा औद्योगिक क्षेत्र में खड़े वाहनों से अवैध वसूली कर रहे हैं, जिससे बड़े वाहन पार्किंग में अपने वहां खड़ा नहीं करते।

ठेका कंपनी से बात करता हूं

आपके द्वारा जो जानकारी दी गई है, उसको लेकर मैं ठेका कंपनी से बात करता हूं और जल्द ही समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।

विशाल सिंह चौहान
ईडी, एमपीआईडीसी, भोपाल

चालानी कार्रवाई की जाएगी


आपके द्वारा जानकारी मिली है, अगर कोई बड़े वाहन सड़क पर खड़े होते हैं तो उन पर चलानी कार्रवाई की जाएगी।

विजय त्रिपाठी, थाना प्रभारी, थाना सतलापुर

सुविधाओं के लिए मोहताज ट्रक ड्राइवर

लॉजिस्टिक पार्क में सरकार द्वारा ड्राइवरों के लिए शौचालय, रेस्टोरेंट, नहाने की व्यवस्था एवं अन्य सुविधाओं के लिए आदेश दिए थे, लेकिन ड्राइवरों को कोई सुविधा नहीं मिल रही। बाथरूम के नल टूटे पड़े है, ढाबा बंद है और पानी की आए दिन परेशानी होती है।





खबर संक्षेप

भगवान सहस्त्रबाहु का जन्मोत्सव 29 को



औबेदुल्लागंज। श्री राज राजेश्वर भगवान सहस्त्रबाहु जन्मोत्सव समारोह की तैयारियां जोरों पर चल रही है। अध्यक्ष श्याम मालवीय, पेंशनर समिति के अध्यक्ष नवल मालवीय, हिंदू उत्सव समिति के उपाध्यक्ष अशोक जायसवाल, विमल राग्र, सोनू राय, रवि शंकर राय, कपिल राय, अमित राय, माया राय आदि ने बताया कि 29 अक्टूबर बुधवार को भगवान सहस्त्रबाहु का जन्मोत्सव समारोह पर हवन पूजन कर कलार समाज की वेबसाइट का प्रस्तुतीकरण किया जाएगा, जिसकी तैयारियां जोरों पर चल रही है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भोपाल की महापौर मालती राय, भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा होंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक सम्मान किया जाएगा और बच्चों के लिए खेल स्पर्धाएं होंगी।

दीपावली पर खरीदे महंगे मोबाइल, संदेश का इंतजार

औबेदुल्लागंज। नगर के पार्षदों, भाजपा नेताओं और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं में गर्म चर्चा है कि दो मोबाइल सवा सवा लाख रुपए के दीपावली पर आए हैं इन मोबाइलों से दीपावली की बधाई और शुभकामनाएं भी नहीं आई, जबकि विधायक, जिला अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, वरिष्ठ भाजपा नेता दीपावली की बधाई शुभकामनाएं दे रहे हैं। व्यंग्यकार रवि ने कहा भैया मोबाइल तो विदेशी है, इसीलिए उसको चलाना सीखने में वक्त लगेगा। अगली दीपावली और चुनाव पर इस मोबाइल से बधाई और शुभकामना देंगे।

पटवा से भेंट कर दीपावली की दी शुभकामनाएं



औबेदुल्लागंज। जीतू नन्दवशी, संजय प्रजापति एवं राहुल प्रजापति ने विधायक सुरेंद्र पटवा के निवास पर पहुंच कर दीपावली, गोवर्धन पूजा की शुभकामनाएं दी



निर्माणाधीन मल्टी से गिरकर मजदूर की मौत

भोपाल। अयोध्या नगर थाना क्षेत्र स्थित फेस-5 में निर्माणाधीन मल्टी से गिरकर मजदूर घायल हो गया। साथी मजदूर उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। मृतक के पास से मिले आधार कार्ड से उसकी शिनाख्त की गई है। परिजन के आने के बाद उसका पीएम कराया जाएगा। पुलिस के अनुसार आयोध्या नगर फेस-5 में निर्माणाधीन बिल्डिंग से मजदूर के गिरने की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची आधार कार्ड में उसका नाम जितेंद्र उर्फ राजवीर विश्वकर्मा (37) साल लिखा हुआ था। साथ ही पता बीना का डला हुआ था। पुलिस ठेकेदार से पूछताछ कर रही है।

पिपलानी पुलिस की लापरवाही का एक और मामला सामने आया

हादसे में शेफ की मौत... शिनाख्त करने के प्रयास में लापरवाही का लगाया आरोप

परिजन का आरोप, स्कूटी का नंबर मिलने के बाद भी शिनाख्त नहीं कर सकी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पिपलानी पुलिस की लापरवाही का एक और कारनामा सामने आया है। दरअसल, सड़क हादसे में शेफ की मौत हो गई और पुलिस उसकी तीन दिन में भी शिनाख्त नहीं कर सकी। पुलिस को घटनास्थल से शेफ की स्कूटी भी मिली थी। हद तो उस समय हो गई, जब स्कूटी की डिग्गी में मोबाइल भी रखा हुआ था और परिजन मोबाइल पर दो दिन तक कॉल करते रहे, लेकिन पुलिस को भनक तक नहीं लगी। परिजन का कहना है कि पुलिस शेफ की हादसे में क्षतिग्रस्त हुई स्कूटी थाने लेकर पहुंच गई, लेकिन रजिस्ट्रेशन नंबर से भी शिनाख्त करने का प्रयास नहीं किया। पुलिस की कार्रवाई यदि गंभीर होती तो स्कूटी की डिग्गी चेक कर लेती। उसमें मृतक का मोबाइल और पेन कार्ड रखा था।

जानकारी के मुताबिक झील नगर थाना अयोध्या नगर निवासी राम बहादुर (55) रत्नागिरी के एक रेस्टोरेंट में शेफ थे। 19-20 अक्टूबर की दरमियानी रात करीब डेढ़ बजे वह ड्यूटी करने के बाद स्कूटी से घर आ रहे थे। तभी रत्नागिरी इलाके में एक अन्य दोपहिया वाहन ने उन्हें सामने से जोरदार टक्कर मार दी। एंबुलेंस की मदद से गंभीर रूप से घायल राम बहादुर को अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन पहले ही उनकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल पर मिली स्कूटी जब्त कर थाने में खड़ी कर ली थी। स्कूटी में चाबी भी लगी थी और रजिस्ट्रेशन नंबर भी प्लेट पर दर्ज था। डिग्गी में राम बहादुर का मोबाइल और अन्य पहचान संबंधी दस्तावेज भी रखे थे।

देर हो जाने पर अक्सर रेस्टोरेंट में सो जाते थे राम बहादुर

मृतक राम बहादुर के पिता सतीश बहादुर का कहना है कि उनके पिता रेस्टोरेंट में देर रात तक काम करते थे और कभी-कभार वहीं सो जाते थे। दिवाली की रात जब वह घर नहीं आए तो लगा कि रेस्टोरेंट में ही सो गए होंगे। उन्हें कॉल भी किया लेकिन रिसीव नहीं किया। अक्सर रेस्टोरेंट में काम अधिक होने पर वह घर नहीं आते थे, लेकिन जब कॉल बैक नहीं किया तो रेस्टोरेंट के संचालक से पूछा। उन्होंने फोन पर बताया कि वह तो 19 अक्टूबर की रात ही घर के लिए निकल गए थे।



फोटो दिखाकर करते रहे पहचान

थाना प्रभारी चंद्रिका यादव का कहना है कि मृतक के पास से कोई पहचान संबंधी दस्तावेज नहीं मिला था। परिजन ने तीन दिन तक उनकी गुमशुदगी भी दर्ज नहीं कराई। फोटो के आधार पर टीम आसपास के इलाकों में पहचान करने का प्रयास कर रही थी। एक व्यक्ति ने राम बहादुर के रूप में उनकी पहचान की। गुरुवार दोपहर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया है।

बाइक फिसलने से छात्र की मौत, दो साथी गंभीर घायल



मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित कैपिटल मॉल के पास तेज रफ्तार पल्सर बाइक फिसल गई। बाइक फिसलने से एक छात्र की मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी गंभीर घायल हो गए, जिनका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस हादसे की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार प्रथम गोस्वामी पिता देवेंद्र गोस्वामी (21) सतलापुर मंडीदीप में रहता था और कॉलेज का छात्र था। बुधवार रात वह अपने दो दोस्तों के साथ भोपाल से मंडीदीप जाने के लिए निकला था। रात करीब आठ बजे के आसपास तीनों दोस्त कैपिटल मॉल के पास पहुंचे ही थे कि उनकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। बाइक रफ्तार में होने के कारण करीब दस मीटर तक बाइक फिसलकर डिवाइडर में जा घुसी थी। इससे प्रथम गोस्वामी और उसके दो दोस्तों को गंभीर चोट आई थी। तीनों को नर्मदापुरम रोड स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टर प्रथम को मृत घोषित कर दिया, जबकि उसके दोनों दोस्तों का इलाज चल रहा है।

भोपाल सुदर्शन चक्र के कैप्टन ने दिया साहस का परिचय

आर्मी के कैप्टन ने दुर्घटना के बाद कार में फंसे तीन लोगों की बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर





असाधारण साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए भारतीय सेना के भोपाल स्थित सुदर्शन चक्र के कैप्टन अभिषेक चौधरी जो वर्तमान में बबीना, मध्य प्रदेश में तैनात हैं, ने जोधपुर के निकट कापरड़ा गांव के पास हुई एक सड़क दुर्घटना में फंसे एक परिवार के तीन लोगों को बचाया।

हादसा 23 अक्टूबर की सुबह हुआ था। गुरुवार सुबह लगभग 8 बजे प्रशिक्षण से लौटते समय कैप्टन अभिषेक ने देखा कि एक नागरिक के कार का टायर फटने के कारण नियंत्रण होकर सड़क पर पलट गई। बिना किसी हिचकिचाहट के उन्होंने तुरंत अपनी गाड़ी रोकी और दुर्घटना स्थल की ओर दौड़े, ताकि कार में फंसे लोगों की सहायता कर सकें। मौके पर पहुंच कर उन्होंने एक दंपति और एक छोटे बच्चे को कार के अंदर फंसा पाया, जिसके दरवाजे जाम हो चुके थे। त्वरित निर्णय क्षमता का परिचय देते हुए कैप्टन अभिषेक ने अपने साथी नायक श्रीराम के साथ मिलकर कार का दरबाजा खोलने का हर संभव प्रयास किया पर जब कार का दरबाजा नहीं खुला तो दरवाजा तोड़कर तीनों यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद उन्होंने स्थानीय प्रशासन को सूचित किया, जिससे घायलों को शीघ्र चिकित्सकीय सहायता मिल सकी। कैप्टन अभिषेक की निर्णायक कार्रवाई, निडरता और निस्वार्थ प्रतिबद्धता भारतीय सेना की उत्कृष्ट परंपराओं का उदाहरण है, जो कर्तव्य से परे साहस और करुणा को दर्शाती है।

किसान ने फांसी लगाकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नजीराबाद थाना क्षेत्र स्थित गांव रुनाहा में बुधवार शाम एक किसान ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगा रही है। पुलिस के अनुसार काशीराम मेहर (50) गांव रुनाहा, नजीराबाद में रहते थे और खेती किसानी करते थे। उनके पास पांच एकड़ भूमि है। परिवार में पत्नी के अलावा दो बच्चे हैं। उनके बेटे सचिन मेहर ने बुधवार शाम करीब पांच बजे उन्हें फांसी के फंदे पर लटके देखा था। वह पिता को फंदे से उतारकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचा, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया। राहुल हंड्रेड 112 पर भी सूचना दी थी। पुलिस की टीम अस्पताल पहुंची और शव पीएम के लिए मर्चूरी में रखवा दिया। पुलिस की टीम घर भी पहुंची थी और तलाशी ली, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला है।

नगर पालिका घाटों के आसपास करवा रहा साफ-सफाई

छठ महापर्व की तैयारी जोरों पर बनाया जा रहा कृत्रिम कुंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडीदीप





भोजपुरी समाज के सबसे बड़े पर्व छठ पूजा की तैयारी इन दिनों नगर के सात जगहों पर की जा रही है। नगर पालिका द्वारा कृत्रिम कुंड का निर्माण और साफ-सफाई के साथ रंग रोगन कर रहा है। साथ ही घाटों पर साफ-सफाई भी की जा रही है।

भोजपुरी समाज के पदाधिकारी राकेश सिंह ने बताया कि छठ पर्व की शुरुआत नहाए खाए के साथ शुरू होगी। 27 अक्टूबर की शाम को डूबते सूर्य को श्रद्धालुओं द्वारा अर्घ्य दिया जाएगा। मंडीदीप, सतलापुर, शीतल सिटी, भव्य सिटी, राहुल नगर, समेत कई जगहों पर भोजपुरी समाज द्वारा छठ महापर्व की पूजा की जाती है। घाटों की साफ-सफाई में समाज के मुख्य रूप से राकेश सिंह, शिव शंकर मिश्रा, गोल्डी यादव, उपेन्द्र गिरी आदि लोग लगे हुए हैं।

हर्षोल्लास के साथ की गई भगवान गोवर्धन की पूजा

औबेदुल्लागंज। नगर में गोवर्धन पूजा का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही लोगों ने अपने घर और मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण एवं गोवर्धन पर्वत की पूजा-अर्चना की।



ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में गोवर्धन पर्वत का प्रतीक स्वरूप गोबर से पर्वत बनाकर उसका विधिवत पूजन किया। भक्तों ने दीप, फूल, धूप और नैवेद्य अर्पित कर भगवान श्रीकृष्ण से सुख-समृद्धि की कामना की। महिलाओं ने पारंपरिक गीत गाते हुए गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा की। वहीं बच्चों ने रंगोली और दीप प्रज्वलित कर पूजा स्थल को सजाया। शाम को आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर गोमाता की पूजा की। मंदिरों में विशेष सजावट की गई। पूरे दिन भक्ति और उल्लास का माहौल रहा। इस अवसर पर गो माता की सेवा करने का संकल्प लिया।

श्री गंगा धाम उदासीन दरबार में कार्तिक मास उत्सव शुरू

कार्तिक के समान फलदायी कोई मास नहीं : महंत तुलसीदास

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर



संत हिरदाराम नगर एफ वार्ड स्थित श्री गंगा धाम उदासीन दरबार में कार्तिक मास उत्सव प्रारंभ हो गया है। पंचदेवों की पूजा के साथ श्रोताओं के बीच महंत तुलसीदास ने कार्तिक माह का महत्व सुनाते हुए कहा कि कार्तिक मास का प्रभाव ऐसा है कि इसमें कलयुग भी प्रवेश नहीं कर सकता।

यह अनुभव की बात है, विगत 65 वर्षों से निरंतर यह उत्सव दरबार में मनाया जाता है। जहां सुबह शाम सत्संग, कीर्तन, प्रवचन होते हैं। एक पखवाड़े तक चलने वाले इस उत्सव में गणेश चतुर्थी, गोपाष्टमी, ग्यारस, गुरु नानक जयंती आदि पर्व मनाए जाते हैं। स्कंद पुराण के अनुसार कार्तिक पुण्यतम मास है। इस महीने में 33 कोटि देवता मनुष्य के सन्निकट हो जाते हैं और इसमें किए हुए स्नान, दान, भोजन, व्रत आदि को ग्रहण करते हैं। यह सब अक्षय फल देने वाला होता है।

कहा गया है कि कार्तिक मास के समान कोई मास नहीं। सतयुग के समान कोई युग नहीं। वेदों के समान कोई शास्त्र नहीं और गंगा जी के समान कोई तीर्थ नहीं है। 23अक्टूबर से 6 नवंबर तक चलने वाला यह उत्सव आनंद देने के साथ ही कल्याण करने वाला है।

कायस्थ समाज के लोगों ने की भगवान चित्रगुप्त की पूजा

औबेदुल्लागंज। कायस्थ समाज ने गुरुवार को भाई दूज के अवसर पर भगवान चित्रगुप्त की पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर कलम और दवात की आराधना की। समाज के वरिष्ठजनों ने भगवान चित्रगुप्त के आदर्शों और सत्य, न्याय व कर्मनिष्ठा के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर महिलाओं और बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूजा के बाद भजन-संगीत और प्रसाद वितरण किया गया। समाज के युवाओं ने सामूहिक रूप से सेवा और एकता का संकल्प लिया। इस अवसर पर कायस्थ समाज के एसएन श्रीवास्तव, दीपक श्रीवास्तव, विकास श्रीवास्तव, संदीप श्रीवास्तव, सुनील सक्सेना आदि गणमान्य नागरिक, समाजसेवी उपस्थित रहे।



पुलिस ने अंतरराज्यीय गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया

जस्ट डायल के माध्यम से करोड़ों की ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़, 29 लाख 50 हजार नकद, दो लग्जरी कारें जब्त

उज्जैन जिले की नागदा पुलिस ने फसल खरीदी के नाम पर किसानों से लगभग 5 करोड़ की ठगी करने वाला गिरोह पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



पुलिस ने जस्ट डायल वेबसाइट के माध्यम से विभिन्न राज्यों में करोड़ों की ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। देवास जिले के औद्योगिक क्षेत्र थाना में एक प्रॉपर्टी ब्रोकर ने शिकायत दर्ज कराई थी कि कुछ व्यक्तियों ने अत्यंत कम दर पर जमीन बेचने का झांसा देकर उससे 29 लाख 50 हजार रूपए की ठगी की है।

शिकायत मिलते ही पुलिस टीम ने तकनीकी विश्लेषण, मोबाइल लोकेशन ट्रैकिंग तथा बैंक खातों की जांच प्रारंभ की। जांच के दौरान यह पता चला कि आरोपी उत्तराखंड के हरिद्वार जिले के रुड़की क्षेत्र में ठहरे हुए हैं। इसके बाद देवास पुलिस की टीम ने लगभग 1000 किलोमीटर दूर दबिश देकर पांच शातिर ठगों को होटल से गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों से 29 लाख 50 हजार रूपए नकद, दो लग्जरी कारें, तथा बड़ी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य जब्त किए। प्रारंभिक पूछताछ में खुलासा हुआ कि गिरोह ने मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में इसी तरह की ठगी की घटनाएं की हैं। आरोपी फर्जी पहचान पत्र, अलग-अलग मोबाइल सिम और नकली एग्रीमेंट दस्तावेजों का उपयोग कर अपनी पहचान छिपाते थे। इसी प्रकार, कुछ दिनों पूर्व उज्जैन जिले की नागदा पुलिस ने फसल खरीदी के नाम पर किसानों से लगभग 5 करोड़ की ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर मकान, प्लॉट और वाहन सहित करोड़ों रुपए की संपत्ति जब्त की है। जब्त संपत्तियों की न्यायालयीय कुर्की की प्रक्रिया जारी है, ताकि पीड़ित किसानों को उनका धन वापस मिल सके।

छतरपुर में पुलिस ने पकड़ा 50 लाख रुपए का जुआ

छतरपुर में जुआ खेल रहे 24 जुंवारी को गिरफ्तार कर 14 लाख नगद राशि, 3 कार, 26 मोबाइल कुल कीमत करीब 50 लाख रुपए की संपत्ति बरामद की है। पुलिस को देरी रोड स्थित एक निमार्णाधीन मैरिज गार्डन में बड़े पैमाने पर जुआ खेले जाने की गोपनीय सूचना प्राप्त हुई। छापे में हार-जीत का दांव लगाते हुए 24 जुआरियों को गिरफ्तार किया गया। मौके से पुलिस ने 14 लाख की भारी नकद राशि, 26 मोबाइल फोन, आवागमन के लिए उपयोग की जा रही 3 कारें और ताश की गड्डियां जब्त की हैं। जब्त की गई कुल संपत्ति का अनुमानित मूल्य लगभग 50 लाख है।

व्यापार महासंघ एक अनुशासन एवं संगठित महासंघ है: मित्तल

दीपावली और भाई दूज की नगवासियों को बधाई दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज





व्यापार महासंघ के संरक्षक अशोक मित्तल, अशोक सेठी, अशोक कामरा, विवेक मित्तल, नीरज चावला, विक्रम धाड़ी, विजय जैन, शंकर सेठी, रमेश सेठी, सुनील वर्धमान, संजय अग्रवाल, संतोष गुप्ता, श्याम मालवीय, अनिल धमीजा, गिरीश चावला, हरिकिशन, धमीजा, दिलीप मित्तल आदि ने दीपावली और भाई दूज की नगरवासियों को बधाई दी।

इस अवसर पर संरक्षक अशोक मित्तल ने कहा कि व्यापार महासंघ एक अनुशासन एवं संगठित महासंघ है। ऐसे महासंघ में किसी भी राजनीतिक पार्टी एवं किसी अन्य संस्था का दखल नहीं होने से व्यापार महासंघ का सम्मान और प्रभावी है। इसीलिए सभी पदाधिकारी को व्यापार महासंघ का पिछला इतिहास देखते हुए अपना कार्य करना चाहिए, जिससे व्यापार महासंघ का सम्मान बड़े।



श्रीलंकाई नृत्यशैली संगीत और रंगमंचीय प्रस्तुति में नजर आया समन्वय

रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय में श्रीलंकाई कलाकारों ने दी रावण पर केंद्रित नृत्य नाटिका 'रावणेश्वर' की प्रस्तुति

पहले जाना रावण का सच, फिर एक साल से अधिक समय में बनाई 'रावणेश्वर'

डॉ. अमिला दमयंती ने मप्र के मंदसौर और राजस्थान के कई स्थानों पर की रिसर्च



श्रीलंका में लोगों का विश्वास है रावण एक राजा है, जो कभी नहीं मरता...

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रावणेश्वर, एक डांस ड्रामा है, जिसे हमने वर्ष 2019 में कुंभ मेले के लिए तैयार किया था। मैंने अपनी पीएचडी भारत और श्रीलंका की रामलीला पर तुलनात्मक अध्ययन विषय पर की है।



इसी शोध कार्य के दौरान श्रीलंका के रामायण से संबंधित पात्रों और कथाओं का गहन अध्ययन करने के बाद, मुझे लगा कि इस डांस ड्रामा की रचना जरुरी है। क्योंकि श्रीलंका में लोगों का विश्वास है रावण एक राजा है जो कभी नहीं मरता। हमारे देश में रामायण को लोग अपनी संस्कृति, चरित्र और लोक कथा पर आधारित मानते हैं।

यह कहना है डॉ. अमिला दमयंती, विभागाध्यक्ष, नृत्य एवं नाट्य संकाय, इंडियन एंड एशियन डांस विभाग, श्रीलंका का। जो गुरुवार को रबीन्द्रनाथ टैगोर विवि में श्रीलंकाई कलाकारों द्वारा रावण पर केंद्रित नृत्य नाटिक 'रावणेश्वर' की प्रस्तुति देने आईं और हरिभूमि से खास बातचीत में उन्होंने अपने देश में रावण से संबंधित मिथकों पर चर्चा की।

राम और रावण से संबंधित अनेक कहानियों का किया संकलन



अमिला ने कहा कि भारत आने के बाद मैंने राम और रावण से संबंधित अनेक कहानियों का संकलन किया, ऐसे स्थानों का पता लगाया जो रावण से संबंधित है, जैसे मप्र में कोरकू जनजाति के द्वारा मेघनाद को पूजा जाता है, साथ ही मप्र के मंदसौर और राजस्थान के मंडोर जैसे स्थानों पर मंदोदरी को रावण की पत्नी होने के कारण सम्मान दिया जाता है और इन स्थानों पर रावण को दामाद के रूप में पूजा जाता है। तो इस प्रकार मैंने इन कहानियों को जानकर इस नृत्य नाटिका को तैयार किया जिसे तैयार करने में हमें एक साल से अधिक का समय लगा।

शिवभक्त, वीणा वादक रावण की कला निपुणता से की शुरुआत

रावणेश्वर नृत्य-नाटिका मूल रूप से श्रीलंका में आयोजित होने वाली रामायण पर आधारित है। कथा के आरंभ में रावण का शिवभक्त रूप, वीणा वादन-कुशलता को दिखाया गया है। लेकिन जैसे-जैसे कथा आगे बढ़ती है, उसकी लालसा, अहंकार और उसकी विफलताओं का पटाक्षेप होता है, जिससे अंततः वह पतन की ओर बढ़ता है।



श्रीलंकाई वेशभूषा, मुखौटे, नृत्यशैली रही खास

इस नाटिका में श्रीलंकाई पारंपरिक श्रीलंकाई वेशभूषा, मुखौटे, नृत्यशैली, संगीत और रंगमंचीय प्रस्तुति का समन्वय देखने को मिलता है। कलाकारों द्वारा भाव-भंगिमाओं (अभिनय), कथानक-वर्धक संवाद और नृत्य-मंचन के माध्यम से दर्शकों को कथा-भूमि में खींचा जाता है। मंच-चित्र, प्रकाश-प्रभाव और समूह-नृत्यों के संयोजन से यह प्रस्तुति न केवल दृश्य-रूप से आकर्षक है, बल्कि भावनात्मक दृष्टि से भी गहरी छाप छोड़ती है। उदाहरण के लिए, रावण के भीतर संघर्ष, उसकी पत्नी या अन्य पात्रों के संवाद-नृत्यवली, और उसकी अंतर्भावनाओं को दर्शाने वाले सीन दर्शकों को सहज रूप से प्रभावित करते हैं।



श्रीलंका-भारत सांस्कृतिक संवाद का प्रतीक बनी प्रस्तुति

इस नाटिका के माध्यम से कलाकार यह संदेश देना चाहते हैं कि महानता, शक्ति और प्रतिभा यदि स्व-नियंत्रण, दायित्व और मान-दंडों के बिना हों तो पतन निश्चित है। साथ ही, यह प्रस्तुति श्रीलंका-भारत सांस्कृतिक संवाद का प्रतीक भी बनी हुई है क्योंकि रावण की कथा-भूमि एवं लंका-संस्कृति के संदर्भ में यह नाटिका एक साझा सांस्कृतिक धरोहर को उजागर करती है।



'सीता : बिहार की बेटी' लोककला प्रदर्शनी 5 नवंबर से



मानव संग्रहालय के वीथि संकुल अंतरंग प्रदर्शनी में 11 नवंबर तक आयोजन

भोपाल । इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में बिहार संग्रहालय, पटना, बिहार कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार के सहयोग से लोककला प्रदर्शनी सीता : बिहार की बेटी का शुभारंभ किया जा रहा है, जिसकी तैयारी संग्रहालय में लगातार चल रही है। यह प्रदर्शनी 5 नवंबर से संग्रहालय के वीथि संकुल अंतरंग प्रदर्शनी स्थल में आम दर्शकों के लिए ओपन की जाएगी।

कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा

5 नवम्बर: सीता-बिहार की बेटी प्रदर्शनी का शुभारंभ एवं संयोजन कार्य।
5 से 11 नवंबर: बिहार की कला पर केंद्रित संग्रहालय प्रदर्शनी का आयोजन।
6 नवंबर: विशेष व्याख्यान — फोक आर्ट ऑफ बिहार विषय पर आशोक कुमार बिस्वास का व्याख्यान।
11 नवंबर: विशेष व्याख्यान — रीइमेजिंग म्यूजियम द विजन बिहाइंड द बिहार म्यूजियम विषय पर अंजन कुमार का व्याख्यान।
सीता स्वयंवर, अशोक वाटिका में सीता, रावण द्वारा सीता का अपहरण जैसे प्रसंग होंगे खास

संग्रहालय के जन संपर्क अधिकारी हेमंत बहादुर सिंह परिहार ने बताया कि यह प्रदर्शनी मिथिला की धरती पर जनमीं मां सीता के जीवन प्रसंगों को बिहार की विविध लोककलाओं के माध्यम से प्रस्तुत करती है। प्रदर्शनी में मधुबनी चित्रकला, सूजनी कला, टिकुली कला, टेराकोटा, लकड़ी एवं धातु मूर्तिकला आदि पारंपरिक शैलियों के माध्यम से रामायण की प्रमुख घटनाओं को दर्शाया गया है।

प्रदर्शनी में सीता स्वयंवर, अशोक वाटिका में सीता, रावण द्वारा सीता का अपहरण, लंका में अग्निपरीक्षा, राम-सीता विवाह तथा स्वर्ण मृग और सीता जैसे प्रसंगों को स्थानीय कलाकारों की दृष्टि से लोक परंपरा के अनुरूप चित्रित किया गया है। ये कलाकृतियां बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोकआस्था और नारी के सम्मान की भावना को प्रतिबिंबित करती हैं।

प्रदेश के 9 संभागों से चयनित 250 स्कूली विद्यार्थी देंगे प्रस्तुति

वाल्मी में राज्य स्तरीय कला उत्सव 2025 आज से

दो दिन विभिन्न लोकनृत्य किए जाएंगे प्रस्तुत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य प्रदेश में राज्य स्तरीय कला उत्सव-2025 का आयोजन 24 से 25 अक्टूबर को मध्य प्रदेश भूमि एवं जल प्रबंधन संस्थान (वाल्मी), कोलार रोड में किया जा रहा है।

दो दिवसीय इस उत्सव का आयोजन शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2015 से स्कूली विद्यार्थियों में भारतीय कला एवं संस्कृति की समझ विकसित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला यह आयोजन विद्यार्थियों को भारत की समृद्ध कला, संस्कृति और विरासत को उत्सव के रूप में मनाने का अवसर प्रदान करता है। साथ ही यह मंच विद्यार्थियों को अपनी सृजनात्मक अभिव्यक्ति प्रदर्शित करने का अवसर देता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों को आत्मसात करते हुए कला उत्सव एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को साकार करता है।

इस वर्ष कला उत्सव की प्रमुख थीम है विकसित भारत 2047 : एक नवीन परिकल्पना। इस अवसर पर प्रदेश के विविध अंचलों से लगभग 250 स्कूली विद्यार्थी, राज्य के 9 संभागों से चयनित होकर सहभागिता कर रहे हैं। विद्यार्थी अपनी स्थानीय संस्कृति, लोककला एवं परंपराओं का आकर्षक प्रदर्शन करेंगे।

मालवी एवं बुंदेली लोकगीत, बरेली बधाई नृत्यों की होगी प्रस्तुति

उत्सव के अंतर्गत मालवी एवं बुंदेली लोकगीत, बरेली बधाई, धीमी राय, गौर नृत्य जैसी लोकनृत्य प्रस्तुतियां दी जाएंगी। साथ ही विद्यार्थी नाटक एवं कहानी वाचन की विधाओं में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। वीर नायक तेजाजी की कथा पर आधारित कहानी वाचन तथा रानी दुर्गावती एवं रानी अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर आधारित लघु नाटिकाएं इस अवसर की विशेष आकर्षण रहेंगी।वादन श्रेणी में विद्यार्थी बांसुरी, सितार, तबला तथा टिमकी, ढोलक, तुरा जैसे पारंपरिक वाद्य यंत्रों के माध्यम से संगीत की अद्भुत प्रस्तुतियां देंगे। 24 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से कला उत्सव का शुभारंभ होगा।

प्रणाम दुष्यंत कार्यक्रम के साथ दीवाली मिलन समारोह कल

भोपाल। दुष्यंत कुमार स्मारक पांडुलिपि संग्रहालय के राज सदन में 25 अक्टूबर, शनिवार को सायं साढ़े चार बजे से दुष्यंत प्रश्नोत्तरी और दीप पर्व पर केन्द्रित गीत, गजल गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है।दो सत्रों में आयोजित इस कार्यक्रम के प्रथम चरण में दुष्यन्त कुमार के व्यक्तित्व-कृतित्व पर आधारित प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में पांच समूह क्रमशः साये में धूप,आंगन में एक वृक्ष, सूर्य का स्वागत, आवाजों के घेरे और एक कण्ठ विषपायी के नामों से बनाए गए हैं और प्रत्येक ग्रुप में पांच सदस्य हैं।

रवींद्र भवन में ठाकुर हरिश्चंद्र सिंह संगीत समारोह का आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रवींद्र भवन के अंजनी सभागार में आज शाम ठाकुर हरिश्चंद्र सिंह संगीत समारोह का आयोजन किया जा रहा है। ठाकुर हरिश्चंद्र सिंह संगीत कला समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में गीत, संगीत की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम के संयोजक उदय प्रताप सिंह एवं अंशुल प्रताप सिंह ने बताया कि समारोह का शुभारंभ बाल कलाकारों की प्रस्तुति से होगा। लवी देशमुख (बैतूल) शास्त्रीय गायन प्रस्तुत करेंगी, वहीं रेवा भदौरिया (इंदौर) वायलिन वादन करेंगी। तबले पर यशवी देशमुख संगत देंगी। बाल कलाकारों की यह प्रस्तुति संगीत परंपरा के उज्जवल भविष्य की झलक पेश करेगी। इसके उपरांत सम्मान समारोह में भारतीय शास्त्रीय संगीत की विभूतियों पद्मश्री पंडित उमाकांत गुंदेचा, अनंत गुंदेचा, पंडित अखिलेश गुंदेचा, पंडित अनूप शर्मा और पंडित गौतम काले को सम्मानित किया जाएगा। मुख्य प्रस्तुतियों में पंडित ईमान दास (बैंगलोर) का शास्त्रीय गायन और सत्येंद्र सिंह सोलंकी का संतूर वादन शामिल रहेगा, जिसमें तबले पर अंशुल प्रताप सिंह संगत देंगे। समापन में पद्मश्री उमाकांत गुंदेचा और अनंत गुंदेचा का ध्रुपद गायन वातावरण को आध्यात्मिक माधुर्य से भर देगा। इस अवसर पर वरिष्ठ तबला वादक पंडित किरण देशपांडे, प्रकाश सिंह ठाकुर और उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी के निदेशक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम शाम 6 बजे से प्रारंभ होगा।



नीति राज एवं अखिलेश सरस्वती प्रभा सम्मान से अलंकृत

भीड़ में गुम हुआ जो पवन सा, फिर मिला वो दुबारा नहीं..

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



प्रभात साहित्य पारिषद द्वारा पवन विषय पर काव्य गोष्ठी का आयोजन हिन्दी भवन के नरेश मेहता कक्ष में महेश प्रसाद सिंह की अध्यक्षता, बलराम गुमाश्ता के मुख्य आतिथ्य तथा कृष्ण देव चतुर्वेदी के विशेष आतिथ्य एवं डॉ. अनीता तिवारी के संचालन में किया गया। इस अवसर पर चंदन विषय पर आयोजित पिछली काव्य गोष्ठी की सर्वश्रेष्ठ चुनी गई रचनाओं के लिये नीति राज चौरे एवं अखिलेश लोधी को सरस्वती प्रभा सम्मान से अलंकृत किया गया। गोष्ठी में चंद्र भान राही ने भीड़ में गुम हुआ जो पवन सा, फिर मिला वो दुबारा नहीं, हीरालाल पारस ने पवन है डोर शरीर की, आत्मा की परमात्मा की, महेश प्रसाद सिंह ने सन्न सन्न बहे पवन पलामू की धाम रे, रमेश नन्द ने चलने लगी है पवन धीरे-धीरे. महकने लगा है चमन धीरे-धीरे, प्रदीप कश्यप ने चल रही सुखकर पवन मौसम सुहाना हो गया, डॉ. अनिल शर्मा 'मयंक' ने मिलकर रहोगे तो सुरक्षित रहोगे, देश में और मकानों में जैसी रचनाओं का पाठ किया। वहीं एसएन शर्मा, अशोक व्यग्र, अशफाक अंसर, के पी गुप्ता,हरिओम सोनी, विरोनिका पीटर, ज्योत्सना खोले, शफी लोदी, दिनेश शेष, राजेन्द्र रमण,अमरत लाल गुप्ता, साजिद बरेलवी, राजेश तिवारी,अशोक गौतम आदि ने भाग लिया। अंत में रमेश नन्द ने सभी का आभार व्यक्त किया।

भोपाल में युवा चिंतन शिविर: राष्ट्र निर्माण और डिजिटल चुनौतियों समेत छह प्रमुख विषयों पर होगा मंथन

प्रांतीय युवा चिंतन शिविर में मार्गदर्शन देंगे डॉ. चिन्मय पंड्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अखिल विश्व गायत्री परिवार आगामी 27 से 29 अक्टूबर तक एक विशाल प्रांतीय युवा चिंतन शिविर का आयोजन कर रहा है। शताब्दी वर्ष की पूर्व संध्या पर हो रहे इस कार्यक्रम का मुख्य केंद्र युवाओं से जुड़े छह महत्वपूर्ण विषय होंगे, जिन पर गहन विचार-विमर्श किया जाएगा। शांतिकुंज हरिद्वार प्रतिनिधि एवं युवा आइकॉन डॉ. चिन्मय पंड्या मुख्य वक्ता के रूप में युवाओं का मार्गदर्शन करेंगे। यह तीन दिवसीय शिविर केरवा डेम रोड स्थित शारदा विहार आवासीय विद्यालय में आयोजित होगा। इसमें मध्य प्रदेश के सभी 55 जिलों से चयनित युवा भाग लेंगे, जिनका पंजीयन कार्य पूरा हो चुका है। शिविर का उद्देश्य युवाओं को एक उन्नत राष्ट्र के निर्माण में उनकी भूमिका के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम के दौरान व्यक्तित्व विकास और जीवन जीने की कला सिखाने के साथ-साथ युग परिवर्तन में युवाओं की भूमिका, युग निर्माण के सप्त आंदोलन, समर्थ और सशक्त राष्ट्र का निर्माण, माताजी की जन्म शताब्दी और हमारे दायित्व, आदर्श लोकसेवी युवा, डिजिटल वर्ल्ड की संभावनाएं और चुनौतियों से निपटने के तरीकों पर विशेष सत्र होगा।




गोवर्धन की प्रतिकृति रही आकर्षण का केंद्र



नागेश्वर धाम मंदिर में गोवर्धन पूजा पर राधा-कृष्ण रास की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नागेश्वर धाम मंदिर में गोवर्धन के पावन पर्व पर गोवर्धन महाराज पूजा के साथ साथ राधा कृष्ण रास पर आधारित प्रस्तुति भी दी गई। इसके साथ ही कार्यक्रम में जहां एक ओर गोबर से गोवर्धन की प्रतिकृति आकर्षण का केंद्र रही तो दूसरी ओर राधा कृष्ण रास ने दर्शकों का दिल जीत लिया। वहीं कार्यक्रम में परिक्रमा, गोवर्धन आरती एवं चंबल क्षेत्र के पारम्परिक व्यंजनों के भंडारे का आयोजन किया गया। यह आयोजन श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक एकता एवं क्षेत्रीय संस्कृति तथा परंपराओं का सुंदर संगम रहा।





महागठबंधन पर जमकर बरसे पीएम मोदी

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार चुनाव में प्रचार करने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बिहार के मेरे युवा साथियों, आप सभी को भाई-दूज के पर्व की ढेर सारी शुभकामनाएं। आज चित्रगुप्त पूजा का पावन दिन भी है। छठी मइया की पूजा की तैयारी भी जोरों पर है। साथ ही बिहार लोकतंत्र का महापर्व भी मना रहा है। ये बिहार की समृद्धि का नया अध्याय लिखने का चुनाव है। इसमें बिहार के नौजवानों की बहुत बड़ी भूमिका है। बिहार में हर एक क्षेत्र में, हर एक दिशा में काम हो रहा है। जब स्थिरता होती है, तो विकास तेज होता है। आज बिहार का हर नौजवान उत्साह से कह रहा है रफ्तार पकड़ चुका है बिहार, फिर से एनडीए सरकार! पीएम ने कहा कि जो लोग अपने आप को गठबंधन कहते हैं, बिहार की जनता उनको लठबंधन कहती है। वो सिर्फ लठ चलाना और झगड़ा करना जानते हैं। लठबंधन वालों के लिए अपना स्वार्थ ही सबसे बड़ा है। इन्हें बिहार के युवाओं की चिंता नहीं है। दशकों तक देश और बिहार के नौजवान नक्सलवाद और माओवादी आतंक से पीड़ित रहे।

लठबंधन वाले सिर्फ लठ चलाना जानते हैं, इन्हें युवाओं की चिंता नहीं



सभी को पुरानी बातों को बताएं

पीएम मोदी ने कहा कि मैं बिहार के सभी नौजवानों से कहूंगा कि हर बूथ में सब नौजवानों को एकत्र करें और उस इलाके में जो बुजुर्ग लोग हों, वो आकर जरा सबको पुरानी बातों को बताएं। वो जो विचलित करने वाले उनके अनुभव हैं, वो सभी नई पीढ़ी को बताने का कार्यक्रम बनाया जा सकता है। बिहार के सभी युवा कार्यकर्ताओं को एक और काम करना है।

जंगलराज को 100 साल तक नहीं भूलेगा

बिहार में अगले 100 सालों तक जंगलराज की कहानी चलने वाली है। ये अपने पापों को जितना भी भुलाने की कोशिश करें, लेकिन लोग कभी भी यह भूल नहीं पाएंगे। यह चाणक्य की धरती है। एक बार शिखा खोल दी, जब तक परिणाम नहीं मिलता, वे खोलते नहीं हैं। मोदी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वो बुजुर्ग लोगों को बैठाकर जंगलराज की कहानियां सुनाए।

यहां जंगलराज फिर न आने दें

पीएम मोदी ने कहा कि बिहार को बाहर लाने में बहुत मेहनत लग रही है, लेकिन हम लोग कर रहे हैं। हमने 2014 के बाद से बड़ी मेहनत की है। एनडीए ने बिहार को जंगलराज के अंधेरे से निकालकर विकास की नई रोशनी में लाने का काम किया है। बीते वर्षों में बिहार में विकास के जो कार्य हुए हैं, उनसे एक मजबूत नींव बन गई है। अब हमें इसपर विकास की भव्य इमारत बनानी है। इसके साथ ही भाजपा के अन्य नेताओं ने भी महागठबंधन पर प्रहार किया। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और रविशंकर प्रसाद ने हमला किया।

औरंगाबाद और वैशाली में बरसे नड्डा

बिहार चुनाव को 'विकास' और 'विनाश' के बीच की लड़ाई बताया

जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने कांग्रेस पर निशाना साधा और उस पर एक परजीवी पार्टी होने का आरोप लगाया जो अपने कनिष्ठ सहयोगियों को खत्म कर देती है। राजद पर हमला बोलते हुए कहा कि लालू प्रसाद के नेतृत्व वाली पार्टी 'रंगदारी' (जबरन वसूली), 'जंगल राज' (अराजकता) और 'दादागिरी' (धमकी) का प्रतीक है। तेजस्वी यादव द्वारा युवाओं को रोजगार देने और पलायन रोकने के वादे का मजाक उड़ाते हुए उन्होंने कहा कि राजद के ऐसे वादे उन्हें जमीन के बदले नौकरी घोटाले में पार्टी की कथित संलिप्तता की याद दिलाते हैं। राजद के चुनावी वादे की आलोचना करते हुए नड्डा ने जानना चाहा कि वेतन देने के लिए पैसे कहां से आएंगे।

कांग्रेस पर साधा निशाना, परजीवी पार्टी बताया



'जंगल राज' में अपहरण एक उद्योग बन गया था

राजद पर तीखा हमला बोलते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि राजद के 'जंगल राज' के दौरान अपहरण एक उद्योग बन गया था। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद का नाम लिए बिना नड्डा ने आरोप लगाया कि लोग इस तथ्य से अच्छी तरह वाकिफ हैं कि अपहरण के मामलों में फिरौती की रकम तत्कालीन मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर तय होती थी। नड्डा ने कहा,युवाओं को अपने माता-पिता से 'जंगल राज' और 'गुंडा राज' के बारे में पूछना चाहिए।

एनडीए समग्र विकास कर रही

वैशाली जिले के पातेपुर विधानसभा क्षेत्र में एक रैली को संबोधित करते हुए, नड्डा ने कहा कि एनडीए सरकार बिहार के समग्र विकास के लिए काम कर रही है। बिहार में दस हवाई अड्डे बनाए जा रहे हैं, जिससे राज्य से निर्यात बढ़ेगा, साथ ही केंद्र द्वारा स्थापित मखाना बोर्ड किसानों की आय बढ़ाएगा। युवा आयोग युवाओं के जीवन में बदलाव लाएगा।

'लालू ने गैंगस्टर के संबंधियों को भी दे दिया टिकट

उन्होंने गैंगस्टर से नेता बने दिवंगत मोहम्मद शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा शहाब को आगामी चुनावों में टिकट देने के लिए भी राजद की आलोचना की और कहा कि इससे पता चलता है कि पार्टी बिहार के लिए कितनी चिंतित है। उन्होंने कहा कि राजद ने शहाबुद्दीन के बेटे को मैदान में उतारा है।

गहलोत ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में किया ऐलान

तेजस्वी होंगे सीएम का चेहरा और सहनी होंगे डिप्टी सीएम, अन्य उपमुख्यमंत्री भी होंगे

बिहार चुनाव को लेकर महागठबंधन ने गुरुवार को संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपने मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री पद के चेहरों का ऐलान कर दिया। महागठबंधन ने स्पष्ट कहा कि पूरा गठबंधन एकजुट है। बिहार में बदलाव लाने के लिए तैयार है। महागठबंधन में मुख्यमंत्री का चेहरा तेजस्वी यादव होंगे। वहीं मुकेश सहनी को महागठबंधन ने उपमुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित किया गया है। गहलोत ने कहा कि सरकार बनने पर अन्य वर्गों से भी उपमुख्यमंत्री बनाए जाएंगे। सभी दलों ने एक स्वर में कहा कि भारी बहुमत से हमलोग सरकार बनाने जा रहे हैं।

28 को संयुक्त घोषणा पत्र जारी करेगा महागठबंधन, राहुल- तेजस्वी करेंगे रैली

महागठबंधन 28 अक्टूबर को पटना में बिहार विधानसभा चुनाव के लिए अपना संयुक्त घोषणा पत्र जारी करेगा। पहले चरण के मतदान से पहले और उसके बाद दूसरे चरण की सीटों के लिए राहुल गांधी और तेजस्वी यादव संयुक्त रैलियों को संबोधित करेंगे। प्रियंका गांधी वाड्रा और मल्लिकार्जुन खरगे भी छठ पूजा के बाद प्रचार अभियान की शुरुआत करेंगे।

'माई बहिन मान योजना' लांच की

बिहार विधानसभा चुनावों से पहले कांग्रेस ने महिला वोटरों को साधने के लिए कर्नाटक चुनाव वाला दांव चल दिया है। कांग्रेस ने बिहार में महिलाओं के सशक्तिकरण पर केंद्रित 'माई बहिन मान योजना' नामक एक अभियान लांच किया है। माई बहिन मान योजना को लेकर कांग्रेस ने बिहार की महिलाओं से वादा किया है कि अगर उनकी पार्टी की सरकार बिहार में बनती है तो वो प्रत्येक जरूरतमंद महिला के बैंक खाते में हर महीने 2500 की धनराशि सरकार की ओर सीधे ट्रांसफर की जाएगी।

मेरी परछाई भी अगर गलत काम करेगी तो उसको सजा दिलाऊंगा: तेजस्वी

सीएम पद का फेस घोषित होने के बाद तेजस्वी यादव ने मीडिया के जरिए बिहार के लोगों को अपना विजन बताया और कहा कि वह नया बिहार, विकसित बिहार बनाना चाहते हैं। आरजेडी की सरकार आने पर जंगलराज का भय दिखाने वालों को तेजस्वी ने जवाब दिया और कहा कि उनकी सरकार बनने पर भ्रष्टाचार और अपराध के मुद्दे पर कोई समझौता नहीं करेगी। तेजस्वी ने कहा, तेजस्वी की परछाई (छाया) भी अगर गलत काम करेगी तो उसको भी तेजस्वी सजा दिलाने का काम करेगा, ये संकल्प है।

जब तक भाजपा को तोड़ेंगे नहीं तब तक छोड़ेंगे नहीं: सहनी

वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने कहा,भाजपा ने जिस तरह हमारी पार्टी को तोड़ा, हमारे विधायक को खरीदा,हमने संकल्प लिया था कि जब तक भाजपा को तोड़ेंगे नहीं तब तक छोड़ेंगे नहीं...वो समय आ चुका है।

खबर संक्षेप

सपा नेता शमशुद्दीन बसपा से बर्खास्त


लखनऊ। बसपा ने गुटबाजी व अनुशासनहीनता के आरोप में शमशुद्दीन राईन को पार्टी से



बर्खास्त कर दिया गया है। वे लखनऊ व कानपुर मंडल के प्रभारी थे। इस संबंध में प्रदेश अध्यक्ष ने बयान जारी कर दिया गया है। उन्हें इस संबंध में चेतावनी भी दी गई लेकिन उन्होंने कार्यशैली में सुधार नहीं किया।

कई राज्यों में तेज़ आंधी बारिश की संभावना

चेन्नई। यहां स्थित क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (आरएमसी) ने गुरुवार को बताया कि बंगाल की खाड़ी के



दक्षिण-पश्चिम में बना गहरा दबाव का क्षेत्र तीव्र हो गया है। इसके साथ ही अगले 24 घंटों में इसके तमिलनाडु, पुडुचेरी और दक्षिणी आंध्र प्रदेश के तटों की ओर बढ़ने की आशंका है। कुछ क्षेत्रों में मध्यम से भारी वर्षा की भविष्यवाणी की है।

जयपुर से मधुबनी जा रही बस पलटी, 24 घायल

कुशीनगर। उत्तरप्रदेश के कुशीनगर में जयपुर से मधुबनी जा रही एक बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई।



24 से अधिक यात्री घायल हो गए। प्रशासन ने राहत कार्य शुरू कर दिया है। घायलों में से कुछ की हालत गंभीर है। बस में सवार ज्यादातर यात्री मधुबनी, दरभंगा, समस्तीपुर, चनपटिया और आसपास के क्षेत्र के बताए जा रहे हैं।

तमिल संगीतकार ने 68 साल में ली अंतिम सांस

चेन्नई। संगीतकार एमसी सबेश के निधन की खबर है। गुरुवार दोपहर उनका निधन हुआ। सबेश ने



संगीतकार और गायक के तौर पर तमिल सिनेमा को यादगार गीत दिए। वह संगीतकार मुरली की साथ जोड़ी बनाकर फिल्मों संगीत दिया करते थे। दोनों ने मिलकर तमिल सिनेमा को समृद्ध करने में बहुत अधिक योगदान दिया है।

आलंद विधानसभा क्षेत्र में 'वोट चोरी' कांड की जांच में बड़ा खुलासा

एसआईटी की जांच में आया सामने

एक वोट हटवाने की कीमत 80 रुपए 6 संदिग्धों पर कस दिया शिकंजा

कर्नाटक के कालाबुरगी जिले के आलंद विधानसभा क्षेत्र में हुए 'वोट चोरी' कांड की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम ने पाया है कि साल 2023 के विधानसभा चुनाव के दौरान मतदाता सूची से वोट डिलीट करने की साजिश रची गई थी। अब एजेंसी ने इन पर कार्रवाई शुरू कर दी है

एजेंसी ▶▶ कालाबुरगी

कर्नाटक के कालाबुरगी जिले के आलंद विधानसभा क्षेत्र में हुए 'वोट चोरी' कांड की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम ने पाया है कि साल 2023 के विधानसभा चुनाव के दौरान मतदाता सूची से वोट डिलीट करने की साजिश रची गई थी। जांच में सामने आया कि प्रत्येक हटाए गए वोट के लिए संदिग्धों को 80 रुपए का भुगतान किया गया था। अब एसआईटी ने इस घोटाले में छह लोगों को मुख्य संदिग्ध मानते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। क्राइम इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट के शीर्ष सूत्रों के अनुसार आलंद क्षेत्र में करीब 6,994 वोट डिलीट करने के लिए आवेदन दिए गए थे। इनमें से ज्यादातर फर्जी थे। यह क्षेत्र कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का गृह जिला है और यहां से कांग्रेस विधायक बीआर पाटिल चुने गए हैं।

करीब 6,994 वोट डिलीट करने के लिए दिए गए थे आवेदन

2023 के विधानसभा चुनाव में अनियमितता

यह क्षेत्र मल्लिकार्जुन खरगे का गृह जिला है



पाटिल ने किया था पर्दाफाश



पाटिल और मंत्री प्रियांक खरगे ने इस साजिश का खुलासा किया था और राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को इसकी जानकारी दी थी। पाटिल के अनुसार डिलीट करने के लिए जो वोट चुने गए थे, वे अधिकतर दलित और अल्पसंख्यक वर्ग से जुड़े कांग्रेस समर्थक थे।

इसके बाद बनी एसआईटी

इसी के बाद कर्नाटक सरकार ने इस मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया, जिसकी जिम्मेदारी सीआईडी के एडिशनल डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस बीके सिंह को सौंपी गई। एसआईटी ने अब तक करीब 30 लोगों से पूछताछ की है, जिनमें से पांच से छह लोगों को मुख्य आरोपी के रूप में चिन्हित किया गया है।

छापेमारी और सबूतों की बरामदगी

एसआईटी ने संदिग्धों से जुड़े डेटा सेंटरों पर छापेमारी की, जहां वोट डिलीट करने के लिए 'वॉइस ओवर इंटरनेट प्रोटोकॉल' तकनीक का इस्तेमाल किया गया था। जांच एजेंसी ने भाजपा नेता सुभाष गुट्टेदार, उनके बेटों हर्षानंद और संतोष गुट्टेदार तथा उनके चार्टर्ड अकाउंटेंट के ठिकानों पर भी छापे मारे। इस दौरान एसआईटी को गुट्टेदार के घर के पास जली हुई मतदाता रिकॉर्ड की फाइलें मिलीं। इस पर गुट्टेदार ने सफाई दी कि दिवाली की सफाई के दौरान घर के कर्मचारियों ने कचरा सामग्री जला दी थी और इसमें कोई गलत नीयत नहीं थी।

जांच जारी, राजनीतिक हलचल तेज

आलंद विधायक बीआर पाटिल ने कहा कि वे एसआईटी की जांच के नतीजे का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर वे वोट डिलीट हो जाते, तो उनका चुनाव हारना तय था। साल 2023 के चुनाव में पाटिल ने भाजपा प्रत्याशी सुभाष गुट्टेदार को लगभग 10 हजार वोटों से हराया था।

जरूरत पड़ी तो जांच का दायरा बढ़ेगा, कर्नाटक पर सवाल

इस बीच, मंत्री प्रियांक खरगे से इस मामले पर प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई है। एसआईटी का कहना है कि अभी जांच आलंद तक सीमित है, लेकिन जरूरत पड़ने पर अन्य क्षेत्रों में भी जांच बढ़ाई जा सकती है। यह मामला कर्नाटक में चुनावी ईमानदारी पर बड़ा सवाल खड़ा करता है।

कांग्रेस की चेतावनी और एसआईटी की कार्रवाई

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कई हफ्ते पहले नई दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस



'वोट चोरी' कांड को गंभीर चुनावी अपराध बताते हुए चेतावनी दी थी। राहुल गांधी ने आलंद के उदाहरण का हवाला देते हुए कहा कि मतदाता सूची से जानबूझकर वोट हटाने की कोशिशें लोकतंत्र के साथ धोखा हैं।

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के प्रविष्टियां 5 नवंबर तक खुलीं

लोगो डिजाइन करने के लिए आमंत्रण, विजेता को एक लाख रुपए मिलेंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने हरित हाइड्रोजन मिशन का लोगो डिजाइन करने के लिए आमंत्रण मांगे हैं, विजेता को एक लाख रुपए मिलेंगे। एनजीएचएम के मिशन निदेशक द्वारा मान्यता प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा। दस उपविजेताओं को 5000 की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। विजेता को विजेता को एक लाख रुपए की इनामी राशि के साथ ही नई दिल्ली आने-जाने के लिए इकोनॉमी क्लास के घरेलू हवाई किराए की प्रतिपूर्ति की जाएगी। इच्छुक लोग 5 नवंबर तक प्रविष्टियां भेज सकते हैं। प्रतिभागी पंजीकरण और अपनी प्रविष्टियां जमा करने के लिए सीधे https://www.mygov.in/task/logo-design-contest-national-green-hydrogen-mission/ पर लॉग इन कर सकते हैं। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन (एनजीएचएम) का उद्देश्य एक हरित हाइड्रोजन इको-सिस्टम की स्थापना के लिए एक व्यापक कार्य योजना प्रदान करना और इस उभरते क्षेत्र के अवसरों और चुनौतियों के लिए एक सुव्यवस्थित प्रक्रिया को उत्प्रेरित करना है। यह मिशन एक कार्बन-मुक्त अर्थव्यवस्था के साथ-साथ जीवाश्म ईंधन के आयात पर निर्भरता को कम करने और भारत को हरित हाइड्रोजन के क्षेत्र में प्रौद्योगिकी और बाजार का नेतृत्व प्राप्त करने में सक्षम बनाएगा।

डिजाइन में मिशन का सार समाहित हो

भारतीय नागरिकों से, चाहे उनकी आयु कुछ भी हो, एनजीएचएम के लिए लोगो डिजाइन प्रतियोगिता में भाग लेकर 'भारत को हरित हाइड्रोजन और उसके व्युत्पन्नों के उत्पादन, उपयोग और निर्यात का वैश्विक केंद्र बनाने' के मिशन के उद्देश्यों के साथ अपनी आकांक्षाओं को जोड़ने का आह्वान किया है। डिजाइन में मिशन का सार समाहित होना चाहिए, जो कि हरित हाइड्रोजन के उत्पादन, उपयोग और निर्यात का वैश्विक केंद्र बनने की हमारी आकांक्षा और इस क्षेत्र की उभरती प्रकृति, आत्मनिर्भरता, निवेश के अवसरों तथा इस्पात, परिवहन, उर्वरक, शिपिंग, पेट्रोकेमिकल सहित कई क्षेत्रों में हरित हाइड्रोजन की उपयोगिता को दर्शाता हो। प्रतिभागियों को लोगो केवल जेपीईजी या पीएनजी या पीडीएफ प्रारूप में अपलोड करना चाहिए। लोगो उच्च रिज़ॉल्यूशन में न्यूनतम 300 डीपीआई के साथ होना चाहिए। लोगो का आकार 15 सेमी गुणा 20 सेमी होना चाहिए। प्रविष्टियों का मूल्यांकन एमएनआरई की आंतरिक समिति द्वारा रचनात्मकता, मौलिकता, संरचना, तकनीकी उत्कृष्टता, सरलता, कलात्मक योग्यता, दृश्य एनजीएचएम के प्रभाव और प्रासंगिकता पर चर्चा की जाएगी।

मुर्मू ने केरल राजभवन में नारायणन की प्रतिमा का किया अनावरण

उनकी स्मृति लोगों को समानता, ईमानदारी सार्वजनिक सेवा को बनाने को प्रेरित करेगी

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को केरल राजभवन में भारत के पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय केआर नारायणन की प्रतिमा का अनावरण किया और उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति ने कहा कि हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए, जो राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित था व एक अधिक समावेशी, न्यायसंगत और करुणामय भारत बनाने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने विश्वास जताया कि उनकी स्मृति लोगों को समानता, ईमानदारी और सार्वजनिक सेवा के उन मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रेरित करेगी, जिनके लिए वे खड़े थे।

पूर्व राष्ट्रपति से सीख लेने को कहा



उनकी प्रतिमा का अनावरण करना मेरे लिए सम्मान की बात

राष्ट्रपति ने कहा कि नारायणन एक प्रख्यात राजनेता, राजनयिक और विद्वान थे। उनकी प्रतिमा का अनावरण करना मेरे लिए सम्मान की बात है। उनकी स्मृति लोगों को समानता, अखंडता और सेवा के उन मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रेरित करेगी। जिनके लिए वे सदैव प्रतिबद्ध रहे।

उन्होंने नैतिकता अखंडता की समृद्ध विरासत छोड़ी

उन्होंने कहा कि केआर नारायणन ने नैतिकता, अखंडता, करुणा और लोकतांत्रिक भावना की समृद्ध विरासत छोड़ी है। समर्पण और शिक्षा की शक्ति के माध्यम से वे हमारे राष्ट्र के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर आसीन हुए।

कपाट बंद होने से पहले खुला यमुनोत्री का 'खजाना'

मंदिर समिति को करीब 50 लाख रुपए की आय




एजेंसी ▶▶ यमुनोत्री

उत्तरकाशी से एक महत्वपूर्ण खबर सामने आई है। यहां धाम में मां यमुना मंदिर के कपाट आज छह माह के लिए बंद कर दिए गए। इससे पहले मां यमुना मंदिर का खजाना खोला गया। यमुनोत्री धाम में इस साल 6,45,000 श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की और चढ़ावा भेंट किया। इस यात्राकाल में यमुनोत्री मंदिर समिति को करीब 50 लाख रुपए की आय हुई है। गत वर्ष की अपेक्षा श्रद्धालुओं की आवाजाही में थोड़ी कमी आई है।

6,45,000 श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की

इस साल आय में कुछ कमी आई: मंदिर समिति



यमुनोत्री मंदिर समिति के प्रवक्ता पुरुषोत्तम उनियाल, कोषाध्यक्ष प्रदीप उनियाल सचिव सुनील उनियाल ने बताया कि इस बार पिछले साल की अपेक्षा श्रद्धालुओं में कमी के साथ ही थोड़ी बहुत आय में भी कमी आई है। इस बार मंदिर समिति को दान पात्र और रसीद बुकों से करीब 50 लाख रुपए की चढ़ावा प्राप्त हुआ।

सैनिक बैंड-बाजे और सैकड़ों भक्तों की उपस्थिति में कपाट बंद

यमुनोत्री धाम के कपाट भी गुरुवार को श्रद्धा और भक्तिभाव के बीच बंद कर दिए गए। सैनिक बैंड-बाजे और सैकड़ों भक्तों की उपस्थिति में मां यमुना की उत्सव डोली शीतकालीन प्रवास के लिए खरसाली के लिए रवाना हुई। धामों में अब बर्फबारी और ठंड बढ़ने के चलते कपाट बंद किए जा रहे हैं, ताकि गर्मियों में श्रद्धालु दर्शन कर सकें।

भारतीय सेना को मिलेगी नई ताकत

तैयार हो रही 20 भैरव बटालियन, दुश्मनों की उड़ेगी नींद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना अगले छह महीनों के भीतर 20 भैरव बटालियन तैयार कर रही है। पांच भैरव लाइट कमांडो पहले से ही भारतीय सेना में तैनात हैं। जो देश के अलग-अलग हिस्सों में सक्रिय हैं। भारतीय सेना की इंफ्रेंट्री शाखा के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अजय कुमार ने बताया कि इन पांच बटालियनों के अलावा करीब चार और तैयार हैं, जबकि बाकी 16 अगले छह महीने के भीतर तैयार हो सक्रिय हो जाएंगी।



दरअसल, भैरव बटालियन का काम सेना पारंपरिक बल औरविशिष्ट पैरा-स्पेशल बलों के बीच पुल का काम करेंगी। ये हल्के और घातक कमांडो बटालियनें हैं। जिसे चीन और पाकिस्तान की सीमाओं पर तेज गति से ऑपरेशन के लिए तैयार किया गया है।

खास बातें

- एक भैरव बटालियन में 250 सैनिक शामिल
- 5 भैरव लाइट कमांडो पहले से ही सेना में तैनात
- शेष 16 बटालियन अगले 6 माह में तैयार

◆ *भैरव बटालियन का काम सेना पारंपरिक बल औरविशिष्ट पैरा-स्पेशल बलों के बीच पुल का काम करेंगी। ये हल्के और घातक कमांडो बटालियनें हैं। जिसे चीन और पाकिस्तान की सीमाओं पर तेज गति से ऑपरेशन के लिए तैयार किया गया है*



देश के अलग-अलग हिस्सों में तैनात

एक भैरव बटालियन में 250 सैनिक होते हैं। देश के अलग-अलग हिस्सों में जारी हैं। इसमें नमें एक लेह, एक श्रीनगर और एक नगरोटा में है। बाकी दो बटालियन वेस्टर्न और ईस्टर्न बॉर्डर के रेगिस्तानी और पहाड़ी इलाकों में तैनात हैं। लेफ्टिनेंट जनरल अजय कुमार ने बताया कि एक लेह में 14 कॉर्प्स के साथ है, एक श्रीनगर में 15 कॉर्प्स के साथ और एक नगरौटा में 16 कॉर्प्स के साथ तैनात किया गया है।

सेना के पास फिलहाल 380 इंफ्रेंट्री यूनिटें

भैरव बटालियन सामान्य पैदल सेना जैसी नहीं हैं, बल्कि इनमें एयर डिफेंस, तोपखाना और सिग्नल जैसी आर्म्स के सैनिक भी शामिल हैं। कुमार ने बताया कि भारतीय सेना के पास फिलहाल 380 इंफ्रेंट्री (पैदल सेना) यूनिटें हैं। जो पूरी तरह ड्रोन संचालन के काम में लगेंगी। इन प्लाटून के पास कई तरह के ड्रोन हैं, जिनसे दुश्मन पर निगरानी, जानकारी जुटाने और हमले जैसे काम किए जा सकते हैं।

दुश्मन सैनिकों की टोह लेंगे

भैरव कमांडो स्पेशल फोर्सेज के समान होंगे, जिनमें हर भैरव बटालियन को परिचालन क्षेत्र की जरूरतों के अनुसार प्रशिक्षित और नियुक्त किया जाएगा। हालांकि इन टुकड़ियों को भारी हथियारों से लैस नहीं किया जाएगा और ना ही उन्हें सबसे जटिल मिशन नहीं सौंपे जाएंगे। उनका मुख्य कार्य दुश्मन सैनिकों की टोह लेना और उनके हमलों को नाकाम करना होगा।

स्वतंत्र रूप से करेगी काम

लेफ्टिनेंट जनरल कुमार के मुताबिक भैरव बटालियन को अचानक हमले, आतंकवाद-रोधी और सीमा गश्त जैसे उच्च-प्रभाव वाले अभियानों को अंजाम देने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि भैरव बटालियन को उनकी एकीकृत संरचना ही अलग बनाती है। इस बटालियन में ना सिर्फ सेना की इंफ्रेंट्री से बल्कि आर्मी एयर डिफेंस और आर्टिलरी रेजिमेंटों से भी सैनिकों को शामिल किया जाएगा ताकि कठिन परिस्थितियों में स्वतंत्र रूप से काम करने में सक्षम कुशल टीमें बनाई जा सकें।

ड्रोन प्लाटून से सुसज्जित हुई सेना

कुमार ने बताया कि भारतीय सेना इंफ्रेंट्री आधुनिकीकरण योजना के तहत 2,770 करोड़ रुपए की लागत से 4.25 लाख युद्धक कार्बाइन भी खरीद रही है। 380 पैदल सेना बटालियनों में से हर एक के पास अब एक अश्नि ड्रोन प्लाटून है जिसमें कम से कम चार निगरानी ड्रोन शामिल हैं और छह सशस्त्र श्रेणी के हैं। सशस्त्र ड्रोनों में कामिकेज ड्रोन और सटीक गोला-बारूद गिराने वाले मानवरहित हवाई वाहन भी शामिल होंगे।

खबर संक्षेप

पंजाबी युवक ने नशे में ट्रक दौड़ाया, 3 की मौत

कैलिफोर्निया। अमेरिका के कैलिफोर्निया में पंजाब के ट्रक



ड्राइवर ने करीब 10 वाहनों को टक्कर मार दी। हादसे में 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा 22 अक्टूबर को हुआ। इसका वीडियो गुरुवार को सामने आया है। पुलिस ने ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी पहचान 21 साल के जशनप्रीत सिंह के रूप में हुई है।

सुनील ने जीता ब्रिटिश अकादमी पुरस्कार

लंदन। भारतीय मूल के इतिहासकार सुनील अमृत को



उनकी किताब 'द बर्निंग अर्थः एन एनवायर्नमेंटल हिस्ट्री ऑफ द लास्ट 500 इयर्स' के लिए ब्रिटिश अकादमी पुस्तक पुरस्कार प्रदान किया। इस पुरस्कार के तहत विजेता को 25,000 पाउंड की रकम मिलती है, जो दुनिया की सर्वश्रेष्ठ गैर-काल्पनिक कृतियों को दिया जाता है।

दाऊद से जुड़ा दुबई से सलीम शेख अरेस्ट

मुंबई। मुंबई क्राइम ब्रांच की यूनिट 7 ने दुबई से डिपोर्ट कर दाऊद



नेटवर्क से जुड़े सलीम डोला के करीबी साथी मोहम्मद सलीम सुहेल शेख को गिरफ्तार किया है। आरोपी लंबे समय से दुबई में बैठकर भारत में चल रहे ड्रग नेटवर्क को संचालित कर रहा था। जांच में सामने आया कि उसका कनेक्शन सांगली जिले में चल रही मेफेड्रोन फैक्ट्री से था।

वांगचुक की पत्नी बोली आईबी पीछा कर रही

नई दिल्ली। लद्दाख के सामाजिक और पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम



वांगचुक की पत्नी गीतांजलि आंगमो ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल अपने हलफनामे में यह दावा किया है कि उनके पीछे लगातार इंटेलिजेंस ब्यूरो का सर्विलांस लगा हुआ है। इसके चलते उनकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता और मौलिक अधिकारों का हनन हो रहा है। मैं जहां भी जाती हूं खुफिया अधिकारी मेरा पीछा करते हैं।

डीएसी की बैठक में 79000 करोड़ के सैन्य प्रस्तावों को मिली मंजूरी

तीनों सेनाओं को मिलेंगे घातक हथियार

नाग मिसाइल, लैंडिंग डॉक्स और लंबी दूरी की टारगेट प्रणाली खरीद में शामिल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

इस पूरी खरीद से तीनों सेनाओं की ताकत में इजाफा होगा। सेना को दुश्मन से लड़ने में आसानी होगी, नौसेना समुद्र में अपनी पकड़ मजबूत करेगी, और वायु सेना हवा में दुश्मन को चकमा दे सकेगी। इस रक्षा खरीद से न सिर्फ सेनाओं को मजबूती मिलेगी, बल्कि 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' का विजन भी धरातल पर उतरेगा

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में नई दिल्ली के साउथ ब्लॉक में आयोजित रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक में भारतीय थलसेना, नौसेना और वायुसेना के लिए कुल 79,000 करोड़ रुपए के महत्वपूर्ण



प्रस्तावों को मंजूरी दे दी गई। इन प्रस्तावों से तीनों सेनाओं की लड़ाकू क्षमता, निगरानी व्यवस्था और लॉजिस्टिक सपोर्ट में जबरदस्त बढ़ोत्तरी होगी। सभी प्रस्तावों को 'आवश्यकता की स्वीकृति' (एओएन) प्रदान कर दी गई है। इस पूरी खरीद से तीनों सेनाओं की ताकत में इजाफा होगा। सेना को दुश्मन से लड़ने में आसानी होगी, नौसेना समुद्र में अपनी पकड़ मजबूत करेगी, और वायु सेना हवा में दुश्मन को चकमा दे सकेगी। इस रक्षा खरीद से न सिर्फ सेनाओं को मजबूती मिलेगी, बल्कि 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' का विजन भी धरातल पर उतरेगा। साथ ही, ये सिस्टम्स 24/7 काम करेंगे, जिससे हमारी सुरक्षा हमेशा बनी रहेगी। राहत और बचाव कार्यों में भी ये मददगार साबित होंगे। अब ये प्रोजेक्ट्स को फाइनल करने और बनाने का काम शुरू होगा। सरकार और सेनाएं मिलकर इस पर तेजी से काम करेंगी ताकि जल्द से जल्द ये हथियार और सिस्टम्स हमारे जवानों के हाथ में हों।

- *स्वदेशी टॉरपीडो से परमाणु पनडुब्बी पर भी हमला*
- *वायुसेना ऑटोनोमस तरीके से करेगी दुश्मन पर वार*



थलसेना को मिलेंगे 3 प्रमुख उपकरण

थलसेना की ताकत में इजाफा करने के लिए डीएसी ने 3 प्रमुख उपकरणों की खरीद को मंजूरी दी है। इनमें शामिल हैं:- नाग मिसाइल सिस्टम (ट्रैक्ड) एमके-II (एनएएमआईएस): यह ट्रैक वाली मिसाइल प्रणाली दुश्मन के टैंकों, बंकरों और मैदानी किलेबंदी को आसानी से नष्ट करने में सक्षम होगी। ग्राउंड बेस्ड मोबाइल इलेक्ट्रॉनिक इंटेलिजेंस सिस्टम (जीबीएमईएस): यह प्रणाली दुश्मन के इलेक्ट्रॉनिक संकेतों और एमिटर्स पर 24×7 खुफिया निगरानी रखेगी। हाई मोबिलिटी व्हीकल (एचएमवी) विद मटेरियल हैंडलिंग क्रेनः ये वाहन कठिन भौगोलिक क्षेत्रों में सामान ढुलाई और हैंडलिंग की क्षमता को बढ़ाएंगे। इससे सेना को हर मौसम और जगह पर फायदा होगा।

नौसेना की क्षमता भी होगी मजबूत

भारतीय नौसेना की क्षमताओं को मजबूत करने के लिए भी कई प्रस्तावों को स्वीकृत किया गया है। इनमें प्रमुख हैं:- लैंडिंग प्लेटफॉर्म डॉक (एलपीडी): यह जहाज थलसेना और वायुसेना के साथ संयुक्त उभयचर अभियानों को संचालित करने में सक्षम होगा। ये जहाज सेना को किनारे पर उतारने और एम्फीबियस ऑपरेशंस यानी समुद्र से जमीन पर करने में आसानी देंगे। साथ ही शांति स्थापना, मानवीय सहायता और आपदा राहत कार्यों में भी उपयोगी रहेगा। 30 मिमी नेवल सरफेस गन (एनएसजी): नौसेना और तटरक्षक बल की कम तीव्रता वाली समुद्री कार्रवाइयों और समुद्री डाकू-विरोधी अभियानों में मदद करेगी। एडवांस्ड लाइट वेट टॉरपीडो (एएलडब्ल्यूटी): डीआरडीओ की एनएसटीएल द्वारा विकसित यह स्वदेशी टॉरपीडो परंपरागत, परमाणु और छोटी पनडुब्बियों को निशाना बनाने में सक्षम है। इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल इंफ्रा-रेड सर्च एंड ट्रैक सिस्टम (ईओआईआरएसटी): दुश्मन लक्ष्यों की दूर से पहचान और ट्रैकिंग में सहायक होगा। स्मार्ट एम्यूनिशन (76 मिमी सुपर रैपिड गन माउंट के लिए): निशानेबाजी की सटीकता और प्रभावशीलता में वृद्धि करेगा।

वायुसेना के लिए बिना पायलट का प्लेन

सरकार ने एयरफोर्स के लिए कोलैबरेट लांग रेंज टारगेट सेचुरेशन और डिस्ट्रक्शन्स सिस्टम (सीएलआरटीएस/ डीएस) को मंजूरी दी है। ये सिस्टम बिना पायलट के प्लेन को टेकऑफ, लैंडिंग, नेविगेशन, टारगेट डिटेक्शन और अटैक करने की ताकत देगा। यानी ये ऑटोनॉमस तरीके से दुश्मन पर वार करेगा। इससे एयरफोर्स की स्ट्राइक पावर और बढ़ जाएगी।

विदेश मंत्रालय ने की पुष्टि

आसियान समिट में वर्चुअली भाग लेंगे पीएम मोदी, जयशंकर जाएंगे



फाइल फोटो

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अगले सप्ताह 26 से 28 अक्टूबर तक मलेशिया की राजधानी क्वालालंपुर में आयोजित किए जाने वाले '22वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन' के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुलाकात नहीं होगी। इस आयोजन में भारत का नेतृत्व विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर करेंगे। रविवार (26 अक्टूबर) को पीएम वर्चुअल माध्यम से सम्मेलन में शिरकत करेंगे। यह जानकारी विदेश मंत्रालय द्वारा जारी किए गए एक आधिकारिक बयान और पीएम मोदी एक्स पोस्ट से मिली है।

जिसमें पीएम ने बताया कि 23 अक्टूबर को मेरे प्रिय मित्र और मलेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम के साथ फोन पर गर्मजोशी के साथ बातचीत हुई। मैंने उन्हें मलेशिया द्वारा की जाने वाली आसियान की अध्यक्षता के लिए बधाई देते हुए आगामी शिखर सम्मेलनों की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

ट्रंप का सामना करने से डरे पीएमः कांग्रेस

पीएम मोदी के मलेशिया न जाने के फैसले पर कांग्रेस ने गुरुवार को दावा किया कि इसके पीछे की वजह डोनाल्ड ट्रंप हैं। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर लिखा कि मोदी ट्रंप के सामना करना नहीं चाहते। उन्होंने लिखा कि पीएम वहां नहीं जाएंगे। इसका मतलब है कि कई विश्व नेताओं से गले मिलने, फोटो खिंचवाने और खुद को विश्वगुरु बताने के कई मौके हाथ से निकल गए। पीएम मोदी के वहां नहीं जाने की वजह साफ है- वे राष्ट्रपति ट्रंप के सामने नहीं आना चाहते, जो वहां मौजूद होंगे। उन्होंने कुछ हफ्ते पहले मिस्र में गाजा शांति शिखर सम्मेलन में शामिल होने का निमंत्रण भी इसी वजह से ठुकरा दिया था। रमेश ने आगे लिखा- सोशल मीडिया पर राष्ट्रपति ट्रंप की तारीफ में पोस्ट करना एक बात है, लेकिन उस व्यक्ति के साथ आमने-सामने होना, जिसने 53 बार ऑपरेशन सिंदूर रोकने का दावा किया है और 5 बार यह कहा है कि भारत ने रूस से तेल खरीदना बंद करने का वादा किया है - यह दूसरी बात है। यह उनके लिए काफी जोखिम भरा है।

सम्मेलन में भाग लेने ट्रंप जाएंगे मलेशिया

47वें आसियान सम्मेलन में भाग लेने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मलेशिया जाएंगे। ट्रंप मलेशिया के अलावा दक्षिण कोरिया, जापान की भी यात्रा करेंगे। दक्षिण कोरिया में ट्रंप की चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से भी मुलाकात होगी। ट्रंप ने बुधवार को ही मलेशिया जाने की पुष्टि की और साथ ही बताया कि उन्होंने रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ होने वाली बैठक को फिलहाल रद्द कर दिया है।

6जी की छलांग लगाएगा भारत

ब्रिटेन के साथ 'इनोवेशन सेंटर' शुरू करने के लिए मिलाया हाथ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत 6जी की छलांग लगाने की पूरी तैयारी कर चुका है। इस मामले में भारत ने ब्रिटेन के साथ मिलकर नया कनेक्टिविटी और इनोवेशन सेंटर शुरू करने के लिए हाथ मिलाया है।

यूके इन इंडिया ने 'एक्स' पर लिखा कि यूके और भारत ने एक नया कनेक्टिविटी और इनोवेशन सेंटर शुरू करने के लिए हाथ मिलाया है, जो 6जी के भविष्य के निर्माण की दिशा में एक बड़ी छलांग है। इंडिया मोबाइल कांग्रेस में घोषित, 24 मिलियन पाउंड (करीब



255 करोड़ रुपए) की यह संयुक्त पहल नेटवर्क को तेज, स्मार्ट और अधिक सुरक्षित बनाने के लिए एआई का उपयोग करेगी। यूके-भारत प्रौद्योगिकी सुरक्षा पहल और विजन 2035 के तहत कार्यान्वित, यह केंद्र डिजिटल पहुंच को अधिक समावेशी और विश्वसनीय बनाने के लिए दोनों देशों के शीर्ष विशेषज्ञों को एक साथ लाएगा।

इसरो प्रमुख नारायणन का दावा

गगनयान में 90% काम पूरा 2027 में स्पेस में जाएंगे मानव

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

भारत के महत्वाकांक्षी गगनयान मिशन की तैयारियां तेजी से आगे बढ़ रही हैं। इसरो के प्रमुख वी. नारायणन ने बताया कि अब तक मिशन से जुड़ा लगभग 90 प्रतिशत विकास कार्य पूरा हो चुका है।

उन्होंने कहा कि गगनयान भारत का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन है और इसके लिए कई जटिल तकनीकों को विकसित करना पड़ा है। गगनयान मिशन बहुत अच्छी तरह आगे बढ़ रहा है। इस मिशन के लिए रॉकेट को मानव उड़ान के लिए उपयुक्त बनाना था, ऑर्बिटल



मॉड्यूल तैयार करना था, और पर्यावरण नियंत्रण व सुरक्षा प्रणाली विकसित करनी थी। इसके अलावा, क्रू एस्केप सिस्टम, पैराशूट सिस्टम और अन्य मानव-संबंधी तकनीकें भी बनानी पड़ीं। इसरो प्रमुख ने कहा कि अब तीन बिना मानव वाले मिशनों को पूरा करना बाकी है। इन मिशनों के सफल होने के बाद ही 2027 में अंतरिक्षयात्रियों को भेजा जाएगा।

नौसेना के कमांडर सम्मेलन को संबोधित करते हुए बोले रक्षा मंत्री

ऑपरेशन सिंदूर से दुनिया को गया संदेश, किसी भी चुनौती का 'जवाब' देने हरदम तैयार है भारत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

नौसेना के तीन दिवसीय कमांडर सम्मेलन को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के जरिए दुनिया को यह संदेश चला गया है कि भारत किसी भी चुनौती से कभी भी दो-दो हाथ करने के लिए हमेशा तैयार है। 10 मई को संघर्षविराम से पहले तक वो भारतीय नौसेना ही थी जिसकी रक्षात्मक और आक्रामक मुद्रा ने पाकिस्तान को उसके समुद्री तटों तक ही सीमित रहने के लिए मजबूर कर दिया। बुधवा को शुरू हुए इस महत्वपूर्ण आयोजन में नौसेनाप्रमुख एडमिरल डीके त्रिपाठी के अलावा बल की विभिन्न कमांड के प्रमुख कमांडर भी भाग ले रहे हैं। नौसेनाप्रमुख और वायुसेनाप्रमुख ने भी सम्मेलन में नौसैन्य कमांडरों को संबोधित किया।



आईओआर में उपस्थिति ही काफी

राजनाथ ने कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में नौसेना की उपस्थिति ही पर्याप्त है। जो एक ओर भारत के मित्र राष्ट्रों को तो निश्चिंत बनाती है। जबकि दूसरी ओर क्षेत्र में अस्थिरता उत्पन्न करने की कोशिश करने वालों की नींद और चैन दोनों छीन लेती है। भारत की आत्मनिर्भरता, नवाचार और औद्योगिक विकास में देश की नौसेना का सराहनीय योगदान है। उन्होंने कहा कि बल के लिए अत्याधुनिक हथियारों की खरीद किया जाना बेहद आवश्यक है।

ईयू ने भी दिया पुतिन को झटका

तेल बेड़े पर लगाया प्रतिबंध, रूसी राजनयिकों की आवाजाही सीमित

एजेंसी ▶▶ ब्रुसेल्स

रूस पर यूक्रेन युद्ध रोकने के लिए दबाव बढ़ता ही जा रहा है। अमेरिका के ट्रंप प्रशासन द्वारा रूस की दो बड़ी तेल कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने के एक दिन बाद यूरोपीय संघ ने भी रूस के छद्म तेल बेड़े पर प्रतिबंध लगा दिया है।

साथ ही यूरोपीय संघ ने रूस से होने वाले एलएनजी आयात पर भी नए प्रतिबंध लगा दिए हैं। गुरुवार को डेनमार्क के विदेश मंत्री और यूरोपीय संघ के अध्यक्ष लार्स लोके रासमुसेन ने नए प्रतिबंधों की घोषणा की। उन्होंने कहा कि आज यूरोप और यूक्रेन के लिए एक अच्छा दिन है। 27 देशों वाले यूरोपीय संघ के भीतर रूसी राजनयिकों की आवाजाही को सीमित करने पर भी सम्मेलन में सहमति बनी। नए प्रतिबंधों का उद्देश्य रूस के तेल उद्योग पर दबाव बनाना और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को बातचीत की मेज पर लाना है। अमेरिका का मानना है कि रूस के तेल उद्योग ही यूक्रेन के खिलाफ युद्ध को वित्तपोषण दे रहा है। यही वजह है कि अब अमेरिका और पश्चिम के देश रूस की इसी ताकत पर प्रहार कर रहे हैं।



रूस की दो तेल कंपनियां बैनः यूएस

अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने बुधवार को घोषणा की है कि अमेरिका ने रूस की दो सबसे बड़ी तेल कंपनियों रोसनेफ्ट और लुकोइल सहित दर्जनों सहायक कंपनियों पर कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगाए हैं। रोसनेफ्ट और लुकोइल के साथ-साथ दर्जनों सहायक कंपनियों पर प्रतिबंध का यह निर्णय महीनों से चल रहे दलीय दबाव के बाद लिया गया। बता दें, रूस के लिए अंतरराष्ट्रीय शिपिंग नियमों के तहत अपना कच्चा तेल बेचना मुश्किल हो गया है। युद्ध के लिए धन जुटाने के लिए रूस का कच्चे तेल की बिक्री करना बेहद जरूरी है। रूस के छाया बेड़े में पुराने जहाज शामिल हैं।

4 मिनट में 895 करोड़ रुपए का बेशकीमती सामान साफ

72 घंटे बाद भी नहीं मिला सुराग, लूव्र म्यूजियम में जुटे 100 स्पेशल एजेंट

एजेंसी ▶▶ पेरिस

फ्रांस की राजनधानी पेरिस की लूव्र म्यूजियम में रविवार को हुई डकैती को लेकर अब तक पुलिस को कोई बड़ा सुराग नहीं मिला है। पेरिस के अभियोजक लॉर बेक्कुओ के अनुसार चोरी हुए गहनों की कीमत करीब 895 करोड़ रुपए है।

चोरी हुए सामान में एक शाही नीलम का हार, शाही पन्ने का हार-इयररिंग्स और नेपोलियन तृतीय की पत्नी का एक ताज भी शामिल है। बेक्कुओ ने कहा कि अगर चोर इन गहनों को पिघला कर वापस बेचने की कोशिश करेंगे तो ऐसे में उन्हें बड़ी रकम मिलना मुश्किल है। बेक्कुओ ने ये भी कहा कि अगर वे गहनों को ब्लैक मार्केट में बेचते हैं तो उन्हें मोटा मुनाफा मिल सकता है।

- शाही गहने गायब जांच जारी
- सुरक्षा में चूक सवाल उठे



किंग चार्ल्स की ऐतिहासिक तलवार भी चोरी

पेरिस के लूव्र म्यूजियम के इतिहास में इससे पहले कई बार बेशकीमती चीजों की चोरी हो चुकी है। इसमें किंग चार्ल्स की ऐतिहासिक तलवार भी शामिल है। साल 1792 में 10 हजार से अधिक कीमती पत्थरों को चुरा लिया गया था। इसमें 'फ्रेंच ब्लू हीरा' शामिल था। साल 1976 में किंग चार्ल्स - 10वें की हीरे जड़ी तलवार और 1998 में 'द पाथ ऑफ सेवेस' की पेंटिंग भी चुराई गई, जो आजतक नहीं मिली।

पर्याप्त सीसीटीवी कैमरे नहीं

उधर, फ्रांस के गृह मंत्री लॉरेंट न्यूनेज, संस्कृति मंत्री राशिदा दाती और न्याय मंत्री जेरार्ल्ड डामनिन ने इस चोरी के सिलसिले में म्यूजियम में बैठक की। बैठक में डार्मनिन ने कहा कि घटना के दौरान म्यूजियम में पर्याप्त सीसीटीवी कैमरे नहीं थे। डकैती के समय अलार्म बजने के बावजूद पुलिस सक्रिय नहीं दिखी। फिलहाल जांच दल 100 स्पेशल एजेंटों के साथ खोजबीन कर रही है।

1200 सुरक्षा गार्ड के होते हुए चोरी

बता दें, म्यूजियम की सुरक्षा में 1200 गार्ड और 52 से अधिक दमकलकर्मी शामिल थे। म्यूजियम के गार्ड लंबे समय से काम की खराब स्थिति की शिकायत कर रहे थे। इसी म्यूजियम में दुनियाभर में मशहूर मोनालिसा की पेंटिंग को बुलेटप्रूफ बॉक्स में रखा गया है। वहीं, चोरी हुए सामानों में कुछ गहने ऐसे भी हैं जिन्हें 887 की नीलामी के बाद दोबारा खरीदा गया था।

खबर संक्षेप



रंजना ने पैदल चाल स्पर्धा में रजत जीता

रिफा (बहरीन)। भारतीय युवा एथलीट रंजना यादव ने बृहस्पतिवार को यहां एशियाई युवा खेलों में लड़कियों की 5,000 मीटर पैदल चाल स्पर्धा में रजत पदक अपने नाम किया। इस भारतीय खिलाड़ी ने 23 मिनट 25.88 सेकेंड के समय से दूसरा स्थान हासिल किया जबकि चीन की लियू शियी 24:15.27 सेकेंड के समय से उनसे आगे पहले स्थान पर रहीं। कोरिया की जियोंग चायेओन ने 25:26.93 सेकेंड के समय से कांस्य पदक जीता। एशियाई युवा खेलों में एथलेटिक्स में यह भारत का पहला पदक था। इससे देश के कुल पदकों की संख्या दो रजत और चार कांस्य हो गई। भारत ने अभी तक कुराश में एक रजत और दो कांस्य के अलावा ताइक्वांडो में दो कांस्य पदक जीते हैं।

पंजाब ने किया बहुतुले को नियुक्त गेंदबाजी कोच

चंडीगढ़। इंडियन प्रीमियर लीग टीम पंजाब किंग्स ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर साईराज बहुतुले को लीग के अगले सत्र के लिए अपना नया स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। भारत के लिए दो टेस्ट और आठ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच



खेलने वाले 52 साल के बहुतुले सुनील जोशी की जगह लेंगे जो 2023 से यह भूमिका निभा रहे थे। बहुतुले प्रथम श्रेणी के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी और बेहद सम्मानित कोच हैं। इससे पहले बहुतुले केरल, गुजरात, विदर्भ और बंगाल जैसी घरेलू टीम के अलावा आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के साथ कोचिंग की भूमिका निभा चुके हैं। पंजाब किंग्स की टीम पिछले सत्र में उप विजेता रही थी।

तीसरा मैच बारिश में धुलने के कारण इंग्लैंड ने टी20 श्रृंखला जीती

आकलैंड। न्यूजीलैंड के खिलाफ ईडन पार्क पर तीसरा मैच सिर्फ 3.4 ओवर के बाद बारिश में धुलने से इंग्लैंड ने तीन मैचों की टी20 श्रृंखला 1. 0 से जीत ली। क्राइस्टचर्च में हेगली ओवल में पहला मैच भी बारिश में धुल गया था। इंग्लैंड ने दूसरा मैच इसी स्थान पर 65 रन से जीता था। बारिश के कारण तीन गेंद के बाद ही खिलाड़ियों को मैदान छोड़ना पड़ा। खेल जब 80 मिनट बाद शुरू हुआ तो 14 ओवर प्रति टीम कर दिया गया। न्यूजीलैंड ने 3.1 ओवर और खेले लेकिन फिर बारिश हो गई जब मेजबान ने एक विकेट पर 38 रन बनाये थे।

भुल्लर मनीला में संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर

मनीला। भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर 20 लाख अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाली इंटरनेशनल सीरीज फिलीपींस के पहले दिन पांच अंडर 67 का कार्ड खेलकर संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर बने हुए हैं। एशियाई टूर के कई बार विजेता भुल्लर ने एक बोगी और छह बर्डी लगाईं। बैक नाइन होल से शुरुआत करते हुए उन्होंने 12वें और 18वें होल के बीच पांच बर्डी लगाईं और फिर तीसरे होल में एकमात्र बोगी की। उन्होंने अपने अंतिम होल में एक और बर्डी लगाई।

इंटरनेशनल पोलो कप की ट्रॉफी का अनावरण



नई दिल्ली। सिमरन शेरगिल, शमशीर अली, सवाई पद्मनाभ सिंह और सिद्धांत शर्मा इंटरनेशनल पोलो कप में भारत की चुनौती पेश करेंगे जिसकी ट्रॉफी का अनावरण बृहस्पतिवार को हुआ। भारतीय पोलो संघ और कोग्नीवेरा आई टी ने इंटरनेशनल पोलो कप की ट्रॉफी का अनावरण किया। इसमें भारत और अर्जेंटीना शीर्ष खिताब के लिये 25 अक्टूबर को मुकाबला करेंगे। अर्जेंटीना टीम में जुआन आगस्टिन गार्सिया ग्रोस्सी, सल्वाडोर जुरेशे , मटियास बतिस्ता और निकोलस जोर्ज कोर्टी मॉडरना शामिल हैं। दिल्ली में पांच साल बाद अंतरराष्ट्रीय पोलो हो रहा है।

लिवरपूल ने 5-1 से जीत दर्ज कर की प्रतियोगिता में वापसी

लिवरपूल ने फ्रेंकफर्ट को हराया, चेल्सी और बायर्न भी जीते

एजेंसी ▸▸ मिलान

लिवरपूल ने बुधवार को यहां चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में एंट्रेक्ट फ्रेंकफर्ट को एकतरफा मुकाबले में 5-1 से हराकर प्रतियोगिता में वापसी की।

चेल्सी और बायर्न म्यूनिख ने भी आसान जीत दर्ज की जबकि रिकॉर्ड 15 बार के चैंपियन रीयाल मैड्रिड ने यूवेंटस को 1-0 से हराकर मौजूदा सत्र का अपना परफेक्ट रिकॉर्ड बरकरार रखा। लिवरपूल ने इस जीत के साथ लगातार चार हार के क्रम को तोड़ दिया। मैड्रिड और बायर्न सहित पांच क्लब अधिकतम नौ अंक के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर हैं।

ऐसा रहा रोमांचक मुकाबला

रासमस क्रिस्टेनसन ने 26वें मिनट में फ्रेंकफर्ट को बढ़त दिलाई लेकिन नौ मिनट बाद फ्रेंकफर्ट के पूर्व खिलाड़ी ह्यूगो एकिटिके ने लिवरपूल को बराबरी दिला दी। लिवरपूल के कप्तान वर्जिल वान डिक और इब्राहिमा कोनात के इसके बाद पांच मिनट के भीतर दो गोल दागकर अपनी टीम को मध्यांतर तक 3-1 से आगे कर दिया। कोडी गैप्को और डोमीनिक सोबोसलाई ने दूसरे हाफ में गोल दागकर लिवरपूल की बड़ी जीत सुनिश्चित की।



रीयल ने 57वें मिनट पर दागा गोल

दूसरी तरफ रीयाल मैड्रिड ने 57वें मिनट में ज्यूड बेलिंघम के चैंपियन्स लीग में पहले गोल की बदौलत लगातार तीसरी जीत दर्ज की। चेल्सी ने अजैक्स को 5-1 से हराया जबकि बायर्न म्यूनिख ने क्लब ब्रूग को 4-0 से शिकस्त दी। एथलेटिक बिलबाओ ने काराबेग को 3-1 से हराकर मौजूदा चैंपियन्स लीग में अपने शुरुआती अंक जुटाए। गैलाटेसराय ने बोडो ग्लिम्ट को 3-1 से हराया। स्पोर्टिंग लिस्बन ने मार्सिले को 2-1 से शिकस्त दी। टोटेनहैम और अटलांटा ने क्रमशः मोनाको और स्लाविया प्राग से गोल रहित ड्रॉ खेला।

सीरीज में 2-0 से बनाई अजेय बढ़त

कोहली फिर जीरो पर आउट, नहीं चला गिल का बल्ला, ऑस्ट्रेलिया ने दूसरा वनडे भी जीता

एजेंसी ▸▸ एडिलेड

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम ने दूसरे वनडे मैच में भारतीय क्रिकेट टीम को 2 विकेट से हराते हुए सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बनाई। एडिलेड में हुए मैच में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों के बाद 264/9 का स्कोर बनाया। जवाब में मेजबान टीम ने मैथ्यू शॉर्ट (74) और कूपर कोनॉली (61*) की पारियों की मदद से 47वें ओवर में लक्ष्य हासिल किया।

इस तरह से जीती ऑस्ट्रेलियाई टीम

टॉस हारकर पहले खेलते हुए भारत से शुभमन गिल (9) और विराट कोहली (0) जल्दी आउट हुए। इसके बाद रोहित शर्मा (73) और श्रेयस अय्यर (61) ने पारी को संभाला। वहीं, अक्षर पटेल ने 44 रन का योगदान दिया और मेहमान टीम ने सम्मानजनक स्कोर बनाया। जवाब में मिचेल मार्श (11) और ट्रेविस हेड (28) के विकेटों के पतन के बाद शॉर्ट ने अर्धशतक लगाया। इसके बाद कूपर कोनॉली (61*) और मिचेल ओवेन (36) ने जीत दिलाई।



लगातार दूसरे वनडे में शून्य पर आउट हुए कोहली

कोहली दूसरे वनडे में भी अपना खाता नहीं खोल सके। वनडे क्रिकेट के इतिहास में यह पहला मौका है, जब कोहली लगातार 2 वनडे मुकाबले में खाता खोले बिना आउट हुए हैं। उन्हें जेवियर बार्टलेट ने आउट किया। कोहली ने 4 गेंदों का सामना किया और एलबीडब्ल्यू आउट हुए। कोहली पहले वनडे में भी कुछ खास नहीं कर पाए थे। उन्होंने 8 गेंदों का सामना किया था और खाता खोले बिना मिचेल स्टार्क की गेंद पर आउट हो गए थे।

श्रेयस का 23वां अर्धशतक

श्रेयस ने 77 गेंदों का सामना किया और 61 रन बनाकर आउट हुए। उनके बल्ले से 7 चौके निकले। उनकी स्ट्राइक रेट 79.22 की रही।उन्हें एडम जैम्पा ने आउट किया। भारत के उपकप्तान ने रोहित के साथ मिलकर 136 गेंदों में 118 रन की साझेदारी निभाई। इसके अलावा उन्होंने अक्षर पटेल के साथ 19 गेंदों में 25 रन जोड़े।

ऐसी रही शॉर्ट की पारी

लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने जब 30 रन के स्कोर पर अपना पहला विकेट खोया, तब शॉर्ट क्रीज पर आए। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने संभलकर बल्लेबाजी करते हुए अपना अर्धशतक पूरा किया। वह 78 गेंदों में 74 रन की उपयोगी पारी खेलकर हर्षित राणा की गेंद पर पवेलियन लौट गए। अपनी इस अर्धशतकीय पारी में उन्होंने 4 चौके और 2 छक्के भी लगाए।

कूपर ने लगाया अपना पहला अर्धशतक

जब ऑस्ट्रेलिया ने 132 रन के स्कोर पर अपना चौथा विकेट खोया, तब कोनॉली क्रीज पर उतरे थे। 22 वर्षीय इस युवा ऑलराउंडर ने बल्लेबाजी में प्रभावित किया। उन्होंने एक छोर से निरंतर रन बटोरते हुए 42 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। यह उनके युवा वनडे करियर का पहला अर्धशतक साबित हुआ। उन्होंने ओवन के साथ मिलकर छठे विकेट के लिए 59 रन की उपयोगी साझेदारी भी की।

रोहित ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1,000 वनडे रन पूरे किए

रोहित ने 97 गेंदों में 73 रन की पारी खेली। अपनी पारी में उन्होंने 7 चौके और 2 छक्के लगाए। ऑस्ट्रेलिया की सरजमीं पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1,000 वनडे रन पूरे करने वाले बल्लेबाजों की सूची में रोहित दुनिया के 5वें बल्लेबाज बने हैं। उनसे पहले यह कारनामा वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज विवियन रिचर्ड्स और डेसमंड हेन्स के अलावा श्रीलंका क्रिकेट टीम के कुमार संगाकारा और महेला जयवर्धने ने किया था।

ये रिकॉर्ड्स भी किए रोहित ने अपने नाम

रोहित ने एशिया के पहले बल्लेबाज बने हैं, जिन्होंने सीना देशों (साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) में वनडे क्रिकेट में 150 छक्के पूरे किए हैं। रोहित ने वनडे में 10वीं बार ऑस्ट्रेलिया की धरती पर 50+ का स्कोर बनाया है। कोहली और सचिन तेंदुलकर ने 11-11 बार ये कारनामा किया है। रोहित ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 48 मुकाबले खेले हैं और 56.54 की औसत से 2,488 रन बनाने में सफल रहे हैं।

भारत ने न्यूजीलैंड को 53 रन से हराया, हालिडे और इसाबेल की मेहनत पर फिरा पानी



एजेंसी ▸▸ नवी

भारत ने न्यूजीलैंड को 53 रन से हराकर महिला विश्व कप 2025 के सेमीफाइनल में जगह बना ली। गुरुवार को डी.वाई. पाटिल स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में बारिश ने बाधा डाली, जिसके चलते ओवरों में कटौती करते हुए मैच को 49 ओवर का करने का निर्णय लिया गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय महिला टीम ने 49 ओवर में तीन विकेट खोकर 340 रन बनाए। जवाब में न्यूजीलैंड की टीम जब लक्ष्य का पीछा करने उतरी, तो एक बार फिर बारिश आई और डीएलएस पद्धति के तहत उन्हें 44 ओवरों में 325 रनों का नया लक्ष्य मिला। न्यूजीलैंड की टीम निर्धारित ओवरों में आठ विकेट पर 271 रन ही बना सकी। उनके लिए ब्रूक हॉलिडे ने 81 रन और इसाबेल गेज ने नाबाद 65 रन की पारी खेली। भारत की ओर से रेणुका सिंह और क्रांति गौड़ ने दो-दो विकेट हासिल किए, जबकि स्नेह राणा, श्री चरणी, दीप्ति शर्मा और प्रतिका रावल को एक-एक सफलता मिली। श्री चरणी ने ब्रूक हालिडे को पवेलियन भेजा। वह 84 गेंदों में 81 रन बनाकर आउट हुईं। अब क्रीज पर इसाबेल गेज और जेस केर मौजूद हैं। श्री चरणी ने ब्रूक हालिडे को पवेलियन भेजा। वह 84 गेंदों में 81 रन बनाकर आउट हुईं। अब क्रीज पर इसाबेल गेज और जेस केर मौजूद हैं। न्यूजीलैंड को चौथा झटका स्नेह राणा ने दिया। उन्होंने अमेलिया केर को अपना शिकार बनाया। वह सिर्फ 45 रन बना पाईं। अब ब्रूक हालिडे का साथ देने मैडी ग्रीन आई हैं। 22 ओवर के बाद स्कोर चार विकेट पर 116 रन है। 17 ओवर का खेल पूरा हो चुका है और न्यूजीलैंड ने तीन विकेट पर 90 रन बना लिए हैं। टीम को पहला झटका सूजी बेट्स के रूप में लगा। वह सिर्फ एक रन बना पाईं। इसके बाद रेणुका सिंह ने जॉर्जिया प्लाइमर और सोफी डिवाइन को बोल्ड किया। दोनों ने क्रमशः 30 और छह रन बनाए। फिलहाल अमेलिया केर और ब्रूक हालिडे क्रीज पर मौजूद हैं। न्यूजीलैंड को पहला झटका क्रांति गौड़ ने दिया। उन्होंने सूजी बेट्स को अपना शिकार बनाया। वह सिर्फ एक रन बना पाईं। अब जॉर्जिया प्लाइमर का साथ देने अमेलिया केर आई हैं।

बैडमिंटन

लक्ष्य, दीक्षा, जगशेर बैडमिंटन एशिया अंडर 17 और अंडर 15 में चमके



एजेंसी ▸▸ चेंगडू

लक्ष्य राजेश और दीक्षा सुधाकर ने बैडमिंटन एशिया अंडर 17 और अंडर 15 चैम्पियनशिप के दूसरे दिन लड़कियों के एकल प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि जगशेर सिंह लड़कों के वर्ग में अंतिम 16 में पहुंच गए । अंडर 17 लड़कियों के वर्ग में लक्ष्य ने चीनी ताइपै के कुआन यि लिन को 21-17, 21-11 से हराया जबकि दीक्षा ने चीन की लुओ या रू को 17-21, 21-16, 21-11 से मात दी। लड़कों के वर्ग में जगशेर ने चीन के झांग यू फेंग को 21-14, 21-17 से मात दी।

लड़कियों का ऐसा रहा प्रदर्शन

लड़कियों के युगल वर्ग में दीपक राज अदिति और पी वृद्धि ने मलेशिया की सुह मेइ तियोह और जि किंग वान को 22.20, 21.12 से हराया जबकि अंडर 15 मिश्रित युगल में हेमंत श्री एस और शरायु रंजाने ने पांचवीं वरीयता प्राप्त सिंगापुर के एंग यू जि और लू किट रेइ चारा को 21.9, 21.11 से मात दी।

नीशू, पुलकित, सृष्टि कुश्ती विश्व चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में

एजेंसी ▸▸ नोवी साद



भारत की तीन महिला पहलवान नीशू, पुलकित और सृष्टि ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बृहस्पतिवार को यहां अंडर-23 कुश्ती विश्व चैंपियनशिप में अपने अपने वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बनाई। नीशू (55 किग्रा) ने जापान की मो कियूका को 6-2 से हराने के बाद किरा सोलोबचुक पर 10-1 से जीत हासिल करके सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पुलकित (65 किग्रा) ने दोनों जीत तकनीकी श्रेष्ठता से हासिल की।

सृष्टि ने कनाडाई पहलवानों को हराया

सृष्टि ने कनाडा की मारिया सावियाक (10-0) और तुर्किये की बेयजा अक्कस (18-8) को हराया। सृष्टि ने 68 किग्रा वर्ग में कनाडाई पहलवान एंजेलिना एलिस टोडिंगटन को तकनीकी श्रेष्ठता (12-2) के आधार पर हराया। इसके बाद क्वार्टर फाइनल में उन्होंने यूक्रेन की मनोला स्कोबेल्स्का पर 6-3 से आसान जीत दर्ज की। वहीं नेहा शर्मा ने 57 किग्रा भार वर्ग के क्वार्टर फाइनल में हार गईं। वह रोमानिया की जॉर्जियाना निर्का (6-0) और कजाकिस्तान की निलुफर रैमोवा (5-0) को हराने के बाद जापान की अकारी फुजिनामा से तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हार गईं।

दूसरी पारी में जल्द ढेर हुई पाक टीम दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टेस्ट में हराया

एजेंसी ▸▸ रावलपिंडी

दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम ने दूसरे टेस्ट में पाकिस्तान क्रिकेट टीम को 8 विकेट से हराते हुए 2 मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर दी है। रावलपिंडी टेस्ट में जीत के लिए मिले 68 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए प्रोटियाज टीम ने 2 विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। पाकिस्तान की दूसरी पारी सिर्फ 138 रन पर समाप्त हो गई थी। पाकिस्तान की पहली पारी में अब्दुल्ला ने 146 गेंदों का सामना करते हुए 57 रन बनाए। उनके बल्ले से 4 चौके निकले। ये उनके टेस्ट करियर का छठा अर्धशतक रहा। मसूद ने 176 गेंदों का सामना किया और 87 रन बनाए। उनके



बल्ले से 2 चौके और 3 छक्के निकले। ये उनके टेस्ट करियर का 13वां अर्धशतक रहा। शकील ने 147 गेंदों का सामना किया और 66 रन बनाए। ये उनके टेस्ट करियर का 10वां अर्धशतक रहा।

मैच का लेखा-जोखा

पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी में 333 रन बनाए थे। मेजबान टीम से शान मसूद, सऊद शकील और अब्दुल्ला शफीक ने अर्धशतकीय पारियां खेलीं। इसके जवाब में प्रोटियाज टीम ने सेनुरन मुथुसामी (89) और कगिसो रबाडा (71) की शानदार पारियों के दम पर 404 रन बना दिए।

पहली पारी में केशव ने झटके 7 विकेट

पाकिस्तान की पहली पारी में केशव महाराज ने बाबर आजम (16) के रूप में तीसरा झटका देते हुए अपने विकेटों का खाता खोला था। उसके बाद उन्होंने मसूद (66), आघा सलमान (45), शकील (66), शाहीन अफरीदी (0), शज्जाद खान (5) और आसिफ अफरीदी (4) को भी अपना शिकार बनाते हुए पवेलियन की राह दिखाई। महाराज ने पारी में 102 रन खर्च कर ये सफलताएं अर्जित की।

वनडे सीरीज की कमान संभालेंगे शाहीन

पाकिस्तान की टी-20 टीम में बाबर और नसीम की हुई वापसी

एजेंसी ▸▸ करांची

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ आगामी टी-20 सीरीज के लिए टीम का ऐलान किया है, जिसमें स्टार बल्लेबाज बाबर आजम और तेज गेंदबाज नसीम शाह की वापसी हुई है। पाकिस्तान इस सीरीज के बाद श्रीलंका और जिम्बाब्वे के साथ त्रिकोणीय टी-20 सीरीज भी खेलने वाला है। बाबर ने आखिरी बार दिसंबर 2024 में टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेला था। 15 सदस्यीय टीम में ऑलराउंडर अब्दुल समद को भी जगह दी गई है।

एशिया कप का हिस्सा नहीं थे बाबर और नसीम

पाकिस्तान पहले 28 अक्टूबर से रावलपिंडी और लाहौर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 3 मैचों की टी-20 सीरीज खेलेगा। इसके बाद 17 नवंबर से श्रीलंका और जिम्बाब्वे के साथ त्रिकोणीय सीरीज होगी। बाबर और नसीम की एशिया कप के बाद टीम में वापसी से अगले साल टी-20 विश्व कप के लिए उनके चयन के संकेत मिल रहे हैं। वहीं, फखर जमान, हारिस रऊफ और सुफियान मोकीम को रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल किया गया है।



ऐसी है पाकिस्तान की टी-20 टीम

पाकिस्तान की टी-20 टीमः आघा सलमान (कप्तान), अब्दुल समद, अबरार अहमद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, हसन नवाज, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद वसीम जूनियर, मोहम्मद सलमान मिर्जा, नसीम शाह, साहिबजादा फरहान (विकेटकीपर), सैम अय्यूब, शाहीन अफरीदी, उस्मान खान (विकेटकीपर) और उस्मान तरीक।

वनडे टीम का बदला कप्तान

पाकिस्तान 4 से 8 नवंबर तक फैसलाबाद में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 3 वनडे मैचों की सीरीज भी खेलने वाला है। इस सीरीज में शाहीन टीम की कमान संभालेंगे, जिन्होंने हाल ही में मोहम्मद रिजवान की जगह कप्तान पद ग्रहण किया है। यह अफरीदी की कप्तानी में पाकिस्तान की पहली वनडे सीरीज होगी। इसके लिए 16 सदस्यीय टीम का ऐलान किया गया है। टीम में फैसल अखरम, हारिस रऊफ और विकेटकीपर बल्लेबाज हसीबुल्लाह को भी शामिल किया गया है।

श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने लिया फैसला लंका प्रीमियर लीग हुई स्थगित

एजेंसी ▸▸ कोलंबो

लंका प्रीमियर लीग का अगला संस्करण इस साल अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नहीं होगा। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को ये ऐलान किया है। दरअसल, श्रीलंका अगले साल पुरुषों के टी-20 विश्व कप का सह मेजबान देश है, और बोर्ड इस आयोजन की तैयारियों के लिए कोई कसर नहीं छोड़ना चाहता है। बता दें कि टी-20 विश्व कप 2026 के मैच भारत के साथ-साथ श्रीलंका में खेले जाने हैं।

टी-20 विश्व कप की तैयारी में जुटा श्रीलंका

श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने कहा, आईसीसी के दिशानिर्देशों के अनुसार, आगामी 20-टीमों के आयोजन के लिए सभी आयोजन स्थल किसी भी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पूरी तरह तैयार होने चाहिए। ऐसी में एलपीएल को स्थगित करके एसएलसी ने अब स्टेडियम के बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने, खिलाड़ियों की सुविधाओं को आधुनिक बनाने, प्रसारण क्षमताओं को उन्नत करने और अन्य आवश्यकताओं को पूरा करने में अपना ध्यान केंद्रित किया है।

सेहतनामा

पूरे प्रदेश में बेटे का एडमिशन कराने में जुटे डॉक्टर साहब

राजधानी भोपाल में जाने माने डॉक्टरों में शुमार डॉ. मलिक इन दिनों अपने बेटे के करियर को लेकर काफी चर्चा है। डॉक्टर साहब ने भोपाल, विदिशा और सागर में तीन जगह एडमिशन बेटे का करा लिया है। खास बात है कि एक में एडमिशन होता है तो दूसरे महीने बेटे की डिमांड बदल जाती है। फिर क्या डॉक्टर साहब ने जुगाड़ लगाई और बेटे का एडमिशन पीजी में दूसरे मेडिकल कॉलेज में करावा लिया। अपने बेटे का भविष्य सुधारने के लिए डॉक्टर साहब ने तीन मेडिकल छात्रों का भविष्य अंधेरे में डाल दिया है। अब तो डाक्टरों ने भी कह दिया प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेज में बेटे का एडमिशन करा लो। हालांकि मामला पीएस तक पहुंचा है तो संभावना है कि अब चौथे कॉलेज में डॉक्टर साहब के बेटे का एडमिशन होना अधर में लटक सकता है।

मरीज से कमाएंगे तो ही देंगे

स्वास्थ्स व्यवस्थाओं को दुरूस्त रखने के लिए रोजाना कभी सरकारी तो कभी निजी अस्पताल का निरीक्षण करने वाले डॉक्टर साहब एक्शन में है। डॉक्टर साहब की नजर में निजी अस्पताल आ गए हैं। डॉक्टर साहब ने सभी डिमांड लिस्ट भेजी है। संचालकों ने कैबिन में जाकर भरोसा दिया है कि मरीज से कमाएंगे तो ही तो देंगे। अब चर्चा है कि अस्पताल संचालकों ने साहब का ऑडियो रिकार्ड कर लिया है। साहब परेशान है कि भुगतान हुआ नहीं और ऑडियो का तनाव भी है। ऐसे में अस्पताल संचालकों ने मिलकर सुलह करने की बात साहब से की है। माना जा रहा है कि अब मुलाकात बिना मोबाइल के ही संभव होगी। वैसे साहब कुछ दिनों पहले जेपी अस्पताल में थे तो आउटसोर्सिंग के कर्मचारियों की सैलरी से वसूली के आरोप में भी चर्चा में बने रहे।

मेरा दर्द तो जानो...

डॉक्टर तो अस्पताल आने वाले हर मरीज का दर्द महसूस करते हैं और मरहम भी लगाते हैं, लेकिन जेपी अस्पताल में कराह रहे एक डॉक्टर के दर्द को कोई महसूस नहीं कर रहा। दर्द किसी चोट या बीमारी का नहीं, व्यवस्था का है, जिसे उनके ऊपर के अफसरों को समझना था। यह डॉक्टर साहब जेपी अस्पताल में सीनियर सर्जन के पद पर पदस्थ है। अस्पताल में सबसे वरिष्ठ होने के चलते इस बार वह अधीक्षक पद के लिए सबसे प्रबल दावेदार मान जा रहे थे। पर हर बार की तरह इस बार भी वरिष्ठ अधिकारियों ने इनकी सुध ही नहीं ली। बेचारे इस बार भी अधीक्षक बनते-बनते रह गए। इतना ही नहीं डॉक्टर साहब को प्रभारी अधीक्षक का भी भार नहीं सौंपा गया। इससे डॉक्टर साहब बहुत दुखी है, वह अपना दुख किसी से कह भी नहीं पा रहे है।

-सचिन सिंह बैस

कल से नहाए खाए के साथ छठ पूजा की होगी शुरुआत

शहर में करीब 50 से अधिक स्थानों पर होगी छठ पूजा, तैयारियां जोरों पर

शहर में करीब 3 लाख से अधिक भोजपुरी समाज के लोग निवासरत

शीतलदास की बगिया में होगा मुख्य आयोजन, भगवा थीम पर सजा घाट



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर में इन दिनों छठ पूजा का उत्साह है। शहर में निवासरत भोजपुरी परिवारों में इन दिनों चार दिवसीय छठ पूजा की विशेष तैयारियां चल रही हैं। शहर में करीब 3 लाख से भोजपुरी समाज के लोग निवासरत हैं। शहर के करीब 50 से अधिक स्थानों पर छठ मैया की पूजा अर्चना की जाएगी। 25 अक्टूबर को नहाय खाय के साथ पर्व की शुरूआत होगी, 26 अक्टूबर को खरना होगा और 27 अक्टूबर को निर्जला व्रत रखकर डूबते हुए सूर्य की आराधना के साथ श्रद्धालु घाटों में कमर तक पानी में खड़े होकर सूर्यदेव को अर्घ्य देंगे। छठ पूजा के लिए घाटों पर भी विशेष इंतजाम किए गए है, कहीं पूजा के लिए नाम और नंबर के आधार पर वेदियां बुक की गई है, तो कहीं समितियों के वॉलंटियर व्यवस्थाओं को संभालेंगे।

आतिशबाजी, नौका विहार का आयोजन



भोजपुरी एकता मंच की ओर से छठ पूजा का मुख्य आयोजन शीतलदास की बगिया में किया जाएगा। घाट को भगवा थीम पर सजाया गया है। छठ पूजा पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे, साथ ही आतिशबाजी, नौका विहार का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद 2100 दीपों से दीपदान होगा। इस दौरान यहां 35 से अधिक वॉलंटियर तैनात रहेंगे, जो व्यवस्था संभालेंगे।

खटलापुरा घाट पर आतिशबाजी

भोजपुरी उत्सव समिति खटलापुरा की ओर से खटलापुरा घाट पर छठ पूजा का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर दीपदान, आतिशबाजी होगी। घाट की साफ सफाई सहित सभी जरूरी तैयारियां की जा रही है।

पांच नंबर पर छठ मैया का मंदिर का लोकार्पण

शिवाजी नगर स्थित पांच नंबर स्टॉप तालाब में छठ पूजा का आयोजन किया जाएगा। पार्षद गुड्डू चौहान ने बताया कि 27 अक्टूबर को यहां छठ मैया मंदिर का लोकार्पण किया जाएगा।

यहां होंगे आयोजन

- प्रेमपुरा घाट
- कलियासोत
- हथाईखेड़ा
- एकतापुरी पार्क
- करोंद
- संजीवद नगर
- बर्रई गौरीशंकर परिसर
- अन्ना नगर शाखा ग्राउंड
- सुभाष नगर दुर्गा मंदिर
- एकतापुरी पार्क
- राजेंद्र नगर
- शाहपुरा
- अयोध्या नगर सरयू

छठ महापर्वः आज रवाना होगी रानी कमलापति दानापुर एक ट्रिप स्पेशल ट्रेन

रेलवे की ओर से छठ महापर्व पर अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने एवं यात्रियों की सुविधा के लिए रानी कमलापति-दानापुर-रानी कमलापति के मध्य 01 ट्रिप पूजा स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह गाड़ी रानी कमलापति से प्रस्थान कर मंडल के नर्मदापुरम एवं इटारसी स्टेशनों से होकर गन्तव्य को जाएगी। गाड़ी संख्या 01663 रानी कमलापति से दानापुर स्पेशल ट्रेन शुक्रवार, 24 अक्टूबर को रानी कमलापति स्टेशन से दोपहर 14:25 बजे प्रस्थान कर, नर्मदापुरम 15:25 बजे , इटारसी 15:55 बजे, पीपरिया 17:10 बजे, गाडरवारा 17:45 बजे, नरसिंहपुर 18:25 बजे, जबलपुर रात 19:25 बजे, सिहोरा रोड 20:10 बजे, कटनी 21:20 बजे, मैहर 22:10 बजे, सतना 22:45 बजे पहुंचकर और अगले दिन शनिवार को सुबह 08:45 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01664 दानापुर से रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन शनिवार, 25 अक्टूबर को दानापुर स्टेशन से सुबह 11:00 बजे प्रस्थान कर प्रयागराज छिवकी रात 20:30 बजे, पहुंचकर अगले दिन सतना मध्य रात्रि 00:55 बजे, मैहर 01:28 बजे, कटनी 02:30 बजे, सिहोरा रोड 03:13 बजे, जबलपुर 03:50 बजे, नरसिंहपुर 05:00 बजे, गाडरवारा 05:30 बजे, पिपरिया 06:00 बजे, इटारसी 0710 बजे, नर्मदापुरम 07:48 बजे पहुंचकर रविवार को सुबह में 08:55 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी।

स्पेशल ट्रेन कल होगी रवाना

सुविधा के लिए रानी कमलापति-हजरत निजामुद्दीन-रानी कमलापति के मध्य 01-01 ट्रिप छठ पूजा स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। 01661 रानी कमलापति से हजरत निजामुद्दीन स्पेशल ट्रेन शनिवार, 25 अक्टूबर को रानी कमलापति स्टेशन से सुबह 07.30 बजे प्रस्थान कर विदिशा 08.28 बजे, बीना 09.50 बजे, वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई झांसी 12.45 बजे, ग्वालियर 14.20 बजे, आगरा कैंट 16.45 बजे, मथुरा 18.00 बजे आगमन कर 20.15 बजे हजरत निजामुद्दीन स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 01662 उसी दिन शनिवार, 25 अक्टूबर को हजरत निजामुद्दीन से 21.30 बजे प्रस्थान कर मथुरा 23.55 बजे, आगरा कैंट 00.50 बजे, ग्वालियर 02.55 बजे, वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई झांसी 05.35 बजे, बीना 08.10 बजे, विदिशा 09.15 बजे आगमन कर सुबह 10.50 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी।

तैरकर पहुंचा राजा भोज की प्रतिमा के पास, बैठकर किया हंगामा

शादी के बीस साल बाद पत्नी ने कहा, कर लो आत्महत्या तो तालाब में कूद गया पति



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

तलैया थाना क्षेत्र स्थित बड़े तालाब में राजाभोज की प्रतिमा के पास गुरुवार शाम एक युवक ने तालाब में छलांग लगा दी। वह तैरकर राजा भोज की प्रतिमा पर चढ़ गया और वहां बैठकर हंगामा करना लगा। गोताखोरों और पुलिस ने उसे समझाइश दी, लेकिन वह नहीं माना उसने प्रतिमा से तालाब में छलांग लगा दी। वह शीतला माता मंदिर की तरफ जाने लगा। गोताखोरों ने नाव से उसका पीछा किया और तालाब से निकालकर नाव में बिठा लिया। माता मंदिर की तरफ तैरकर जा रहा था। नशे में होने के कारण उसकी जान को खतरा न हो इसलिए गोताखोरों ने उसे पकड़कर नाव में बिठा लिया और बाहर निकालकर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने युवक की पत्नी और बच्चों को बुलाया। परिवार की काउंसलिंग कराने के बाद युवक को उनके हवाले कर दिया। पुलिस के अनुसार हंड्रेड 112 पर पाइंट मिला था कि कोई युवक राजा भोज की प्रतिमा पर बैठकर हंगामा कर रहा है। पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से उसे उतारने का प्रयास किया। वह नशे में था और गोताखोरों को देखकर उसने प्रतिमा से तालाब में छलांग लगा दी। वह तैरकर शीतला माता मंदिर की तरफ जाने लगा। गोताखोरों ने नाव से उसका पीछा किया और तालाब से निकालकर नाव में बिठा लिया।

पत्नी से हुई थी कहासुनी

युवक की उम्र करीब 45 साल है और उसका ई रिक्शा बेटा चलाता है। वह नशे का आदी है। नशे में उसका पत्नी से विवाद हुआ था। विवाद बढ़ने पर वह आत्महत्या की धमकी देने लगा। बार बार धमकी देने से गुस्साई पत्नी ने उसे कह दिया कि जाओ आत्महत्या कर लो। वह घर से निकलकर तालाब पहुंचा। इसके बाद तालाब में छलांग लगा दी। उसे तैरना आता था।

बाइक सवार बदमाशों ने झपटा युवक का आईफोन

भोपाल। गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित केंद्रीय जेल परिसर के सामने मेन रोड पर बुधवार रात बाइक सवार दो बदमाशों ने बाइक से जा रहे स्टॉक ट्रेडर का आई फोन झपट लिया। उन्होंने बदमाशों का पीछा करने का प्रयास किया, लेकिन बदमाश तेज से गाड़ी चलाते हुए भाग निकले। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि जेल कॉलोनी गांधी नगर निवासी हर्ष राय पिता अशोक राय (28) शेयर ट्रेडिंग का काम करते हैं। बुधवार 22 अक्टूबर की रात करीब पौने दस बजे वह अपने दोपहिया वाहन से घर की ओर जा रहे थे। उसी दौरान केन्द्रीय जेल परिसर के सामने रोड पर किसी का काम आने पर वह मोबाइल पर बात करने लगे। इस बीच पीछे से आए बाइक सवार दो बदमाशों में से पीछे बैठे बदमाश ने हर्ष राय का मोबाइल झपट लिया और गांधी नगर की ओर फरार हो गए। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल और उस रोड पर लगे सीसीटीवी कैमरे तलाश कर उनके फुटेज चैक किए जा रहे हैं।

फर्जी दस्तावेज से कृषि भूमि बेच दी, महिला पटवारी की जमानत निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

धोखाधड़ी कर फर्जी दस्तावेज तैयार कर कृषि भूमि को बेचने के आरोप में महिला पटवारी सुप्रिया जैन पत्नी प्रसून जैन आयु 35 वर्ष निवासी लालघाटी भोपाल के अग्रिम जमानत के आवेदन को अपर सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह ने अपराध की गंभीर प्रकृति को देखते हुए सुनवाई के बाद निरस्त कर दिया। आरोपिया के अधिवक्ता ने उसे निर्दोष और पुलिस द्वारा झूठा फंसाना बताते हुए कहा कि आरोपिया के छोटे-छोटे 2 बच्चे हैं। आरोपिया के विरूद्ध कोई साक्ष्य नहीं हैं। आरोपिया सरकारी नौकरी में होकर पटवारी है। जेल में रहने से उसके बच्चों पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। अतिरिक्त जिला लोक अभियोजक ने अपराध की गंभीर प्रकृति को देखते हुए आरोपिया के जमानत आवेदन को निरस्त किये जाने की प्रार्थना की थी। अभियोजन के अनुसार थाना शाहजहांनाबाद ने फरियादी आशा जैन की शिकायत पर फरियादिया की झिरन्या गांव में स्थित कृषि भूमि को धोखाधड़ी कर फर्जी दस्तावेज तैयार कर दीपिका यादव नामक महिला को बेचने पर आरोपी कमलेश यादव, गोविंद कुमार वेन, पप्पी बाई उर्फ आशा जैन और दीपिका यादव के विरूद्ध बीएनएस की धारा-318(4),319(2),336(3), 340(2) एवं धारा-61(2) के अंतर्गत आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया है। आरोपिया पटवारी का नाम प्रथम सूचना रिपोर्ट में नहीं है। अन्य आरोपियों ने पुलिस पूछताछ के दौरान महिला पटवारी सुप्रिया जैन पत्नी का नाम लिया था। इसी आधार पर पुलिस ने महिला पटवारी सुप्रिया जैन को भी प्रकरण में आरोपिया बनाकर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपिया ने जिला न्यायालय में अग्रिम जमानत आवेदन प्रस्तुत किया था।



हत्यारे की महिला मित्र की जमानत खारिज

पार्क में बैठे युवक को धारदार हथियार से हमला कर हत्या करने के मामले के आरोपी हत्यारे युवक की महिला मित्र महक रजक के जमानत आवेदन को अपर सत्र न्यायाधीश प्रहलाद सिंह कैमेलिया ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए निरस्त कर दिया। आरोपिया के अधिवक्ता ने उसे निर्दोष और फरियादी पक्ष द्वारा प्रकरण में झूठा फंसाया जाना बताते हुए उसकी मां की तबीयत खराब होना बताते हुए जमानत का लाभ दिए जाने का अनुरोध किया गया था। शासकीय अधिवक्ता ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए जमानत का आवेदन निरस्त करने का अनुरोध किया था। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के पश्चात अपराध की गंभीरता को देखते हुए जमानत आवेदन को निरस्त कर दिया । अभियोजन के अनुसार थाना गोविंदपुरा अंतर्गत 10 जुलाई 2025 को भेल नेहरू मार्केट अंबेडकर पार्क में फरियादी अजय कुमार भारद्वाज अपने मित्र श्याम मौरे के बैठकर शराब पी रहे थे। पार्क में एक अन्य बैंच पर मुख्य आरोपी फैजान अपनी महिला मित्र महक रजक के साथ बैठा था। कमेंट करने को लेकर उनके बीच में हुए विवाद के दौरान आरोपी फैजान ने धारदार हथियार से श्याम मौरे पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। श्याम मौरे की अस्पताल में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी। फरियादी अजय कुमार भारद्वाज की शिकायत पर गोविंदपुरा थाना ने आरोपी युवक फैजान और उसकी महिला मित्र महक रजक के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा-296,103,118(1) और 351(2) के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर कर जेल भेज दिया ।

शादी में स्टॉल लगाने के नाम पर दर्जनभर लोगों से लाखों की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कोहेफिजा पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर जालसाज के खिलाफ धोखाधड़ी और अमानत में खयानत का मामला दर्ज किया है। जालसाज ने फॉर सीजन गार्डन में स्टाल लगाने के नाम से उनसे रकम ले ली थी। हालांकि कितनी रकम ली गई। इस बात को लेकर पुलिस भी गफलत में है। पुलिस का कहना है कि महिला के अलावा भी करीब दर्जनभर लोगों के साथ इसी तरह की ठगी हुई है। अनुमान है कि ठगी की रकम लाखों में पहुंच गई है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर जालसाज पर प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद ही पता चल सकेगा कि उसने कितनों लोगों को जाल में फंसाकर धोखाधड़ी की है। पुलिस के अनुसार सुचित्रा विजयवर्गीय पति धीरज कुमार प्रजापति (48) गंगा ब्लॉक, कोहेफिजा में रहती हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि वह शादी में स्टाल लगाने का काम करती है। उनकी पहचान अयान शेख नामक युवक से हुई थी। शादी के सीजन में काम अधिक होने के कारण उन्होंने अपना एक काम फॉर सीजन शादी हॉल में स्टाल लगाने का शेख अयान को दे दिया। स्टाल के बदले अयान शेख ने उनसे चालीस हजार रुपए ले लिए, लेकिन स्टाल नहीं लगाया।

करीब 3 साल से धूल खा रहा है खानूगांव के पास क्रूज का 36.6 मीटर लंबा और 12 मीटर चौड़ा बेस

- केरल की शिप कंपनी ने शुरू किया था काम, एनजीटी की आपत्ति के बाद रुक गया था कार्य, निगम के अफसरों को ही जानकारी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर के बड़े तालाब में क्रूज के संचालन को लेकर तैयारियां तो जोर-शोर से शुरू हुई थीं, लेकिन योजना मूर्तरूप ही नहीं ले सकी। खानूगांव के पास क्रूज का 36.6 मीटर लंबा और 12 मीटर चौड़ा लोहे का बेस धूल खा रहा है। इसकी जानकारी खुद निगम में जोन के अफसरों को नहीं है। स्थानीय रहवासियों ने बताया कि तीन साल पहले जब इसका निर्माण शुरू हुआ था उसके कुछ समय बाद एनजीटी ने इस काम पर रोक लगा दी थी तब से ही बेस तालाब किनारे रखा हुआ है। नगर निगम, स्मार्ट सिटी, मप्र पर्यटन विकास निगम के सहयोग से उक्त योजना को अंतिम रूप दिया था था। बडे तालाब में तैरते हुए रेस्टोरेंट निर्माण 10 करोड़ रुपए की ज्यादा की लागत से होना था। यह प्रोजेक्ट पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल पर तैयार किया गया था। इंडियन रजिस्टर ऑफ शिपिंग से पंजीकृत यह फ्लोटिंग रेस्टोरेंट बड़े तालाब में सैलानियों को क्रूज से सैर कराता। इस संबंध में जानकारी के लिए नगर निगम के झील संरक्षण प्रकोष्ठ के इंजीनियरों को कई बार मोबाइल पर काल किया, लेकिन संपर्क नहीं हुआ।

200 लोगों के बैठने की क्षमता होना थी

10 करोड़ रुपए से ज्यादा की लागत से बनने वाले इस क्रूज पर 200 लोगों के बैठने की क्षमता होना थी। करीब 36.6 मीटर लंबा, 12 मीटर चौड़ा और 10 मीटर ऊंचाई होना थी। निर्माण कार्य केरल की शिप बिल्डिंग कंपनी द्वारा शुरू किया गया था, लेकिन स्टे लगने की जानकारी मिलने के बाद कर्मचारी यहां से चले गए।



छठ पूजा पर बिहार, यूपी, दिल्ली, मुंबई व पुणे के यात्रियों को हो रही खासी परेशानी

दीपावली पर घर तो आए, अब लौटने के लिए करनी पड़ रही जद्दोजहद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ट्रेनों में अब दीपावली मनाकर लौटने वालों की भीड़,तो वहीं छठ पर्व के चलते घर आने व जाने के चलते भी ट्रेनों में यात्री भार बढ़ गया है। इसके चलते ट्रेनों के स्लीपर क्लास में कन्फर्म टिकट नहीं है मिल पा रही है। जनरल कोचो में हालात काफी खराब है। यहां पर भी यात्रियों को जगह नहीं मिल रही है। ऐसे कुछ हालत गुरुवार को भोपाल स्टेशन से गुजरने वाली ट्रेनों में देखने को मिला। दरअसल दीपवाली पर घर गए लोग गुरुवार को भाईदूज पूजन के बाद अब लौटना शुरू कर दिया था। तो वहीं बड़ी संख्या में लोग छठ पर्व के लिए भी घर जा रहे है। इसके चलते ट्रेनों में दबाव दो गुना हो गया है। स्टेशनों पर यात्रियों की भारी भीड़ देखने को मिली। आने वाले कुछ दिनों तक ट्रेनों में यही स्थिति देखने को मिल रही है। तो वहीं भोपाल एक्सप्रेस में तो टिकट तक नहीं मिल रही है। सेंकड एसी को लेकर रिजर्वेशन प्रक्रिया बंद हो गई।

स्पेशल ट्रेनों में किराया, ज्यादा टाइमिंग भी रास नहीं आ रही



रेलवे की ओर से इस साल दीपावली और छठ त्योहार पर देशभर में करीब हजारों की स्पेशल ट्रेनें चलाई। इनमें 100 से अधिक स्पेशल ट्रेनें पमरे जोन के विभिन्न स्टेशनों पर हाल्ट लेकर चल रही है। लेकिन इन ट्रेनों जहां 20 से 30 फीसदी तक अधिक किराया देना पड़ रहा है। तो वहीं इन ट्रेनों की टाइमिंग यात्रियों को रास नहीं आ रही है। यात्री दीप जाट ने बताया कि इस साल रेलवे की ओर से ट्रेनों में अतिरिक्त कोच नहीं लगाए। इस वजह से यात्रियों को अधिक परेशानी हो रही है। रेलवे की ओर से जो स्पेशल ट्रेन चलाई है,उनकी टाइमिंग सही नहीं होने के साथ-साथ बीच रास्तें में कई जगहों पर 20 से 30 मिनट के लिए खड़ी की जा रही है। इस वजह से खासी परेशानी झेलनी पड़ी।

29 अक्टूबर तक यह रहेगी ट्रेनों की स्थिति

- 22538 कुशीनगर एक्सप्रेस - रिग्रेट
- 15066 पनवेल गोरखपुर एक्सप्रेस - 40 वेटिंग
- 12155 भोपाल एक्सप्रेस - सेकंड एसी रिग्रेट
- 12715 सचखंड एक्सप्रेस - रिग्रेट
- 12919 मालवा एक्सप्रेस - रिग्रेट
- 12625 केरला सुपरफास्ट एक्सप्रेस - 50 वेटिंग
- 18238 छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस - 85 वेटिंग
- 12854 अमरकंटक एक्सप्रेस - 50 वेटिंग
- 12138 पंजाब मेल - 45 वेटिंग
- 11072 कामायनी एक्सप्रेस - 60 वेटिंग

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930